वर्ष 72 ▸ अंक 208 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 26 अप्रैल, 2025
▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 13/14, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

बंदूक या तोप-तलवार से नहीं केवल भाईचारे से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है।
- अटल बिहारी वाजपेयी

**कश्मीर में कत्लेआम** करीब 150 संदिग्ध हिरासत में, 2000 से ज्यादा लोगों से हो चुकी है पूछताछ

# संदिग्ध आतंकी आदिल के घर को पुलिस ने बम से उड़ाया, आसिफ का घर बुलडोजर से गिराया

**श्रीनगर, नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। एनआईए ने जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर हमले की जांच भी शुरू कर दी है। हमले में संदिग्ध के तौर पर आसिफ शेख और आदिल गुरी का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने आदिल के घर को ब्लास्ट करके उड़ा दिया। वहीं, इस हमले में शामिल दूसरे संदिग्ध आसिफ शेख के त्राल स्थित घर को प्रशासन ने बुलडोजर से गिरा दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आदिल ने 2018 में अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए वैध तरीके से पाकिस्तान की यात्रा की थी। अपने पाकिस्तान प्रवास के दौरान उसने आतंकी कैम्प में ट्रेनिंग भी ली थी। वह पिछले साल कश्मीर लौटा था। पहलगाम हमले के कुछ चश्मदीदों ने बताया कि कुछ आतंकी आपस में पश्तून भाषा में बातचीत कर रहे थे। इस तरह का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आसिफ और आदिल दिख रहे हैं और वे ऐसे लोगों से बात कर रहे हैं, जिन्होंने बाद में गोलियां चलाईं। पुलिस का दावा है कि ये दोनों आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। हालांकि द रेजिस्टेंस फ्रंट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, लेकिन फ्रंट लश्कर-ए-तैयबा की ही विंग है। इसमें ज्यादातर कश्मीर के लड़के शामिल हैं। गौरतलब है कि आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पहलगाम का दौरा किया और सेना के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद वे श्रीनगर और ऊधमपुर भी गए। इस बीच एनआईए स्थानीय पुलिस की मदद से अब तक लगभग दो हजार लोगों से पूछताछ कर चुकी है और डेढ़ सौ से अधिक लोग पुलिस की हिरासत में हैं।



## सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला 3 फेज में होगा

पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## अमित शाह ने की मुख्यमंत्रियों से बात पाकिस्तानियों को 48 घंटे में वापस भेजो

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने आपात बैठक कर पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा कैंसिल करने और उन्हें 48 घंटे में देश छोड़ने का फैसला किया था। अब गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके उनसे कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि देश छोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी भारत में न रहे। शाह ने देश के सभी राज्यों से मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात की। बता दें कि पाकिस्तानियों को देश से जाने के लिए बुधवार को 48 घंटे का समय दिया गया था। यह समय सीमा शनिवार सुबह समाप्त हो गई है। उधर, खुफिया एजेंसियां पहले से कहती रही हैं कि भारत में कम से कम तीन लाख



पाकिस्तानी रहते हैं। शहरों के मुस्लिम बाहुल्य इलाके इनके सुरक्षित ठिकाने होते हैं। दरअसल, बहुत सारे भारतीय मुस्लिमों की पाकिस्तान में रिश्तेदारियां हैं। इस बहाने पाकिस्तानी यहां आ जाते हैं। अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे शनिवार से पाकिस्तानियों को निकालने का अभियान प्रारंभ करें। शाह ने कहा इस काम में सभी राज्य साहयोग करें।

## सरकार जो भी एक्शन लेगी हम साथ देंगे


शुक्रवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर पहुंचे। उन्होंने हमले में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत



महत्वपूर्ण है कि हम सभी एक साथ खड़े हों, एकजुट रहें और इस घिनौनी कार्रवाई का मुकाबला करें। आतंकवाद को हमेशा के लिए हरा दें। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री और एलजी से भी मुलाकात की और उन्होंने मुझे जो कुछ हुआ, उसके बारे में जानकारी दी।

## पाक के रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका के कहने पर आतंकियों का समर्थन बड़ी गलती

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक हैरान करने वाला इकबालिया बयान दिया है। ब्रिटेन के एक समाचार चैनल के साथ बातचीत के दौरान ख्वाजा आसिफ ने माना है कि पाकिस्तान का आतंकवाद को सपोर्ट करने और टेरर फंडिंग करने का लंबा इतिहास रहा है। हम लोग 30 साल से इस गंदे काम को अमेरिका के लिए करते आ रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया कि लश्कर-ए-तैयबा का अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। जब ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि लश्कर से निकले एक दहशतगर्द संगठन ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है, तो उन्होंने कहा कि जब मूल संगठन ही नहीं रहा तो ऑफशूट संगठन कहां से आता है।



### ऑफ बीट

## मंगल पर दिखा मानव खोपड़ी जैसा पत्थर



*वॉशिंगटन, जेएनएन। नासा मंगल पर लगातार खोजी अभियान चला रहा है। उसका मकसद लाल ग्रह पर जीवन की संभावना तलाशना है। नासा का पर्सेवरेंस रोवर काफी समय से मंगल पर भ्रमण कर रहा है जिसने कई अजीबोगरीब चीजें इस रहस्यमयी ग्रह पर देखी हैं। अब पर्सेवरेंस रोवर ने एक और ऐसी ही चीज को कैमरे में कैद किया है जिसे वैज्ञानिक भी समझ नहीं पा रहे हैं। नासा ने जो चित्र भेजा है, उसमें एक पत्थर दिख रहा है, जिसका आकार मनुष्य की खोपड़ी जैसा है। यह पत्थर मंगल के जेजीरो क्रेटर पर देखा गया है, जो नासा के लिए रहस्य बना हुआ है। इस पत्थर की उत्पत्ति के बारे में अभी कुछ भी निश्चित नहीं है।*

### IPL 2025 आईपीएल में आज

कोलकाता बनाम पंजाब
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

### संक्षिप्त खबरें

## पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी मुर्मू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के फ्यूनरल में शामिल होने के लिए वेटिकन पहुंच गई हैं। उनके साथ अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डिसूजा भी गए हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया है। शुक्रवार को पोप के अंतिम दर्शन का आखिरी दिन था। शाम को उनके ताबूत को बंद कर दिया गया। पोप का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। इसके लिए दुनियाभर के नेता और आम लोग वेटिकन पहुंच गए हैं।



## सीमा पार पहुंचा जवान अब भी पाक के कब्जे में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से पकड़े बीएसएफ जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने नहीं छोड़ा। इसको लेकर बीएसएफ और पाकिस्तानी रेंजर्स की मीटिंग भी बेनतीजा रही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव है। पाकिस्तानी रेंजर्स के रवैये को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। उधर, मीडिया से बातचीत करते हुए बीएसएफ जवान पीके साहू के भाई श्यामसुंदर साहू ने केंद्र सरकार और बीएसएफ अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। हम चाहते हैं कि सरकार उनकी सुरक्षित और तत्काल वापसी सुनिश्चित करे। पूरा परिवार बेहद चिंतित है। मैंने उनसे आखिरी बार मंगलवार रात को बात की थी। मैं बस यही चाहती हूं कि वे जल्द ही घर लौट आएं। बता दें कि बुधवार को साहू गलती से फिरोजपुर में भारत-पाक बॉर्डर की जीरो लाइन क्रॉस कर गए थे। जिसके बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया।



## आसमान से गिरा गोला, पिछोर में दहशत, एक मकान क्षतिग्रस्त

### जमीन में हुआ 8 फीट गहरा गड्ढा, नहीं हुई कोई जनहानि



**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पिछोर में शुक्रवार सुबह 11 बजे आसमान से एक बड़ा गोला तेज आवाज के साथ जमीन पर गिरा, जिससे ठाकुर बाबा कॉलोनी में स्थित शिक्षक मनोज सगर, शिवम सगर के मकान के दो कमरे क्षतिग्रस्त हो गए। गोला इतना भारी था कि उसके गिरने से जमीन में आठ फीट गहरा गड्ढा हो गया और मोटर साइकिल तथा दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। यह गोला कहां से गिरा इसके बारे में कोई अनुमान नहीं लगाया गया। कुछ लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले पिछोर से कोई फाइटर प्लेन गुजरा था। शायद उससे ही गोला जमीन पर गिरा है, जबकि कुछ लोग उलका पिंड के गिरने की बात कह रहे हैं और कुछ लोगों का मानना है कि फील्ड फायरिंग एरिया से यह गोला आया है।

एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि गोले के गिरने से एक मकान क्षति ग्रस्त हुआ है। उसके दो कमरे पूरी तरह धराशाही हो गए तथा जमीन में बड़ा गड्ढा हो गया, लेकिन अच्छी बात यह है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जब गोला मनोज सगर के मकान पर गिरा उस समय परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे। लेकिन गोला गिरने से मकान के बाहर खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि घटना के कुछ मिनिट पहले यहां से एक फाइटर प्लेन गुजरा था और ऐसी आशंका है कि उक्त फाइटर प्लेन से ही गोला जमीन पर गिरा हालांकि प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रशासन कन्ट्रोल रूम के माध्यम से ग्वालियर में ऐयर फोर्स मुख्यालय से संपर्क स्थापित कर रहा है। लेकिन इस घटना से कस्बे में दहशत और भय का वातावरण अवश्य व्याप्त हो गया है।

**केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा**

## वक्फ कानून धार्मिक अधिकार में दखल नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। उसने कहा, वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है। इसीलिए वक्फ कानून मुसलमानों के धार्मिक अधिकार में दखल नहीं है। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग भी की। उसने तर्क दिया, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकतीं, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। केंद्र ने यह भी कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि वक्फ कानून में संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को छीन लिया जाएगा, जबकि कानून में ऐसा कुछ नहीं है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

**सावरकर मानहानि केसः** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के समन पर लगाई रोक

## कोर्ट ने कहा, राहुल को इतिहास-भूगोल का ज्ञान नहीं वरना ऐसी टिप्पणी न करते

### स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ अनर्गल न बोलें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं। राहुल गांधी को इतिहास-भूगोल का ज्ञान नहीं है, वरना ऐसी टिप्पणी नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने राहुल की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस दत्ता ने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर कहा था।

जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या महात्मा गांधी को अंग्रेजों का नौकर कहा जा सकता है? क्या आपको पता है कि आपकी दादी इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं, तो उन्होंने भी सावरकर की तारीफ करते हुए एक चिट्ठी भेजी थी। जब आपको भारत के इतिहास या भूगोल के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आप हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते।

### यह है मामला

महाराष्ट्र के अकोला जिले में 17 नवंबर, 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने एक रैली में सावरकर को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। मीडिया के सामने एक चिट्ठी दिखाते हुए कहा था कि यह चिट्ठी सावरकर ने अंग्रेजों को लिखी थी। इसमें उन्होंने खुद को अंग्रेजों का नौकर बने रहने की बात कही थी। गांधी-नेहरू, पटेल ने ऐसा नहीं किया, इसलिए वे सालों तक जेल में रहे। 14 जून, 2023 को लखनऊ के वकील ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था।

### जो राहुल ने कहा, उसे अदालत में साबित करेंगेः सिंघवी

राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी ने जो भी कहा है, वह इतिहास में दर्ज है, सभी बातों के प्रमाण मौजूद हैं। अदालत मौका देगी तो हम साबित करेंगे कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी।

**स्मृति शेष** | नहीं रहे इसरो के पूर्व चीफ कस्तूरीरंगन, 84 की उम्र में ली अंतिम सांस

## भारत को अंतरिक्ष व शिक्षा के क्षेत्र में किया विश्व में स्थापित

**बेंगलुरु, जेएनएन।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के पूर्व चीफ डॉ. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 84 साल के थे। 27 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद से वे बीमार चल रहे थे।

कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक इसरो चीफ थे। उन्हीं के नेतृत्व में इसरो ने चंद्रयान जैसे बड़े मिशनों की योजना बनानी शुरू की थी। वे न्यू एजुकेशन पॉलिसी की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष भी थे।

यूपीए सरकार में योजना आयोग के सदस्य रहे कस्तूरीरंगन ने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चांसलर और कर्नाटक नॉलेज कमीशन के अध्यक्ष के रूप में काम किया था। वे 2003 से 2009 तक राज्यसभा के सदस्य थे।

### कस्तूरीरंगन के प्रयासों ने भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाया

डॉ. कस्तूरीरंगन के एक नहीं, अनेक परिचय हैं। उन्होंने भारत को अंतरिक्ष और शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर स्थापित किया। पीएम मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन ने एक तरफ इसरो में बहुत कर्मठता के साथ काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया तो दूसरी तरफ उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने और शिक्षा को अधिक समग्र और भविष्योन्मुखी बनाया।

डॉ. कस्तूरीरंगन ने 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष के रूप में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि विश्व के छह शीर्ष अंतरिक्ष



जन्म 24-10-1940
निधन 25-04-2025
कल होगा अंतिम संस्कार

शक्ति वाले देशों में अपनी जगह बनाई। उनके कार्यकाल में ही पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) को पूरी तरह ऑपरेशनल बनाया गया। यह भारत का सबसे भरोसेमंद प्रक्षेपण यान बना, जिसने 53 में से 51 मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए। इससे भारत स्वतंत्र रूप से उपग्रहों को ध्रुवीय कक्षा में प्रक्षेपित करने में सक्षम हुआ।

दूसरी तरफ, जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) का पहला सफल परीक्षण भी उनके नेतृत्व में हुआ। जीएसएलवी ने भारी उपग्रहों को भू-स्थिर कक्षा (जियोस्टेशनरी ऑर्बिट) में स्थापित करने की भारत की क्षमता को बढ़ा दिया।

उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, और पद्म विभूषण जैसे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों के साथ-साथ थियोडोर वॉन करमन अवार्ड (2007) और फ्रांस का ऑफिसर ऑफ द लीजन डी ऑनर जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। विक्रम साराभाई जैसे गुरुओं से प्रेरित होकर उन्होंने इसरो में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दिया और भविष्य के नेताओं को प्रेरित किया।

### सैटलाइट टेक्नॉलोजी में अव्वल बना देश

डॉ. कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में आईआरएस-1सी और आईआरएस-1डी उपग्रह लॉन्च किए गए, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रिमोट सेंसिंग सैटलाइट हैं। इनका उपयोग कृषि, आपदा प्रबंधन और शहरी नियोजन में हुआ। इन्सैट उपग्रहों की दूसरी पीढ़ी को साकार करने और तीसरी पीढ़ी की शुरुआत करने में उनकी भूमिका थी, जिसने टेलीफोनी, प्रसारण और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा दिया। आईआरएस-पी3 और आईआरएस-पी4 जैसे समुद्री अवलोकन उपग्रहों ने पर्यावरण निगरानी और संसाधन प्रबंधन में भारत की क्षमता को विस्तार दिया। वे भास्कर-1 और 2 जैसे प्रायोगिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों और आईआरएस-1ए, भारत के पहले ऑपरेशनल रिमोट सेंसिंग सैटलाइट के परियोजना निदेशक रहे।

## नरवाई में लगी आग की चपेट में आया किसान जिंदा जला

### बीना के हींगटी में हुई दर्दनाक घटना

**जागरण, बीना।** किसानों को नरवाई नहीं जलाने को लेकर शासन द्वारा लगातार समझाइश देने के अलावा जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके बाद भी मामले थम नहीं रहे हैं। गुरुवार रात बीना के ग्राम हींगटी में नरवाई जलाने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक किसान नरवाई की आग की चपेट में आकर जिंदा जल गया। पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र अहिरवार अपनी पत्नी छोटीबाई और बेटे राजकुमार अहिरवार के साथ खेत पर ही झोपड़ी बनाकर रहता था। रात को राजेन्द्र ने बेटे को सामान लाने बाजार भेज दिया और वह अपनी पत्नी के साथ झोपड़ी में था। किसान ने हाल ही में खेत में खड़ी गेहूं की फसल का हार्वेस्टर करवाया था जिसकी नरवाई खेत में खड़ी थी। रात को उसने अपने खेत में खड़ी नरवाई में



आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खेत में रखी लकड़ियों को किसान ने हटाने की कोशिश की, लेकिन लकड़ियों ने आग पकड़ ली। इससे किसान आग की चपेट में आ गया और जिंदा जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटा राजकुमार जब बाजार से वापस लौटा तो पिता का शव लकड़ियों के ढेर में पड़ा था और मां झोपड़ी में थी। मृतक किसान की पत्नी छोटीबाई का कहना है कि उसके पति ने ही नरवाई में आग लगाई थी।

# प्रकरण की पैरवी में नहीं हो किसी तरह की लापरवाही



**जागरण, सतना।** लोक अभियोजक रमेश मिश्रा ने बताया प्रायः मामलो मे शासन को सूचना पत्र तामीली होने के पश्चात अति विलम्ब से प्रकरण प्रभारी नियुक्ति होने से न्यायालय और प्रकरणों में उपस्थिति सुनिश्चित करने में विलंब कारित होता है तब तक या तो सरकार के विरुद्ध आदेश पारित हो जाते हैं अथवा एक पक्षीय कार्यवाही की जाती है जिससे अनावश्यक मामले लंबित होते हैं इसी तरह नियत तिथि पर जवाब प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण प्रभारी की अनुपलब्धता एक गंभीर विषय है जिसकी ओर भी ध्यान आकर्षित कराया गया न्यायालय की सूचनाओं को गंभीरता से लेने तथा समयबद्ध रीति से आदेशों का पालन सुनिश्चित किए जाने ध्यान आकर्षित कराया गया। लोक अभियोजक ने आग्रह किया है कि प्रकरण प्रभारी अपने.अपने केशों की स्वयं चिंता करें तथा उनकी अध्यतन स्थिति से स्वयं को अवगत रखते हुए शासकीय अभिभाषाकों को आवश्यक सहयोग अभिलेख दस्तावेज इत्यादि उपलब्ध करावे ।कलेक्टर द्वारा लोक अभियोजक के सुझाव को गंभीरता से लेते हुए सक्षम अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं की प्रकरणों की पैरवी में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए ।कलेक्टर ने आपराधिक प्रकरणों में सरकार की ओर से चिन्हित प्रकरण सुनिश्चित करने की तर्ज पर जिले के महत्वपूर्ण व्यवहार प्रकरणों को भी चिन्हित कर उनकी समुचित पैरवी किए जाने लोक अभियोजक से ऐसे प्रकरणों को सूचीबद्ध किए जाने का आग्रह किया है।

## संत सेन महाराज की जयंती पर नवयुगल ने लिए सात फेरे

**सतना।** सेन समाज के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया मा परमानंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन जिला सतना के तत्वाधान में संत शिरोमणि सेन महाराज का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर एक नवयुग ने संत सेन महाराज को साक्षी मानते हुए सात फेरे लेकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। दाम्पत्य जीवन की शुरुआत करने जा रहे शिवम सेन व वर्षा सेन को संगठन के जिला अध्यक्ष रामखेलावन सेन डॉक्टर संतोष शर्मा नगर अध्यक्ष मानव अधिकार संगठन एवं देवेंद्र वर्मा नगर उपाध्यक्ष मानव अधिकार संगठन ने उपहार देकर दांपत्य जीवन में प्रवेश करने की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलराम सेन एवं समाज के वयोवृद्ध समाजसेवी फौज से सेवा निवृत्त लालाराम सेन मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफलता की मंजिल तक पहुंचाने में पूर्व सैनिक कमलेश कुमार सेन संतोष सेन रिंकू कुंज बिहारी सेनए नरेश सेन राकेश सेन एडवोकेट राजललन सेन शिवकुमार सेन छोटू रामाधार सेन नितिन सेन मनोज सेन धर्मदास सेनए मेवा लाल सेनए ओमी सेन के अलावा समाज के अनेकों गणमान्य जन एवं वर वधू पक्ष के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# एकेएस के विधि संकाय के स्टूडेंट्स ने की सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन की यात्रा



**जागरण, सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के विधि संकाय ने शैक्षणिक यात्रा के तहत भारत के सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रपति भवन का दौरा किया। सुप्रीम कोर्ट के दौरे के दौरान छात्रों को भारत की सर्वोच्च न्यायिक संस्था की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही वकीलों की दलीलों और न्यायाधीशों की भूमिका को प्रत्यक्ष रूप से देखा। डॉ सुधीर कुमार जैन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को कानूनी प्रक्रियाओं और न्याय व्यवस्था की बारीकियों से अवगत कराना था। सहायक प्राध्यापक विनय कुमार पाठक ने कहाए ष्यह अनुभव छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा जिससे उन्हें भविष्य में सिविल जज अभियोजन अधिकारी या कानूनी सलाहकार बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा।ष्राष्ट्रपति भवनरू भारत की शासन व्यवस्था का प्रतीकयात्रा के दूसरे चरण मेंए विधि संकाय का दल राष्ट्रपति भवन पहुंचाए जहां छात्रों ने भारत की शासन व्यवस्था और इसके ऐतिहासिक महत्व को समझा। डॉ संभरकर ने बताया कि राष्ट्रपति भवन का दौरा छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव थाए जिसने उन्हें देश के संवैधानिक मूल्यों और नेतृत्व की महत्ता से जोड़ा। शशिकांत दुबे और प्रशांत कुमार ने छात्रों को राष्ट्रपति भवन की वास्तुकला और इसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी। धीरेंद्र पटेल ने कहा ष्यह यात्रा न केवल शैक्षणिक थीए बल्कि छात्रों में देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करती है।

# कृषि विभाग की टीम ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण एवं नरवई प्रबंधन के लिए भ्रमण

**जागरण, सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड निर्देशन में शुक्रवार को उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा उपार्जन केन्द्र एवं ग्रीष्मकालीन फसलों के अवलोकन के लिए विकासखण्ड रामनगर का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम मिरगौती (चंदवार) में महर्षि मार्कण्डेय वेयरहाउस में संचालित सेवा सहकारी समिति मसमासी कला में सरसो, मसूर, चना एवं गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

जिसमें फसल की खरीदी, नमी, कांटों का परीक्षण तथा कृषकों से संवाद किया गया तथा उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 178.50 क्विं0 सरसो, 465.00 क्विंटल मसूर तथा 3740.00 क्विंटल गेहूं की खरीदी पाई गई। कृषकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो इस संबंध में समिति प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इसके बाद ग्राम गुढ़वा विकासखण्ड रामनगर में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल का अवलोकन किया गया। बाणसागर डूब क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन उड़द एवं मूंग की फसल काफी वृहद क्षेत्र में बोई जाती है। किन्तु डूब क्षेत्र का रकबा होने के कारण उसे पंजीकृत नहीं किया जाता है। फसल की स्थिति काफी अच्छी पाई गई। कृषकों से चर्चा के दौरान स्थानीय कृषक ग्रीष्मकालीन फसलों से काफी संतुष्ट नजर आये हैं। उप संचालक कृषि द्वारा कृषकों को नरवाई प्रबंधन एवं उससे होने वाले लाभ पर भी चर्चा की गई। शासन द्वारा हैप्पी सीडर/सुपर सीडर से बोनी करने पर प्राप्त होने वाले लाभ से कृषकों को अवगत कराया गया तथा नरवाई जलाने पर की जाने वाली कार्यवाही अर्थदण्ड की जानकारी दी गई। इसके अलावा सेवा सहकारी समिति विपणन संघ मर्यादित देवराजनगर का निरीक्षण भी किया गया और उर्वरक के अग्रिम भण्डारण वितरण की जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के जिला परामर्शदाता सुबोध कुमार जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामनगर विष्णु कुमार त्रिपाठी, क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी संजय सिंह, मन्नू निमामा, संतोष खंगार, नितिन सिंह परिहार, एन0के0 द्विवेदी, प्रसून सिंह एवं कृषक लोकनाथ पटेल, संतोष कुमार, मंगलदीन, राजेश, आशीष सिंह उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल बगहा में लॉटरी के माध्यम से 237 छात्रों का प्रवेश सम्पन्न

**सतना।** सीएमराइज स्कूल बगहा सतना के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की 25 अप्रैल 2025 को 2 बजे से लॉटरी के माध्यम से अलग.अलग कक्षों में विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा लॉटरी की प्रक्रिया कराई गई। संस्था के प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्रा द्वारा बताया गया की 237 रिक्त सीटों पर आये आवेदन 850 जिसमें से 237 का प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया गया। लॉटरी के दिन सुबह 11 बजे से अभिभावकों की भीड़ लगने लगी 2 बजे तक काफी भीड़ हो गई थी। फिर भी सीएमराइज स्कूल के स्टाफ ने समन्वय बनाया और निर्विवाद प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अभिभावकों की सुविधा के लिये पूरी सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड में 5 बजे चस्पा कर दिया गया है। उक्त कार्य मे लगे सभी स्टाफको प्राचार्य और उपप्राचार्य ने बधाई दिए।

# विट्स के छात्रों का गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय सदैव ही उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति कटिबद्ध रहा है। निरंतर ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं। समूचे विंध्य क्षेत्र के लिए यह गौरव का विषय है कि विट्स महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग संकाय के फाइनल इयर के कई छात्रों का गेट परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ के पी त्रिपाठी ने बताया कि कम्प्यूटर साईंस के फाइनल इयर छात्र अनमोल प्रताप सिंह ने गेट परीक्षा-2025 में आल इण्डिया रैंक 871 तो वहीं आदर्श सिंह बघेल ने आल इण्डिया रैंक 932 अर्जित कर समूचे विंध्य क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में छात्रा भूमि अग्रवाल ने डेटा साईंस एण्ड आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस में 4358 रैंक व कम्प्यूटर साईंस में 6180 रैंक अर्जित किया। छात्रा आकांक्षा मिश्रा ने डेटा साईंस एण्ड आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 3876 रैंक अर्जित किया तो वहीं सृष्टि त्रिपाठी ने कम्प्यूटर साईंस में 5168 रैंक अर्जित किया। इसी प्रकार अमन त्रिपाठी व आकांक्षा मिश्रा ने कम्प्यूटर साईंस में गेट-2025 की परीक्षा अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की।

## बाल विवाह रोकने हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित

**सतना ।** अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 के अवसर पर सामूहिक विवाहों में बाल विवाह होने की संभावना के दृष्टिगत लाडो अभियान अन्तर्गत बाल विवाह रोकने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) की स्थापना जिला बाल संरक्षण अधिकारी कन्या धवारी स्कूल के पास जवाहर नगर में की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह ने बताया कि जिला अन्तर्गत किसी भी क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर कन्ट्रोल रूम के दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर पर दर्ज कराई जा सकती है। लाडो अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका संचालन 29 अप्रैल से 2 मई तक होगा। कन्ट्रोल रूम हेतु विजय कुमार साकेत लेखापाल की 29 अप्रैल, आदेश कुमार यादव सहायक आंकडा प्रविष्टि प्रचालक की 30 अप्रैल, नीलेश द्विवेदी सहायक ग्रेड-3 की 1 मई तथा महंतराम सेवकदास पाल सहायक आंकडा प्रविष्टि प्रचालक की 2 मई प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक डयूटी लगाई गई है।

# नागौद में कांग्रेस जनों नें केंडल मार्च निकाल कर आतंकवाद का पुतला फूंका



**जागरण, सतना।** नागौद ब्लाक कांग्रेस कमेटीएजिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ब्लाक कांग्रस सेवादल के सयुक्त तत्वाधान में बस स्टेण्ड चौक से मुख्य बाजार होते हुए धर्मशाला चौक से गांधी चौक तक केंडल मार्च निकाल कर कश्मीर के पहलगांव में जिन निर्दोष लोगों की हत्या हुई उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक सभा की गई अन्त में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंकते वक्त कांग्रेस जनों नें पाकिस्तान मुर्दाबादएआतंकवाद मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिन्दावादएभारतीय सेना जिंदाबाद हम सब एक हैं के नारे लगाए। बीते दिनों कश्मीर के पहलगाँव से 6 किलोमीटर दूर स्थित 30 एकड़ में फैली बैसरन घाटी के प्राकृतिक शौंदर्य का अवलोकन करने गए निहत्थे भारतीय शैलानियों को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों नें गोली का निशाना बना कर 26 निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया था उक्त अमानवीय एवं कूरतम घटना की निन्दा करते हुए नागौद विधानसभा कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह नें कड़े शब्दों में संदेश दिया कि इस संकट की घड़ी में हम सभी कांग्रेस जन भारतीय सेना एवं देश के साथ पाकिस्तान परस्त आतंकवाद के खिलाफमजबूती से खडे हैं इस दुःखद घटना पर पीड़ित परिवारों के साथ हमारी सम्बेदना है इस कूरतम अपराध के लिए देश विरोधी ताकतों को बक्सा नहीं जाना चाहिए । उक्त अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एड रमाकान्त मिश्र जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फ़िरोज आलम जिला भूमि विकास बैक के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह छोटे,जिला महामंत्री मुख़्तार अहमद,ब्लाक सेवादल अध्यक्ष आशीष कपाड़िया ब्लाक महामंत्री मनीष पाठक विनोद कुशवाहा,अजय प्रजापति बाबूलाल चुह्टेल रियाज अहमद आदि बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों नें श्रद्धांजलि अर्पित कर पाकिस्तान परस्त आतंकवाद का विरोध किया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर ग्रामोदय : प्रो भरत मिश्रा



**जागरण, सतना।** महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आज संपन्न प्रार्थना सभा में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय शिक्षा स्वास्थ्य और स्वावलंबन की दिशा में पूरी सक्रियता के साथ अग्रसर है। उन्होंने बताया कि मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों की सम्पूर्ण सहभागिता के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। इस अभिनव कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतियां विद्यार्थी और शिक्षक स्वयं करते हैं। प्रार्थना सभा का संयोजन समाजकार्य के तत्वावधान में हुआ। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ समाज कार्य ईकाई कला संकाय के विद्यार्थियों नें सरस्वती वंदना का उच्चारण और कुलगीत प्रस्तुत कियाद्य छात्र छात्राओं की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रम की श्रृंखला में भगवद गीता से लोक भावार्थ शिव ओम त्रिपाठी प्रस्तुत किए गए। महापुरुष के जीवन से रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व और कृतित्व पर शिवानी गुप्ता ने प्रकाश डाला। शिवानी जायसवाल ने सामाजिक मूल्यों पर आधारित जीवन शैली को बताया। प्रेम सागर पांडेय ने एकल भजन और विद्यार्थी समूह ने सामूहिक प्रेरणा गीत,भजन आदि प्रस्तुत किये उप कुलसाचिव अकादमी डॉ साधना चौरसिया नें मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया रघुपति राघव राजा राम भजन हुआ।कार्यक्रम का संचालन शिवानी जायसवाल नें किया प्रार्थना सभा में वाद्य यंत्रों की संयुक्त प्रस्तुति डॉ विवेक फड़नीस डॉ दादू राम श्रीवास,अवधेश ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता गण शिक्षक अधिकारी,कर्मचारी और विद्यार्थियों नें सहभागिता की।

## टीकमगढ़ शहर के ढ़ोंगा रोड पर स्थित ऋषि साहू के रिफाइंड ऑयल के गोदाम में लगी आग



**टीकमगढ़।** आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दमकल की गाड़ियों को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गयाए कड़ी मशक्कत के बाद ऑयल के गोदाम में लगी आग पर 3 घंटे के बाद काबू पाया गया। आज शहर में उस समय अफरा तफरी मच गई जब ढ़ोंगा रोड पर रिहायसी इलाके में स्थित ऋषि साहू के रिफाइंड ऑयल के गोदाम से धुंआ उठता हुआ दिखाई दियाए तत्काल इसकी सूचना गोदाम मालिक को दी गई और जब गोदाम को खोल कर देखा गया तो तेल के कोपों में लगी आग की तेज लपटे उठती दिखाई दीए खबर मिलते ही आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियो ने फायर ब्रिगेड और जेसीबी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए वही इस मामले को लेकर एसडीएम ने कहा की रिहायसी इलाके में बने गोदामों की सघनता से जांच कराई जाएगी ताकि आगे किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो सके।

## बरुआ नदी से निकाली गई गाद

**उचेहरा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा नगर की बरुआ नदी के बरहा घाट में नदी की साफसफाई कर नदी में जमी गाद को निकाला गया इस अवसर पर निकाय अध्यक्ष निरंजन प्रजापति एसी एम ओ शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित पार्षद सुनीता बेलदार मोहम्मद फिरोज, प्रमोद चौधरी, दुर्गा अग्रवाल, मनोज दास गुरु स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वक्षता प्रभारी विमलेन्द्र वर्मा, अभिलाष शर्मा,अनिल मिश्रा,छैल बिहारी पांडे ,नरेश ताम्रकार के अलावा निकाय के सफाई कर्मचारियो का सराहनीय सहयोग रहा ।

# कांग्रेस बूथों में जनसंपर्क अभियान चलाएगी

## कांग्रेस की प्रदेश जिला एवं विधानसभा स्तर में संविधान बचाओ महारैली आयोजित होगी : दिलीप मिश्रा



**जागरण, सतना।** अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संविधान बचाओ प्रदेश स्तरीय महारैली का आयोजन 28 अप्रैल को ग्वालियर में होने जा रहा है व जिला स्तर में संविधान बचाओ रैली 3 मई से 10 मई तक जिले के किसी भी विधानसभा या जिला मुख्यालय में आयोजित होगी व विधानसभा स्तरीय रैली 11मई में से 17 मई तक विधानसभा स्तर में आयोजित होगी एवं 20मई से 30मई में तक अभियान के अंतिम चरण में जनता के साथ घर घर एवं द्वार द्वार जाकर संवाद स्थापित किया जाएगा व बूथ स्तरीय टीमों को सक्रिय किया जाएगा ।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने उपरोक्त अभियान की जानकारी देते हुए बताया है कि अभियान के तहत महंगाई बेरोजगारी व अन्य बुनियादी अधिकारों के हनन संबंधी शिकायत सुनकर दर्ज की जाएगी व जनता जनार्दन छोटे.छोटे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के पास भेजे जाएंगे व संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन गांव गांव किया जाएगा कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने जिले के सभी विधायकों पूर्व विधायकों विधानसभा के प्रत्याशियों जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारिओ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो नगरीय निकाय पंचायती राज मंडी के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीयों पार्षदों सभी प्रकोष्ठ विभागो व मोर्चा संगठन के पदाधिकारीयों वरिष्ठ नेताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## कैंडिल जला दिवंगत 26 सैलानियों को दी गई श्रद्धाजंलि



**उचेहरा।** एब्यापारी संघ की अपील पर नगर के व्यवसाइयो ने जम्मू. कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में हाल ही में धर्म पूंछकर आतंकवादियो ने जिस तरह से एक क्षण में देखते देखते 26 पुरुष सैलानियों का नरसंहार कर एक पल में घाटी को खून से लाल कर दिया देश की हृदय विदारक इस घटना से आहत हो व्यापारी संघ उचेहरा और समाज सेवियों ने संयुक्त रुप से संकट मोचन मंदिर प्रांगण में कैंडिल जला सभी दिवंगत सैलानियों को नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते मंचासीन अतिथियों ने अपने .अपने विचार रख सामूहिक नरसंहार की कड़ी भर्त्सना करते सरकार से इस आतंकवादी घटना पर कड़ा रुख अपनाने का एक ज्ञापन पत्र भी संघ के द्वारा सौपने की जानकारी मिल रही है । इस दौरान निकाय अध्यक्ष निरंजन प्रजापति वरिष्ट अधिवक्ता ओ पीखरे एसमाजसेवी हरप्रसाद ताम्रकार, शिक्षक अनिल सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण गोपाल ताम्रकार अशोक दुवेदी व्यापारी संघ पूर्व अध्यक्ष संरक्षक पवन ताम्रकार अध्यक्ष सन्दीप सरावगी सहित संघ के कई पदाधिकारी ,सदस्य गण के अलावा रामनरेश जायसवाल ,हरिकिशन जायसवाल ,व नगर वासियों के अलावा पत्रकार बन्धुओ ने भी विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की ।

# अखण्ड यादव बल्देवगढ़ विकासखंड की शासकीय स्कूलों में शिक्षा दम तोड़ती व्यवस्था

## जिम्मेदार अधिकारी सो रहे चैन की नींद



**जागरण, टीकमगढ़।** प्रदेश की मोहन सरकार बल्देवगढ़ विकासखंड के हटा संकुल की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लमेराए खोड़ेराए मऊए कड़वाहाए हीरापुरा खासए मलगुवा एवं मोनिकाखेराएसरकर में पदस्थ शिक्षकों को भले ही शासन से प्रतिमाह वेतन सहित अन्य सुख सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन फिर भी यहां पदस्थ शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। और समय से पहले ही स्कूल बंद कर छतरपुर व टीकमगढ़ के लिए निकल जाते हैं। लमेराए खोड़ेराए मऊए कड़वाहाए हीरापुरा खासए मलगुवा एवं मोनिकाखेराएसरकर के शिक्षकों के समय पर स्कूल नहीं पहुंचने से स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शिक्षकों का घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे छात्र.छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। कारण यह है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं होने से शिक्षक अपनी मनमानी पर उतारू है। यही कारण है कि यह स्कूल 9 खुलती है और 11रू00 बजे ही बंद हो जाती है। जिससे छात्र.छात्राओं का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है। और शिक्षा का स्तर भी लगातार नीचे गिरता जा रहा हैदरअसल शासकीय नियम अनुसार शासकीय शिक्षकों को 30 अप्रैल तक स्कूल में सुबह 7 बजे स्कूल में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। लेकिन लमेराए खोड़ेराए मऊए कड़वाहाए हीरापुरा खासए मलगुवा एवं मोनिका खेराएसरकर के शिक्षक शासन के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। और स्कूल 9 बजे तक एक भी शिक्षक नहीं पहुंच पा रहे हैं। और 11 बजते ही स्कूल में ताला डालकर शिक्षक अपने.अपने घर के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। वही इन स्कूलों की कक्षाओं में ताला लगा देखा जा सकता है। समय पर स्कूल में शिक्षक नहीं पहुंचने से छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए घंटों स्कूल के बाहर बैठकर शिक्षकों की आने का इंतजार करना पढ़ रहा है। गौरतलब है कि शासकीय हाई स्कूल कन्नपुर टीकमगढ़ छतरपुर मेन रोड पर स्थित होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के संपर्क में रहती है। किंतु उसके बाद भी यहां के शिक्षकों का इतना लापरवाह होना कहीं ना कहीं जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी कटघरे में खड़ा करता है। जब हमारी टीम ने शुक्रवार को को सुबह 8 बजे शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लमेरा एवं 8रू15 मिनिट पर शासकीय प्राथमिक शाला खौड़ेरा एवं 8रू40 पर शासकीय प्राथमिक शाला मऊ और 8रू50 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कड़वाहा स्कूल और 9 बजे शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला हीरापुरा खास में पहुंच कर देखा तो स्कूल के गेट ताला लगा था।

## पहलगाम में हुये आतंकीय हमले की जमकर निंदा, शोक सभा भी हुई



**जागरण, सतना ।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दिवंगत आत्मा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सभा आयोजित की गईए जिसमें व्यवहार न्यायालय रामपुर बघेलान जिला सतना के न्यायाधीश विवेक कुमार पाठक व्यवहार न्यायाधीश आनंद बागड़ी बार संघ अध्यक्ष सूर्यभान सिंह सचिव देवेंद्र शुक्ला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंहएअधिवक्ता गण पुष्पराज सिंह अतुल त्रिपाठी लालमणि सिंह संजय यादव एडीपीओ बलराम राजपूत आरबी सिंह आर एस सिंह मणिराज सिंह प्रभाकर शुक्ला अंजनी मिश्रा अजय मिश्रा पुष्पराज शुक्ला अरुणेंद्र भारती के पी सिंह शिव मोहन द्विवेदी बृजेश सिंह राजेश्वर शुक्ला आरती साहू आशीष शर्मा इंद्रजीत अग्निहोत्री राम कलेश रमेश रावत ऋषभ रावत अभिषेक लखेरा सहित न्यायालय के समस्त कर्मचारी व अधिवक्ता गण 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना सभा की एवं आतंकवादी हमले की कठोर निंदा व्यक्त की है निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों की हत्या की कठोर निंदा की गई।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर म.प्र.**

क्र. /140/विशेष विवाह / 2025 मैहर, दिनांक 03.04.2025

सार्वजनिक सूचना

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष कुमार गुप्ता पिता श्री विजय कुमार गुप्ता उम्र 22 साल निवासी धरमपुरा पो. आमातारा तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र. एवं आवेदिका कल्पना गुप्ता पुत्री श्री सीताशरण गुप्ता उम्र 22 साल निवासी धरमपुरा पो0 आमातारा तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र. के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर बिशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत बिशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 3/4/25 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुध्द यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 29/4/25 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 3/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह (अधिकारी) जिला- मैहर (म.प्र.)

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 160/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 25.04.2025

**निविदा सूचना 84/2025_STDC_419248_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :- माधवगढ़ किला जिला सतना में बॉक्स कल्वर्ट एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य। (03 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 114.59 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.05.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/119800/2025 **कार्यपालन यंत्री**

# प्रतिबंध के बावजूद रेलवे में फंसी भूमि की रजिस्ट्री




## मामला तहसील रामपुर नैकिन के पटवारी हल्का पटेहरा का

### 10 डिस्मिल भूमि में दो दर्जन से ज्यादा की रजिस्ट्री



जागरण, सीधी

नवीन रेल लाइन रीवा-सिंगरौली के भू-अधिग्रहण में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। कलेक्टर के प्रतिबंध लगाने के बावजूद रेलवे एलायमेंट से 500 मीटर के अंदर रजिस्ट्री हो रही है। हैरत की बात तो यह है कि जिला रजिस्टार ऑफिस में प्रतिबंधित भूमि की रजिस्ट्री होने के बाद तहसील कार्यालय से नामांतरण भी किया जा रहा है। ऐसा ही मामला सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत पटवारी हल्का पटेहरा का सामने आया है। यहां रेलवे प्रभावित भूमि की रजिस्ट्री बिना एनओसी के हो गई। जबकि रेलवे के लिए अधिग्रहित होने वाली भूमियों के मद्देनजर वर्ष 2019-20 में कलेक्टर सीधी द्वारा भूमि की रजिस्ट्री को प्रतिबंधित कर दिया गया था। फिर भी रेलवे एवं राजस्व विभाग के संबंधित कर्मचारियों की सांठ-गांठ एवं भारी लेन-देन के चलते भूमि की रजिस्ट्री पटवारी हल्का पटेहरा में रेलवे एलायमेंट से 500 मीटर के अंदर ही भूमि की रजिस्ट्री हो गई। रजिस्ट्री होते ही आनन-फानन में रामपुर नैकिन तहसील कार्यालय से नामांतरण भी हो गया। बताया गया है कि पटवारी हल्का पटेहरा में भूमि में खसरा क्रमांक 29/2 जो कि करीब 10 ढिस्मिल भूमि थी उसमें जनवरी 2025 लेकर मार्च 2025 तक करीब दो दर्जन रजिस्ट्री होने के साथ ही रामपुर नैकिन तहसील कार्यालय से सभी का आनन-फानन में नामांतरण कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की मनमानी से शासन को करोड़ों रुपए का चूना लग चुका हौ। तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा लेन-देन के चलते नामांतरण करने में कोई देरी नहीं की। जबकि रेलवे गाइडलाइन के अनुसार रेलवे एलायमेंट से 500 मीटर तक भूमि की रजिस्ट्री नहीं होनी चाहिए। जब इस संबंध में रामपुर नैकिन तहसील के नायब तहसीलदार जयप्रकाश पाण्डेय से जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा गोलमाल जवाब देकर पटवारी से बात करने की बात करने कहा गया। वहीं हल्का पटवारी पटेहरा मनमोहन से जब चर्चा की गई तो उनके द्वारा भी गोलमाल जवाब दिया गया। रजिस्ट्री एवं नामांतरण के संबंध में ऐसा दर्शाया गया कि उनको कोई जानकारी भी नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जिन भूमियों की रजिस्ट्री टुकड़ों में कराई गई है वह सभी रेलवे प्रभावित भूमि हैं। इससे पूर्व भी पटवारी हल्का पटेहरा में रेलवे प्रभावित भूमियों का भारी घोटाला हो चुका है। रेलवे घोटाले में अभियंता रेलवे व पटवारी द्वारा कई भूमियों का रकवा घटाकर शासन को करोड़ों की चपत लगाई गई है। इतने में भी जब पैसे की हवस खत्म नहीं हुई तो रेलवे प्रभावित भूमि की रजिस्ट्री कराने में भी कोई गुरेज नहीं किया गया।

### नायब तहसीलदार ने रजिस्ट्री पर किया नामांतरण

रेलवे प्रभावित भूमियों की बिक्री पर कलेक्टर द्वारा वर्ष 2019-20 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। फिर भी रेलवे प्रभावित भूमि की रजिस्ट्री पटवारी हल्का पटेहरा क्षेत्र में थोक के भाव में हुई। इसके बाद रजिस्ट्री के आधार पर नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा सभी भूमियों में नामांतरण आदेश जारी किए गए। न्यायालय नायब तहसीलदार के प्र. क्र. 0400/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 28 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0406/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 27 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0366/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 17 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0391/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 19 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0390/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 18 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0409/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 19 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0365/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 12 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0364/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 17 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0392/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 4 फरवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0342/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 28 जनवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0212/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 28 जनवरी 2025, प्रकरण क्रमांक 0212/अ-6/2024-25, अदेश दिनांक 11 नवंबर 2024 आदि शामिल हैं।

> पटवारी हल्का पटेहरा में रेलवे प्रभावित भूमि की रजिस्ट्री के मामले में जिला रजिस्टार से चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली जावेगी। वहीं प्रतिबंध के बावजूद भूमि की रजिस्ट्री, नामांतरण में शामिल लोगों पर भी जांच के बाद कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।
>
> **शैलेष द्विवेदी, एसडीएम चुरहट**

# आग की लपटों में आधे घंटे तक घिरा रहा डीजल टैंकर



## नेशनल हाईवे क्रमांक 39 में ठप रहा आवागमन

जागरण, सीधी

जिले के बहरी थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे क्रमांक 39 में ग्राम चंदवाही के पास आज एक डीज़ल टैंकर का पिछला टायर फटते ही आग लग गई। पीछे के सभी टायरों में आग लगते ही टैंकर करीब आधे घंटे तक आग की लपटों में घिरा रहा। सूचना मिलते ही बहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और बड़े हादसे की संभावना के चलते वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। सूचना पाकर आधे घंटे में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीजल टैंकर के टायर फटने की आवाज के बाद आग की लपटें तेजी से उठीं और तेज धूप के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक नजर आया। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बहरी पुलिस जल्द मौके पर पहुंच गई और सड़क की घेराबंदी कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। करीब आधे घंटे में फायर ब्रिगेड के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान लोगों को इस बात का खौफ था कि कहीं डीजल से भरे टैंकर में विस्फोट न हो जाए। घटना के वक्त टैंकर डीजल लेकर सिंगरौली जा रहा था।

> डीजल टैंकर में आग लगने की घटना आज सुबह करीब 10 बजे सामने आई। पुलिस फायर ब्रिगेड को सूचना देकर तत्काल मौके पर पहुंचकर पहुंची। आग की लपटों से घिरे टैंकर से कोई बड़ा हादसा न हो इसको लेकर आवागवन तत्काल मौके पर रोंका गया। फायर ब्रिगेड के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। करीब आधे घंटे में आग बुझ गई।
>
> **राकेश बैस, टीआई बहरी थाना**

### भीषण गर्मी बनी हादसे की वजह

वर्तमान में सीधी जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है, जिससे ज्वलनशील पदार्थों में आग लगने की आशंका और भी बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक तापमान के चलते टैंकर का पिछला टायर फटा और आग भड़क उठी गनीमत रही कि हादसे में अभी कोई हताहत नहीं हुआ।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**जागरण, सीधी।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय एमसीयू में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रकिया 15 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। वर्तमान में एमसीयू के रीवा कैंपस में पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मास कम्युनिकेशन और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागों में स्नातक स्नातकोत्तर और डिप्लोमा आदि विविध पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इन कोर्स में प्रवेश संबंधित आवेदन एमपी आनलाइन पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। इस पोर्टल पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की आखिरी तारीख 15 मई है। उल्लेखनीय है कि एमसीयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है और इसी शिक्षा नीति के तहत विवि द्वारा यूजी पीजी कोर्स में प्रवेश दिए जाएंगे। परिसर में कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीसीए और पीजीडीसीए भी संचालित हो रहे हैं। प्रवेश के संबंध में परिसर निदेशक डॉ. संदीप भट्ट ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे समय रहते आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें। आवेदक विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें या रीवा कैंपस में आकर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि एमसीयू मप्र शासन का एक राज्य विश्वविद्यालय है जो कि मीडिया कंप्यूटर और मैनेजमेंट आदि विषयों में देश का टॉप संस्थान है। इसमें देशभर से विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं।

## अभियान से जीतेंगे मलेरिया के खिलाफ जंग: डॉ. दीपक




**जागरण, सीधी।** जिले में पिछले दो सालों के दौरान मलेरिया से पीड़ित मरीजों का आंकड़ा इकाई अंकों में सिमट कर रह गया है। हालांकि इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग इसके खिलाफअपनी सक्रियता को जारी रखे है। शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस पर कुसमी स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को मलेरिया के खिलाफ जागरूक करने के चलाए जाने वाले अभियान की रूपरेखा तय की है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया विंग की टीम स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों व अन्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक जागरूक करने पर विचार कर रहा है। जहां से विभाग का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके। दरअसल ब्लाक में हर साल सैकड़ों लोगों को अपनी चपेट में लेने वाले मलेरिया के मामलों में कमी आती जा रही है। पिछले दो सालों में मलेरिया के मरीजों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो लगभग लाखो की आबादी वाले ब्लाक में मरीजों की संख्या दहाई तक भी नही पहुंच पाई है। स्वास्थ्य विभाग इसे लगातार चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों का नतीजा बता रहा है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुसमी में विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया और बचाव के लिए एकजुट प्रयास डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. सुप्रिया सिंह डॉ. श्रृष्टी कुशवाहा सहित अन्य स्टाफ के मुताबिक हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना है। मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और कमजोरी शामिल है। समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए इस कार्यक्रम में एमटीएस सुभाष सोनी, शिवगंगा नामदेव, आरके दहिया, अंजू मौर्या, पुष्पेन्द्र पटेल, सरला पटेल, धर्मेंद्र साकेत सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## 3 गुमशुदा नाबालिग किशोरियां दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** सीधी पुलिस ने 3 गुमशुदा नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर परिजनों को सुपुर्द किया एवं अमिलिया पुलिस ने 2 तो चुरहट ने एक किशोरी को ढूंढ़कर परिजनों को सौंपा। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार श्रीवास्तव व एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय व थाना प्रभारी चुरहट के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने 3 गुमशुदा नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस ने 2 किशोरियों को दस्तयाब किया है जिसमे एक किशोरी 3 माह तथा दूसरी 20 दिनों से लापता थी। दोनों किशोरियों का अमिलिया पुलिस सतत पता तलाश कर रही थी जिसमे सूचना प्राप्त होने पर दोनों को ढूंढ़कर अमिलिया पुलिस टीम थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, उनि इंद्राज सिंह, सउनि दधीच अग्निहोत्री, लालमणि बंसल, सुनील पाठक प्रआर विक्रम सिंह आर संदीप तथा महिला आर संगीता बैस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी क्रम मे थाना प्रभारी चुरहट के नेतृत्व में चुरहट पुलिस ने एक माह पूर्व लापता हुई किशोरी को साइबर सेल सीधी के सहयोग से तकनीकी दक्षता का प्रयोग कर चित्रकूट से ढूंढ़कर दस्तयाब करते हुए थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक आशा सिलावट, महिला आरक्षक अंजू वर्मा एवं साइबर सेल सीधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# रामगढ़ में पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

## रोजगार का विकल्प बकरी व्यवसाय, 50 प्रतिशत तक अनुदानः डॉ. विक्रम



जागरण, सीधी

जिले के ग्राम पंचायत रामगढ़ में चल रहे ग्रामोत्सव ग्यारहवां 2025 के तीसरे दिवस पशु पालन व चिकित्सा विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया कि बकरी पालन एनएलएम नेशनल लाइव स्टॉक मिशन रोजगार का एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है इसके लिए कृषक व युवा ऑनलाइन फॉर्म भर कर योजना का लाभ ले सकते हैं। बकरी व्यवसाय 100 से लेकर 500 बकरी तक के लिए है जिसमें निम्नतम एक एकड़ से पांच एकड़ तक जमीन होना आवश्यक है। पशुपालन विभाग द्वारा सभी वर्ग के पात्र हितग्राही को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। डॉ. विक्रम ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में पशुओं के उपचार हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था सरकार द्वारा चलाई जा रही है। पशु पालक कॉल एंबुलेंस व चिकित्सा सेवा का लाभ ले सकते हैं। ग्रामोत्सव संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने पशु पालन व शिविर में उपस्थिति डॉक्टर का आभार प्रकट करते बताया कि निःशुल्क पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर से दर्जनों पशु व जानवर पालक लाभान्वित हुए हैं। बकरी व्यवसाय का संचालन संभव हो सके इसके लिए गांव के युवा आगे आए और योजना का लाभ लेकर व्यवसाय का संचालन करे जिससे गांव का नागरिक गांव में ही रोजगार प्राप्त कर सकेए गांव का विकास संभव हो सके। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम, पशु विभाग कर्मचारी दयाशंकर, ग्राविप्र. समिति सचिव प्रवीण शुक्ल, अवनीश शुक्ला, इंद्र कुमार मिश्रा, अमरदीप गौतम, मनोज विश्वकर्मा, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, रियल गौतम, प्रेम मिश्रा, अमन विश्वकर्मा सहित समिति व गांव के नागरिक उपस्थिति रहे।

# अंडरब्रिज को लेकर फूटा गुस्सा, कल चक्काजाम का ऐलान



**जागरण, सीधी।** जिले के जनपद पंचायत कुसमी के शंकरपुर में प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की लोकेशन को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। इस फैसले से नाराज कार्यकर्ताओं ने 27 अप्रैल को सड़क जाम करने का अल्टीमेटम दे दिया है। गुरुवार शाम 4 बजे भाजपा नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने सीधी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि यदि निर्माण स्थल पुराने प्रस्तावित स्थान मे नहीं बनाया गया तो आंदोलन अपरिहार्य होगा। मामले पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रामदयाल साहू, शेषमणि मिश्रा, ज्ञान चंद गुप्ता, केके सिंह बघेल, रमेश पनाडिया और जीतेंद्र शामिल थे। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि पुलों का निर्माण वर्तमान स्थान पर होने से आमजन की परेशानी बढ़ेगी। दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी और यह क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य को ही विफल कर देगा। स्थानीय लोगों की माने तो यह पहला मौका नहीं है जब इस मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी दी गई हो। इससे पूर्व आनंद सिंह ददुआ ने भी रेल रोको आंदोलन किया था और ब्रिज की मांग की थी तब रेल प्रशासन ने अंडर ब्रिज स्वीकृत किया था इसके बाद पुनः आन्दोलन हुआ, जिसमें भाजपा के सासंद विधायक के एक्शन से प्रशानिक अधिकारी एवं रेलवे ने आदेश जारी करते हुये ओव्हर ब्रिज मेन रोड मे स्वीकृत कर दिया था, आदेश भी जारी हो चुका, वहीं अब पुराने जगह पर स्वीकृत अंडरब्रिज में काम चालू करने आये ठेकेदार ने भदौरा और कुछ भाजपा नेताओं के साथ सहमति बनायी और अंडरब्रिज का काम चालू कर दिये। जिससे वर्षों से मांग करने बाले आनंद सिंह ददुआ सहित अन्य ग्रामीण पुनः शासन के आदेशों का पालन कराने यानी ओव्हर ब्रिज के जारी आदेश के पालन कराने अल्टीमेटम दे दिया अब जब कलेक्टर तक बात पहुंची तब कलेक्टर सीधी द्वारा ओव्हर ब्रिज को यथावत रखते हुये हाल में अंडर ब्रिज का स्थान भदौरा और शंकरपुर के बीच विद्यालय के पास बनने की स्वीकृति दी, जिसमें उल्लेख किया कि दोनों गांवों के लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन अब स्थिति और गंभीर होती जा रही है क्योंकि यह भाजपाइयों का विरोध अब सत्ताधारी दल के भीतर से उठ रहा है।

## ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की वैधता 3 वर्ष बढ़ाई जाएः मृत्युंजय



**जागरण, सीधी।** सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को आरक्षण देने की जो योजना बनाई है, उस प्रमाण पत्र की वैधता मात्र एक वित्तीय वर्ष के लिए रहती है, जो यदि बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी जाए तो बहुत बढ़िया रहेगा, क्योंकि प्रमाण पत्र बनवाने में लगभग एक हजार रुपए खर्च होते है, जो गरीब लोगों के लिए बहुत है और यदि जिस वर्ष का प्रमाण पत्र बना है उस वर्ष कोई पेपर हुआ ही नहीं और यदि हुआ तो किसी कारणवश नहीं क्लियर हुआ तो वह प्रमाण पत्र अगले वित्तीय वर्ष के लिए मान्य नहीं रहता इसलिए सोशल मीडिया के माध्यम से कई सामान्य वर्ग के युवाओं ने इसकी अवधि बढ़ाने की मुहिम शुरू की है। जिससे जिम्मेदारों तक यह आवाज पहुंचे और सरकार इस पर विचार करे। मृत्युंजय प्रसाद गौतम निवासी कुबरी ने बताया कि यह व्यवस्था सामान्य वर्ग के लिए बहुत अच्छी है लेकिन अवधि कम होने के कारण हर वर्ष इसे बनवाने में समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे जो कही न कही आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य लोगो पर अतिरिक्त भार है, इस संबंध में सरकार को विचार जरूर करना चाहिए।

## लंबे समय से 5 फरार आरोपी पकड़ाए

**जागरण, सीधी।** कोतवाली पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरी पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे 5 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जिसमे न्यायालय द्वारा 2 के विरुद्ध स्थाई तथा 3 के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार दिनांक 25 अप्रैल 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा ने लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपियों के धर पकड़ हेतु कोतवाली पुलिस की टीमें गठित कर रवाना की जो आरोपी भरतलाल केसरी पिता मुन्नीलाल केसरी निवासी सराफा बाजार थाना कोतवाली, रामकुमार कोल पिता गलन्दी कोल निवासी बढ़ौरा थाना चुरहट, फूलमती रावत पति राजकुमार रावत निवासी शिवपुरवा थाना कोतवाली, गीता पति जोखे रावत निवासी शिवपुरवा थाना कोतवाली, लीलावती साकेत पति शंकर साकेत निवासी मड़रिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर थाना लाई। उक्त पांचो आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 2017, 2019, 2020, 2021 में पृथक-पृथक आपराधिक मामले दर्ज किये गए थे जो अपराध करने बाद से ही फरार हो गए थे। आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली को उक्त आरोपियों के सम्बन्ध में मुखबिर द्वारा जानकारी प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस की टीमें रावना कर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की तिथि मे आंशिक संशोधन

**जागरण, सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी की आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को आपात बैठक आहूत की गई। जिसमे बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्षता मे पुस्तकालय मे सम्पन्न हुई, जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये आपत्ति दावा के समय कई अधिवक्ताओ द्वारा प्रारम्भिक सूची मे सदस्यता शुल्क बकाया होने से प्रारम्भिक मतदाता सूची मे नाम न होने पर आवेदन पत्र दिये गये, जिसमे बैठक मे आये सुझाव पर यह सर्वसम्मत्ति से निर्णय लिया गया है कि शुल्क बाकाया अधिवक्ताओ को एक ओर अवसर दिया जाय कोई भी अधिवक्ता मतदाता मतदान से बंचित न हो पाये और पिछला बकाया मासिक शुल्क बकायादारो को सूचना भेजी जाय। बकाया सदस्यता शुल्क जमा करने हेतु एक अन्तिम अवसर ओर दिया गया जो दिनांक 29 अप्रैल 2025 तक अपना जबाब अपना अन्डरटेकिंग स्वयं उपस्थित होकर शपथ पत्र प्रस्तुत करे।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में चल रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान

## गौवंश संरक्षण अभियान में बनी प्रशासनिक सहभागिता

### 30 जून तक सीधी जिले में चलेगा वृहद अभियान



जागरण, सीधी

कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से नदी-नालों, तालाबों एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का अभियान जन सहयोग के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही आसपास के लोगों की भी बड़ी सहभागिता बनी हुई है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान भी सतत रूप से 30 जून 2025 तक संचालित रहेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन जल संरचनाओं के निर्माण, भूमि-जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद संजल संग्रहण संरचनाओं के साफ-सफाई व जीणौद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों के प्रकरण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। इसी अभियान के साथ सीधी जिले में गौवंश संरक्षण अभियान भी संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन तथा जिले के जन प्रतिनिधि, समाज की जन भागीदारी के माध्यम से गौवंश का संरक्षण तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमीं लाया जा सके। जिससे गौवंश तथा जन हानि से बचाया जा सके। यह अभियान समाज और प्रशासन की साझेदारी से जन आंदोलन बन जाए, तथा गौवंश के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु आवश्यक कार्य किए जा सकें। कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में सीधी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की अलग-अलग जगहों से जो तस्वीरें एवं खबरें सामने आ रही हैं उससे स्पष्ट है कि सीधी जिले को अभी प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। अभियान के समापन के पश्चात सीधी जिले की जल गंगा संवर्धन अभियान में काफी अच्छी प्रगति आने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान को सीधी जिले में धरातल पर अच्छे से चलाने के लिए कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिले से लेकर जनपद स्तर तक अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन

जिले में गौवंश संरक्षण अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष कलेक्टर, सदस्य पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सचिव/सदस्य, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण अभियांत्रिकीय सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय सेवा, महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी सदस्य, सह सचिव उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, सदस्य में सहायक संचालक उद्यानिकी सीधी, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सीधी शामिल है। गठित समिति का कार्य दायित्व होगा कि ऐसे स्थल का चयन समीक्षा करें जहां निराश्रित गौवंश की वजह से दुर्घटना की स्थिति संभावित होती है। गौशाला संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से अभिरुचि प्राप्त करना तथा खंड स्तरीय समिति की अनुसंशा के आधार पर गौशाला के संचालन के लिए प्रभावी एजेंसी का चयन 30 अप्रैल 2025 तक करना। गौ-संवर्धन बोर्ड में गौशालाओं को पंजीकृत कराने की कार्यवाही 15 मई 2025 तक है। परियोजना संचालक के लिए वित्तीय व्यवस्था का अनुश्रवण करना तथा वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, समिति द्वारा प्रत्येक माह में कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से सह सचिव द्वारा आहुत की जाएगी। उपखंड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय पारित निर्णयों को सतत रू से प्रभावित ढंग से कियान्वित करना है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह सम्मेलन 2025 समारोह पूर्वक सम्पन्न

## 539 जोड़ों एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी के बंधन में बंधे

### 538 जोड़ों की शादी हिन्दू एवं 1 जोड़े का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ



जागरण, छतरपुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना अंतर्गत छतरपुर नगर पालिका द्वारा 539 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह धूमधाम एवं समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजनांतर्गत छतरपुर नगरपालिका द्वारा मेला ग्राउंड में शुक्रवार को वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समारोह में वर-वधू ने वरमाला पहनाकर 538 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाज से और 1 जोड़े का मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह कराया गया। उपस्थिति अतिथियों ने वर वधू पर फूलों की बौछारकर सामूहिक रूप से आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए कारगर साबित हो रही है, जिनके पास कन्यादान और विवाह का खर्च वहन करने की क्षमता नहीं होती। इसी योजना के तहत नगर पालिका द्वारा 539 जोड़ों को परिणय सूत्र में बांधा गया। सभी जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाईं। नगर पालिका ने 539 नवविवाहित जोड़ों को 49 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक एवं विवाह प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रदेश सरकार की योजना के तहत 539 बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। यह योजना उन परिवारों के लिए आशीर्वाद की तरह है, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अपनी बेटियों का विवाह नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि इस योजना ने उन परिवारों की भी मानसिकता बदली है, जो बेटियों को बोझ समझते थे। सरकार की पहल से बेटियों का विवाह सम्मानजनक तरीके से कराया गया और उन्हें घरेलू जरूरतों के लिए 49 हजार रुपये की राशि भी दी गई। नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। मंच का संचालन रामसिंह द्वारा किया गया। नीलम तिवारी एंड पार्टी के बुन्देली विवाह गीतों की प्रस्तुति हुई। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, नपा अध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक जुझार सिंह, उमेश शुक्ला, चन्द्रभान सिंह गौतम, नपा उपाध्यक्ष विकेन्द्र वाजपेयी मिन्टू पंडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पार्षदगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, उप संचालक राजीव सिंह, सहायक यंत्री देवेन्द्र धाकड़, उपयंत्री नीतेश चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, शिवानी असाटी, स्टोर प्रभारी पंकज जैन सहित नपा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने बिजावर एवं बड़ामलहरा क्षेत्र में जल निगम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया



## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण, कृषकों की पेयजल और छायादार बैठने की बेहतर व्यवस्था के निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को बिजावर एवं बड़ामलहरा क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल जीवन मिशन के कार्यों एवं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। बिजावर क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे तालाबों के जीर्णोद्धार में पंचायत अनगौर में कुंवरपुरा तालाब एवं तेली तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कुंवरपुरा तालाब में लगी हुई लेबर, जीर्णोद्धार के कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही गांवों में लगे हुए हैंडपंपों एवं नल जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। जिसमें जनपद सीईओ को मरम्मत कार्य कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने कपिलधारा के कामों को भी लेते हुए कराए जाने के निर्देश दिए। जिसमें कुएं निर्माण आदि कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीणों से बात कर गेहूं को उपार्जन केंद्रों में बेचने, पानी की समस्या आदि की जानकारी लेते हुए पीएचई को तालाबों के मरम्मत, अतिरिक्त बोर कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही और कुएं सैंक्शन कराने, खेत तालाब के कार्यों को लेने के लिए किसानो को प्रेरित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को पौधरोपण के लिए जगह चिन्हित कर नर्सरी आदि विकसित करने के लिए समूह को देने के लिए कहा।

# कंचन खदान में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत

**कटनी।** रंगनाथ थाना अंतर्गत कंचन खदान में डूबने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार युवक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। मृतक राहुल कोल 24 अप्रैल को घर से निकला था। परिजनों का कहना था कि राहुल पेमेंट लेने लिए घर से निकला था रास्ते मे जाते समय उसे मिर्गी आने के कारण वह खदान में गिर गया जिस कारण उसकी डूबने से मौत हो गई। दोपहर युवक के कंचन खदान में डूबने की सूचना रंगनाथ पुलिस को मिली जिसके बाद एनडीआरएफटीम को भी सूचित किया। शव निकालने का कार्य रेस्क्यू टीम द्वारा जारी है।


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

**भवन लीज नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित एच.आई.जी. प्रथम भवन क्रमांक 71 श्री ओम प्रकाश गुप्ता पिता श्री बनवारी लाल गुप्ता को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 09.09.2024 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्रीमती कुशुम गुप्ता पति श्री ओम प्रकाश गुप्ता का नाम दर्ज है, उनकी भी मृत्यु दिनांक 14.04.2011 को पूर्व में ही हो चुकी है। उक्त भवन को अपने नाम करने हेतु श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता द्वारा दिनांक 23.12.2024 को ऑफलाइन आवेदन व अन्य दस्तावेज प्रेषित कर अपने नाम करने हेतु आवेदन पत्र दिया गया था। जिसमें उक्त दस्तावेजो में वार्ड क्र. 04 के पार्षद द्वारा खानदानी सजरा व सजरा अनुसार सभी व्यक्तियो के द्वारा शपथ पत्र प्रेषित किया गया था कि उक्त भवन श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता के नाम किया जावें, हम लोगो को कोई आपत्ति नही है। तदनुसार आवेदनकर्ता श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता व सजरा अनुसार व्यक्तियों द्वारा कार्यालय में उपस्थित हुये, जिनके दस्तावेजो का सत्यापन किया जाकर उनका मौखिक बयान भी दर्ज किया गया है एवं उक्त भवन में मूल आवंटी श्री ओम प्रकाश गुप्ता पिता श्री बनवारी लाल गुप्ता द्वारा श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता के नाम दिनांक 05.05.2012 को वसीयत भी उपपंजीयक कार्यालय रीवा के माध्यम से कराई गई थी। जिसका सत्यापन उपपंजीयक कार्यालय रीवा के पत्र क्र. 69 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा भी किया गया है। तत्पश्चात् खानदानी सजरा अनुसार दस्तावेजो का सत्यापन व वसीयत के सत्यापन पश्चात् श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 25.04.2025 को उक्त भवन को अपने नाम नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाइन भी आवेदन प्रेषित किया गया है।

अतः उक्त भवन हस्तान्तरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन को किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं भवन का लीज नामान्तरण श्री कनिष्क गुप्ता पिता श्री दीपन गुप्ता के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 82063


# राज्य मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## डॉक्टरों की लापरवाही और अव्यवस्थाओं पर भड़के




**छतरपुर।** जिला अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत मिलने पर शुक्रवार दोपहर राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ओपीडी सहित कई विभागों में डॉक्टर अनुपस्थित मिले, जिस पर उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. आरपी गुप्ता को फोन कर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ओपीडी, प्रसूता वार्ड, अल्ट्रासाउंड और इमरजेंसी विभाग पहुँचे। ओपीडी में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपस्थित थे, जो मंत्री के पहुंचने के बाद पीछे से दौड़ते हुए पहुंचे। अल्ट्रासाउंड कक्ष में डॉक्टर नहीं थे, जिससे महिलाओं की लंबी कतार लगी हुई थी। मंत्री ने अस्पताल परिसर की गंदगी और भीड़भाड़ को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिए।

# एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनी गांव की बेटी आयुषी जैन



**कटनी।** रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बड़गांव निवासी बेटी ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर अपने माता-पिता व समाज के साथ-साथ अपने गांव तथा जिले का भी नाम रोशन किया है। बचपन से ही बीमार असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सपना देखने वाली आयुषी जैन अब डॉक्टर बनकर बीमारों की मदद करेंगी। विदित हो कि बड़गांव के सामान्य से परिवार में जन्मी बेटी आयुषी ने एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज सहित क्षेत्रवासियों को गौरवान्वित किया है। बताया गया कि डाक्टर आयुषी जैन शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई में होनहार थी। डॉक्टर आयुषी जैन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सामान्य विद्यालय में शुरू की। योग्यता के आधार पर कक्षा 6वीं में उसका चयन नवोदय विद्यालय बड़वारा में हो गया जहां अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर आयुषी को डाक्टरी की प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी करने के लिए महाराष्ट्र के पुणे स्थित कोचिंग संस्थान में प्रवेश मिला। आयुषी ने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर शानदार प्रदर्शन किया और पहले ही प्रयास में सफ्लता हासिल की जिससे उसे प्रदेश के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा में पढ़ने का मौका मिला। बचपन से ही मेहनती डाक्टर आयुषि ने चर्चा के दौरान बताया कि उसने चिकित्सक बनने के अपने उद्देश्य के साथ कभी समझौता नहीं किया। तीन भाई-बहनों में आयुषी सबसे बड़ी बहन है। आयुषी के पिता गांव में किराना दुकान चलाते हैं तो वहीं आयुषी की मां एक गृहणी हैं। साधारण से परिवेश में जन्मी आयुषी ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी लगन और मेहनत के चलते स्वयं तथा परिवार के सपनों को पूरा किया है।


## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 309/ विशेष विवाह/ 2025

रीवा, दिनांक 21/04/2025

**इश्तहार**

आवेदक कृष्णा साकेत पिता श्री मुन्ना लाल साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मनकहरी, थाना सगरा, जिला - रीवा (म0प्र0) आवेदिका मानसी सोनी पिता श्री महेश सोनी उम्र 22 वर्ष, निवासी मनकहरी, पो. - बठीया बतिया, थाना - कोलगवाँ, तहसील रामपुर बघेलान, जिला सतना (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

पेशी दिनांक- 26.05.2025

विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.) रीवा,

आरएन- 82064


# 7 वर्ष की बच्ची की दुःखद मृत्यु होने पर परिजन को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तहसीलदार बड़ामलहरा के प्रतिवेदन पर 7 वर्षीय बच्ची की दुखद मृत्यु होने पर रेडक्रॉस सोसायटी से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। 22 अप्रैल 2025 को तहसील बड़ामलहरा में हुई घटना में कु0 प्रतिभा उर्फ छोटीराजा पिता मंगल सिंह यादव उम्र 07 वर्ष हाल निवासी वार्ड नंबर 10 बड़ामलहरा मूल निवासी ग्राम पगरासपुरा की मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता मंगल सिंह पिता प्रभू सिंह यादव को रेडकॉस से चेक के माध्यम से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# 5 हजार के इनामी आरोपियों को कुठला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में लंबी अवधि से लंबित अपराधों के मामलों का निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा द्वारा लंबे समय से लंबित चल रहे अपराधों की समीक्षा कर आरोपियों की तलाश पतासाजी करते हुए सफलता प्राप्त की गई।

विगत वर्ष 2024 में थाना कुठला में मृतिका श्रीमति शशि सेन पति मुरलीधर सेन उम्र 40 साल निवासी गली नंबर 4 सत्संगनगर थाना कुठला जिला कटनी की जो अपने घर में फांसी लगाकर मौत हो गई थी जो थाना कुठला में मर्ग पंजीबद्ध कर जाँच की गई जाँच उपरांत आरोपी सोनू विश्वकर्मा, सौरभ चौधरी, अम्बर सिंह एवं गोलू उर्फ भोलू उर्फ पुरुषोत्तम पाठक के द्वारा मृतिका शशि सेन को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। जिसके पश्चात मामले में आरोपी गोलू उर्फ भोलू उर्फ पुरुषोत्तम पाठक पिता स्व.रविशंकर पाठक उम्र 24 साल निवासी पन्ना मोड़ एयरटेल टावर के पास थाना कुठला को गिरफ्तार किया गया लेकिन मामले के अन्य आरोपी फरार थे जिनकी तलाश लगातार की जा रही थी। दिनांक 24 अप्रैल 2025 को आरोपी सोनू विश्वकर्मा पिता नरेश विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी गटागट फैक्ट्री के पीछे तिलक कालेज रोड थाना एनकेजे एवं सौरभ चौधरी पिता जगदीश चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी दुर्गा चौक बड़ी खिरहनी वैष्णव माता मंदिर के पास थाना एनकेजे जिला कटनी को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की गई तथा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र व उनकी टीम उप निरीक्षक विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक नन्दकिशोर अहिरवार, राहुल सिंह, आरक्षक विजय प्रजापति, अजय पाठक व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।


## पुनर्वास महानिदेशालय

'ओएसएसएफ में रोजगार हेतु स्वर्णिम अवसर'

पूर्वसैनिकों को ओडिशा स्पेशल स्ट्राइकिंग फोर्स (ओएसएसएफ) में अनुबंध के आधार पर सीधी भर्ती हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

- कुल रिक्तियाँ - 3000
- अनुबंध अवधि - एक वर्ष (60 वर्ष की आयु तक विस्तारणीय)
- प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय सोमवार को वॉक-इन-इंटरविव
- इंटरविव का स्थान - चंदाका, भुवनेश्वर, पिन - 751024
- परिणाम अगले दिन
- वेतन एवं भत्ते
  - (i) वेतन - सिपाही – रु.45,000/- प्रति माह; एन सी ओ – रु.50,000 प्रति माह
  - (ii) वर्दी भत्ता अतिरिक्त
  - (iii) एक्स ग्रेशिया लाभ (सक्रिय सेवा के दौरान मृत्यु या अशक्तता होने की स्थिति मे अनुग्रह राशि का भुगतान)
- प्रार्थना पत्र, योग्यता, भर्ती की शर्तें, भत्ते, दस्तावेज, चयन प्रक्रिया या अतिरिक्त जानकारी के लिए पुनर्वास महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgrindia.gov.in पर लॉग इन करें।

CBC 10401/11/0001/25-26



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# पति को नींद की गोली खिलाकर पत्नी प्रेमी संग फरार

**खजुराहो।** खजुराहो के पास ग्राम बेनीगंज से एक चौकाने वाला मामला सामने आ रहा है खजुराहो से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम बेनीगंज से हे जहां पर दो बच्चों की मां अपने प्रेमी संग भाग गई पति धर्मेंद्र नामदेव ने बताया कि उसे रात में सीने में दर्द था तो अपनी पत्नी बबली से सीने की दर्द की गोली मंगाई लेकिन उसने नींद की गोली दे दी और गोली खाकर सो गया जब जागा तो देखा कि पत्नी घर से गायब थी और 3 लाख रुपए भी गायब थे। सब जगह पता लगाया तो उसका कोई पता ना चला इसके बाद इसकी सूचना थाने में दी कुछ समय बाद उसके प्रेमी शिवम कुमार का फोन आया कि वह मेरे साथ है और अब मेरे साथ ही रहेगी वहीं पत्नी ने भी आने से इनकार कर दिया है अब यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है। उन दोनों के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें एक लड़की और एक लड़का है। जो कि पिता के साथ में है। पति के माता जी का रो-रो कर बुरा हाल दिख रहा है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, पांडवनगर जिला- शहडोल (म.प्र.)
E-mail:-piushahdol@gmail.com

एनआईटी नं०:- 11/2025/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई. /पीडब्ल्यूडी/भवन/962 रीवा, दिनांक :- 16.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर आई० डी० | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रू० लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_416202_1 | जिला शहडोल में लोक निर्माण विभाग (भवन) अंतर्गत चल रहे विभिन्न भवनों में बाह्य एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य (जोनल वर्क)। (प्रथम आमंत्रण) | शहडोल | 49.60 | 50000.00 | 5000.00 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | ---- |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑल-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21.04.2025 समय 10:00 AM से दिनांक 05.05.2025 समय 6:00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-11973/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, शहडोल(म.प्र.)



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म0प्र0)

email:- piusingrauli@gmail.com ph.no- 07805-297421

एनआईटी नं.-11/2025/केन्द्रीयकृत निविदा /सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/962 रीवा, दि0 16.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

| स. क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) | अमानत राशि (ईएमडी) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय ( |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_416729_1 | सिंगरौली में संयुक्त तहसील भवन बरगवां और दुधमनिया कार्यालय भवन के लिए गोदरेज इंटेरियो फर्नीचर की आपूर्ति (प्रथम कॉल) | सिंगरौली | 137.29 | 137290.00 | 12500.00 | 04 माह |
| 2 | 2025_PWPIU_416749_1 | जिला सिंगरौली (म.प्र.) में लोक निर्माण विभाग (भवन) के अंतर्गत अन्य निर्माणों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्य और रखरखाव/मरम्मत कार्यों का निर्माण (प्रथम कॉल) | सिंगरौली | 99.00 | 99000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1- निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन 21.04.2025 समय 10.00 से दिनाक 05.05.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-11946/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)



## न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक/0020/अपील/2023-24

रीवा दिनांक 21/04 /2025

01. अजीज खान तनय सुवरात खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 रीवा जिला रीवा मध्यप्रदेश.------------------------ अपीलार्थी

बनाम

**01.** शफीक मो0 तनय पीर मोहम्मद निवासी बिछिया पहलवान डेरी के पास वार्ड क्रमांक 42 जिला रीवा मध्यप्रदेश **02.** इकबाल मोहम्मद तनय पीर मोहम्मद निवासी बिछिया पहलवान डेरी के पास वार्ड क्रमांक 42 रीवा जिला रीवा मध्यप्रदेश **03.** शमीला पत्नी मुख्तार अहमद पुत्री पीर मोहम्मद निवासी अर्जुन नगर अमहिया तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **04.** जरीना पत्नी वाहिद खान पुत्री पीर मोहम्मद निवासी विछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **05.** शकीला पत्नी गुलाम मोहम्मद पुत्री पीर मोहम्मद निवासी बिछिया वार्ड नम्बर 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **06.** शहीला पत्नी स्व0 शमीम मोहम्मद निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **07.** मदीना पत्नी स्व0-मोहम्मद हनीफ निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **08.** मुन्ना खान तनय स्व0 हफीज खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **09.** बेबी पुत्री स्व0 हफीज खान पत्नी पप्पू खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **10.** अब्दुल निशा पत्नी स्व0 रहीम खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **11.** बंदोले पिता स्व0 रहीम खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **12.** पप्पू खान तनय स्व0 रहीम खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **13.** राजू खान तनय स्व0 रहीम खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **14.** अमीन खान तनय हबीब खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **15.** मुखतार खान तनय स्व0 गफ्फार खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश **16.** मुन्नू खान पिता स्व0 गफ्फार खात निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश.. उत्तरवादीगण।

//आम इश्तेहार//

उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 16 को सूचित किया जाता है कि अपीलाथी अजीज खान तनय सुवरात खान निवासी बिछिया वार्ड क्रमांक 42 रीवा जिला रौवा मध्यप्रदेश द्वारा नजूल अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0111/अ-6/2018-19 आदेश दिनांक 29.01.2021 के आदेश के विरुद्ध मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 02.05.2025 को पेशी नियत है।

अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 16 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 02.05.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरुद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर जिला रीवा (म.प्र.)

आरएन- 82226



## लेकसिटी हॉस्पिटल
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
- जले मरीजों का इलाज मुफ्त
- जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं



## ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है
कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)



## लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# नदियां, सरोवर सहित अन्य जल स्रोत हमारे जीवन के आधार : विधायक शरद जुगलाल कोल



**बाणसागर-देवलौद।** जल संरक्षण पर जलगंगा संवर्धन अभियान नपा खांड़ चंदोला बार्ड के पुरातात्विक चण्डीमाता मन्दिर के तालाब में साफ-सफाई कर श्रमदान ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल, नपा अध्यक्ष सुशीला सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नलिन कुमार चिंचलवार, थाना प्रभारी सुभाष दुबे, सहित गणमान्य नागरिक, पार्षदगण एवं निकाय के कर्मियों द्वारा किया गया। ब्यौहारी क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि जल, वायु और प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नदियां, सरोवर और अन्य जल स्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। उन्होंने यह बात नगर परिषद खांड़ में आयोजित जलगंगा संवर्धन अभियान में संबोधित करते हुए पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण को लेकर एक व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। खेत का पानी खेत में के सिद्धांत पर जल संस्थानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत का सपना—जल संरक्षण से ही साकार होगा।

उन्होंने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए जल संकट से निपटने में मील का पत्थर साबित होगा। सभी नागरिकों के सहयोग से ही प्रधानमंत्री का 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सकता है।

**जल ही जीवन है :** नपा अध्यक्षा सुशीला सिंह। नगर परिषद खांड़ के चंडी माता मंदिर के तालाब में साफ-सफाई एवं संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम जन सहयोग से आयोजित जलगंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए इसे बचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण को हमेशा प्राथमिकता दी और अब यह जन अभियान का रूप ले चुका है।

नगर परिषद खांड़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नलिन कुमार चिंचलवार ने जल संरक्षण पर जलगंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत पूर्व एवं नई जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, रिचार्ज पिट, प्याऊ व सफाई कार्य जन सहयोग से श्रमदान के माध्यम से जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि नई जल संरचनाओं के निर्माण के साथ-साथ पुराने जल स्रोतों, संग्रहण संरचनाओं और वितरण प्रणालियों की सफाई और पुनः सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि विधायक शरद जुगलाल कोल ने पुरातात्विक चंडी माता मंदिर के सौंदर्यीकरण, बैठक व्यवस्था आदि के लिए क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया है। विधायक शरद जुगलाल कोल, नगर परिषद खांड़ अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सिंह मीरा गौतम, सीमा सिंह, ममता विश्वकर्मा, हरिप्रसाद पाल, रामाधार कुशवाहा, सुंदरलाल साकेत, वीरेंद्र बैस (भाजपा मंडल अध्यक्ष), रेखा मिश्रा (मंडल उपाध्यक्ष), केपी सिंह (पूर्व सदस्य जिला पंचायत), अशोक बैस, केशव बैस, बद्री बैस (राजू), गुड्डू गुप्ता, सिद्धार्थ अग्निहोत्री (अध्यक्ष टेशू पर्यावरण संरक्षण दल बाणसागर) ने चंडी माता मंदिर तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। इसके अलावा मुख्य रूप से नगर परिषद खांड़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नलिन कुमार चिंचलवार, थाना प्रभारी सुभाष दुबे, निकाय के कर्मचारीगण दीप गौतम जितेंद्र गुप्ता, महेंद्र सिंह, ऋषि मिश्रा, विक्रम बैस, धीरेंद्र सिंह, जीवन लाल समुद्रे, बादल , राकेश, मुकेश, संजू बाबू फूलचंद आदि सभी ने श्रमदान किया।

## महुआ गांव बाजार अतिक्रमण की चपेट में

**जागरण निवास।** महुआ गांव का बाजार इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। दुकानदारों द्वारा अपने सामान को सड़क पर फैला देने और अपनी गाड़ियों व ग्राहकों द्वारा वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देने के कारण बाजार का मुख्य मार्ग लगातार बाधित हो रहा है। यह समस्या न केवल यातायात के सुचारू प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर रही है बल्कि पुलिस की गाड़ी व आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं को भी घंटों जाम में रुकना पड़ता है मुख्य बाजार से होकर गुजरने वाला यह मार्ग दिनभर व्यस्त रहता है। हजारों छोटे.बड़े वाहन यहां से गुजरते हैंए लेकिन सड़क पर अतिक्रमण के चलते हर रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों का सामान्य आवागमन बाधित हो रहा है और बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। तहसीलदार को भी इस विषय पर शिकायत दी गई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों में यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में न केवल अव्यवस्था बढ़ी है बल्कि सुरक्षा का अभाव भी महसूस हो रहा है। ऐसे में प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस समस्या का शीघ्र समाधान करे। दुकानदारों को सड़क पर सामान रखने और ग्राहकों को वाहन खड़ा करने से रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। महुआ गांव के नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस ओर कब ध्यान देता है और बाजार को व्यवस्थित करने के लिए क्या कदम उठाता है।

## मध्य प्रदेश राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू किया जाए, प्रोफेसर ने की मांग

**जागरण बैढ़न।** जिला सिंगरौली ग्राम जैतपुर निवासी प्रोफेसर ने आबकारी आयुक्त ग्वालियर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग भोपाल सचिन आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्रालय भोपाल जिला कलेक्टर सिंगरौली डिप्टी सचिव कमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट मंत्रालय भोपाल तमाम अधिकारियों से मध्य प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की मांग की है मध्य प्रदेश राज्य में परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छा बनाने के लिएए शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने कि मध्य प्रदेश में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाय मध्य प्रदेश में आने वाली पीढ़ी शराब पीने की आदत पा रही है आने वाली पीढ़ी को शराब सेवन से बचाने के लिए व पार्टी में शराब उपयोग होता है नई युवा पीढ़ी का शराब की तरफज्यादा झुकाव है शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर युवा पीढ़ी को नशा से बचाया जा सकता है मानव संसाधन जब कोई बच्चा पढ़ाई पूरा करके नौकरी के काबिल होता है तब उससे उपयोगिता की पूर्ति होती हे वह मानव संसाधन के बराबर होता है शराब के वजह से मानव संसाधन में कमी आ रही है मानव संसाधन का निर्माण नहीं हो पा रहा है उससे पहले ही यूवा पीढ़ी शराब पीने लग जा रही हैं और मानव संसाधन का निर्माण होने के बाद शराब पीने लग जाते हैं जिसके वजह से उपयोगिता की पूर्ति नहीं होती है शराब मानव संसाधन के निर्माण में बाधक है इसलिए शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना न्यायोचित है शराब के वजह से पारिवारिक आर्थिक स्थिति का विकास नहीं हो पाता है पारिवारिक स्थिति बदत्तर हो जाती है घर का मुखिया शराब पीता है परिवार चलाने के लिए खर्चे की कमी पड़ती है जिसके वजह से दिन प्रतिदिन झगड़े होते हैं शराब की वजह से शरीर का किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंग जल्दी खराब हो जाते हैं जिससे परिवार पर मेडिसिन का आर्थिक बोझ बढ़ जाता है इलाज न होने पर एक कमाऊँ व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है जिसकी वजह से पूरा परिवार आर्थिक संकट में डूब जाता है शराब के वजह से पतियों द्वारा पत्नियों के साथ मारपीट किया जाता है और लवकर बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाता है शिक्षा ग्रहण करने में जो खर्च लगता है वह खर्च परिवार सहन नहीं कर पाता है शिक्षा के लिए घर के मुखिया का गाइडलाइन भी नहीं मिल पाता है इसलिए शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

## शासकीय विद्यालय में नहीं है बिजली

**जागरण सरई।** जनपद शिक्षा केंद्र देवसर के बरका संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ीटोला में बिजली की सुविधा आज भी उपलब्ध नहीं है। आजादी के साढे सात दशक बीत जाने के बाद भी शासकीय विद्यालयों में बिजली जैसी सुविधा उपलब्ध न होना बड़ी विडम्बना की बात है बिजली के अभाव में विद्यालय में हाई तापमान में बच्चे एवं शिक्षक दोनों झुलस रहे हैं। विद्यालय में पंखे शो पीस बनकर लगे हुए हैं जो बिजली के अभाव में नहीं चल रहे हैं विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने जिला प्रशासन से विद्यालय में विद्युतीकरण कराए जाने की मांग की है।

## झिरिया नाले में किया गया बोरी बंधान

**जागरण ब्यौहारी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2025 को विकासखंड ब्यौहारी जिला शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत चरका में झिरिया नाले में बोरी बंधान किया गया जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल , जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह,,ग्राम पंचायत चरका के सरपंच बनवारी लाल सिंह , उप सरपंच सुनील द्विवेदी, उप सरपंच भोलहरा अंकित चतुर्वेदी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी ,विजय सिंह , ,, श्रीकांत तिवारी प्रमोद जायसवाल, विकास द्विवेदी, जनपद पंचायत के सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनों के साथ जन अभियान परिषद के मेंटर्स हीरालाल साहू, सचिव प्रमोद कुमार साहू, ग्राम पंचायत के सहायक सचिव राजभान बैस नवांकुर. संस्था से मां चंडिका जन विकास समिति से विजय पाल , एवं सभी उपस्थित ग्रामीण जनों के साथ मिलकर आदि लोगों ने नाले में बोरी बंधान कर श्रमदान किया।

## ग्राम रोजगार सहायक रिश्वत लेते लोकायुक्त के चढ़ा हत्थे

**जागरण शहडोल।** जिले के अंतर्गत जैसिं नगर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम छूदा के ग्राम रोजगार सहायक चंद्र प्रकाश गुप्ता को दिनांक 25/04/25 को 3500 की रिश्वत लेते हुए शाम 7 बजे पकड़ा गया जहां आगे की कार्रवाई के लिए ब्यौहारी-विश्राम गृह लाया गया शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत का पूर्व सरपंच है खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी है।

## मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह वनग्राम सिमरधा के दौरे पर, वन अधिकार अधिनियम को लेकर होगी महत्वपूर्ण बैठक

**जागरण डिंडोरी।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग श्री गुलशन बामरा 26 अप्रैल को को प्रातः 10 बजे डिंडौरी जिले के वनग्राम सिमरधा के भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे। जहां पर मध्यप्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों के निवासी जनजातीयों को जल जंगल और जमीन, श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण एवं परंपराओं की सुरक्षा का अधिकार (पैसा एक्ट) पर चर्चा, वन ग्रामों में वनअधिकार पट्टों की मान्यता लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पर चर्चा, एवं वनग्रामों में निवासरत अन्य किसानों को पट्टे मांग के आधार पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 2:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की उपसमिति की बैठक आयोजित होगी, जिसमें मंत्री डॉ. शाह एवं अन्य शामिल होंगे। इस बैठक में अधिनियम की प्रगति की समीक्षा और सुधारात्मक कदमों पर चर्चा होगी। शाम 4:00 बजे डॉ. शाह डिंडौरी से बांधवगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समिति की बैठक संपन्न

**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समिति की बैठक का आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय परामर्श केन्द्र को और अधिक सक्रिय और सक्षम बनाएं। हायरसेकेंडरी स्कूल, आईटीआई तथा महाविद्यालयों में इससे संबंधित सेमीनार का आयोजन कराएं। इस कार्य में गैर सरकार संगठनों और सामुदायिक संस्थाओं का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में माह में एक बार नशामुक्ति से संबंधित शपथ भी दिलाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल ने अभी तक की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्मी में बेजुबान जानवरों के लिये पानी का प्रबंध करना हम सब का नैतिक दायित्व है : डी के शर्मा

### नगर निगम आयुक्त की सराहनीय पहल बेजुबान जानवरों के लिए नाद रखवाकर कराई गई पानी की व्यवस्था

**जागरण बैढ़न।** नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा ने प्रचंड गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवरों और को राहत देने के लिए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर नाद रखवाए हैं ताकि बेजुबान प्राणी अपनी प्यास बुझा सकें। आयुक्त डी के शर्मा के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए आज नगर निगम के वार्ड नंबर 30,40,41, एवं 42 मेन रोड के आस पास बेजुबान जानवरों के लिए नाद रखवा कर पानी का प्रबंध कराया गया है। ताकि बेजुबान जानवर सुगमता से अपनी प्यास बुझा सके। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों के लिये पानी का प्रबंध करना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने ने कहा आम जन अपने लिए तो कही से भी पानी की व्यवस्था कर सकते हैं लेकिन बेजुबान जानवर अपने लिए पानी का प्रबंध करने में असमर्थ होते हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो में पशु पक्षियों तथा निराश्रित जंतुओं के लिए सार्वजनिक स्थलों पर नाद बनवाकर पानी की व्यवस्था कराई जाएगी । साथ ही निगमायुक्त के द्वारा सर्वजन से भी निराश्रित जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की है। एवं संबंधित अधिकारीयों को समय समय पर नाद में पानी भरने के निर्देश दिए गए। ताकि सुगमता से जल उपलब्ध रहे। इस अवसर पर निगम के उपयुक्त आर.पी बैश सहायक यंत्री एस एन द्विवेदी प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी कैलाश शाह सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी अजय मिश्रा धर्मेंद्र गौ सेवा दल के अभय जैन एवं नितिन पाण्डेय उपस्थित रहे।

H.P. STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED
(A STATE GOVERNMENT UNDERTAKING)
Registered Office: Block No. 16 & 17, SDA Complex, Kasumpti, Shimla-171009
PHONE NO: 0177-2621583, 2621703, 2620539; FAX: 0177-2625537,
E-mail Address: himapurtiho@gmail.com
TENDER NOTICE
E-tenders are invited for supply of Ayurvedic Classical Medicines under Centrally Sponsored Scheme of Govt. of India from Public Sector Undertakings, pharmacies under State Government and Co-operatives. Date of online publication is 26.04.2025, last date of tender submission and submission of samples is 16.05.2025. For details visit website https://hptenders.gov.in.
Sd/-
Managing Director

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
भोपाल – 462003 (म.प्र.) भारत
पी.जी. कार्यक्रम प्रवेश सूचना 2025-26
No/MANIT/Acad./2025/821/1 Date: 09.04.2025
निम्नलिखित श्रेणियों में पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–
1. एम.टेक – प्रायोजित, स्व–वित्तपोषित और अंशकालिक श्रेणी।
2. एम.प्लान – प्रायोजित और स्व–वित्तपोषित श्रेणी।
3. एमबीए संस्थान, प्रायोजित और अंशकालिक श्रेणी।
4. एमसीए और एम.एससी – अंशकालिक श्रेणी।
विवरण के लिए संस्थान की वेबसाईट www.manit.ac.in और आवेदन पत्र के लिए http://erp.manit.ac.in/ext/adm/login देखें।
विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02.06.2025 है।
निदेशक

# सप्ताहांत में मुख्यालय न छोड़े अधिकारी : सोमेश मिश्रा



## जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**जागरण मंडला।** जिला योजना भवन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन, समाधान ऑनलाईन, सीएम डैशबोर्ड, जल गंगा संवर्धन, नरवाई प्रबंधन, समग्र ई-केवाईसी, फूड ई-केवाईसी, आयुष्मान सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 2 दिवस में सभी विषयों आशातीत प्रगति लाएं। सप्ताहांत में कोई भी अधिकारी मुख्यालय न छोड़ें। सीएम डैशबोर्ड के संकेतकों के विषयों में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले की वर्तमान रैंकिंग निराशाजनक है। आगामी 2 दिवस में सभी संबंधित अपने स्कोर बढ़ाएं। जिन विभागों में काम हो जाने के बाद भी रिपोर्ट अपडेट नहीं हो रही है, संबंधित वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा कर रिपोर्ट अपडेट कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि 100 दिवस वाली शिकायतों पर विशेष फोकस करें।

जल गंगा संवर्धन अभियान के विषय में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि डकवेल, खेत तालाब तथा अमृत सरोवर जैसे महत्वपूर्ण कार्य की लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति असंतोषजनक है। आगामी 2 दिवस में प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि आगामी 2 दिनों में अमृत सरोवर के लिए लक्ष्य के अनुसार स्थलों का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ कराएं। समग्र ई-केवाईसी के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम इसके लिए दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करते हुए प्रतिदिन फॉलोअप करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों के क्षेत्र में वार्ड को इकाई मानकर दैनिक आधार पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं। फूड ई-केवाईसी के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए सभी जेएसओ 30 अप्रैल तक शतप्रतिशत ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। नरवाई के संबंध में उन्होंने कहा कि मुनादि, कृषक चौपाल आदि के जरिए कृषकों को इसके लिए जागरूक करें। समझाईश के बाद भी यदि किसी कृषक द्वारा नरवाई जलाए जाने की घटना सामने आती है तो उस पर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करें। बैठक में आयुष्मान, नलजल योजना सहित अन्य विषयों पर भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर नेहा मारव्या ने किया औचक निरीक्षण, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति का लिया जायजा

**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन तालाबों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो तालाबों का निर्माण सुनिश्चित रूप से गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और भू-जल स्तर सुधार को बढ़ावा मिल सके। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड समनापुर की ग्राम पंचायत सरई के अंतर्गत आने वाले पोषक ग्राम किकरझर में तालाब निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने विकासखंड डिंडौरी के ग्राम पंचायत खाम्ही विदयपुर में भी तालाब का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि जल संसाधनों का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाब न केवल जल संग्रहण में सहायक होते हैं, बल्कि ग्रामीणों की सिंचाई और पशुओं की जलापूर्ति की जरूरतों को भी पूरा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री दीपक आर्मो सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शुक्रवार को संत निरंकारी सत्संग केंद्र पहुंचकर आयोजित रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और रक्तदाताओं तथा स्वयंसेवकों से चर्चा की। श्री कूमट ने शिविर के शुभारंभ के अवसर पर केक काटकर सभी रक्तदाताओं और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक महान दान है, जिससे किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित इस शिविर की सराहना की और अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की। रक्तदाताओं को सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 130 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in
अधिकारी प्रविष्टि
तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी–142) (जनवरी 2026 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित किए जाते हैं।
आवदेन 30 अप्रैल 2025 से 29 मई 2025 तक खुले रहेगें।
OFFICER ENTRY
Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-142) (scheduled in Jan 2026).
Applications open from **30 Apr 2025** to **29 May 2025**.
नोट :
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in
CBC10601/11/0012/2526

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आतंकवाद पर कड़ा प्रहार और विकास का संकल्प

पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण था। पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले की उन्होंने जिस कठोर शब्दों में निंदा की, वह न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत अब किसी भी तरह के आतंकी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण संदेश है, क्योंकि आतंकवाद को अक्सर सीमा पार से समर्थन मिलता है, जो इसे और भी जटिल बना देता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश दिया कि मानवता में विश्वास रखने वाले सभी देश इस लड़ाई में भारत के साथ हैं। यह वैश्विक एकजुटता का आह्वान है, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह एक प्रतिबद्धता है, जो देशवासियों को सुरक्षा का आश्वासन देती है। उन्होंने यह संदेश अंग्रेजी में दिया ताकि यह संदेश दुनिया भर में सुना जा सके।

आतंकवाद के खिलाफ इस कठोर संदेश के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास पर भी जोर दिया। पंचायती राज संस्थाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने लगभग 13,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह राशि ग्रामीण बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश की जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

> प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों (आकाओं) को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास का आधार है और स्थानीय लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का अधिकार देती है। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को अधिक स्वायत्तता देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री मोदी का यह भाषण आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश और ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक संतुलित मिश्रण था। यह उम्मीद की जाती है कि सरकार अपने वादों को पूरा करेगी और देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए काम करेगी। मधुबनी से गूंजा यह संदेश न केवल देशवासियों के लिए, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प और विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एक ऐसा संदेश है जो आने वाले समय में भारत की नीतियों और कार्यों को दिशा देगा।

# पर्यटकों पर हमला- पर्यटन उद्योग को लग सकता है धक्का

सम-सामयिक



> सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। पहलगाम की घटना ने कहीं न कहीं सरकार की उन कोशिशें को गहरा धक्का पहुंचाया है, जो जम्मू और कश्मीर को सामान्य जनजीवन की ओर ले जाने वाली हैं

**विनोद पाठक**

जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का अपना अति महत्वपूर्ण दौरा मध्य में छोड़कर भारत लौट आए हैं। सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। संभवतः पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों की यही कोशिश है कि वो जम्मू और कश्मीर को एक असुरक्षित स्थान के रूप में दुनिया को दिखलाएं।

भारत सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ पहलगाम हमले का मकबूल जवाब देना है तो दूसरी ओर जम्मू और कश्मीर में स्थिति को सामान्य करना भी है। पहलगाम, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है, वहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में देश-दुनिया से पर्यटक पहुंचते हैं। इनदिनों जम्मू और कश्मीर पर्यटकों से भरा पड़ा है। मंगलवार को भी जिस समय पहलगाम की बैसरन घाटी में यह आतंकी घटना घटी, उस समय भी 4000-5000 पर्यटक वहां मौजूद थे। पर्यटन उद्योग जम्मू और कश्मीर की रीढ़ की हड्डी है।

पिछले कुछ वर्षों से जम्मू और कश्मीर में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में 2.11 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 2.36 करोड़ पहुंच गई, जो एक रिकॉर्ड है। पर्यटन से केंद्र शासित प्रदेश के 5 लाख से अधिक लोगों को प्रत्येक और परोक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है।

नब्बे के दशक में जब आतंकवाद जम्मू और कश्मीर में चरम पर पहुंच गया था, तब वहां पर्यटकों की संख्या लगभग शून्य तक पहुंच गई थी, लेकिन वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन के दौरान ऐसे कई प्रयास किए, जिनसे जम्मू और कश्मीर सामान्य जनजीवन की ओर लौटता चला गया।

वहां न केवल विधानसभा चुनाव हुए, बल्कि दुनिया को यह विश्वास हुआ कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है। यही कारण था कि दुनियाभर से बड़ी संख्या में पर्यटकों ने जम्मू और कश्मीर की ओर रुख किया। होटल इंडस्ट्री, हैंडीक्रॉफ्ट, फूड इंडस्ट्री, गाइड, हाउसबोट और अन्य उद्योग पर्यटन से सीधा संबंधित हैं। हर साल करोड़ों रुपए की आमदनी जम्मू और कश्मीर सरकार तथा लोगों को पर्यटन से होती है। पहलगाम हमले से जम्मू और कश्मीर निश्चित रूप से आर्थिक रूप से परेशानी में पड़ेगा। पिछले कुछ समय से जिस तरह से पर्यटन जम्मू और कश्मीर में बढ़ा है, उससे साफ है कि लोगों में सुरक्षा की भावना जागी थी।

अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ने से यह मैसेज दुनिया में गया कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है, लेकिन पहलगाम की घटना ने सरकार के प्रयासों को आघात पहुंचाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह घटना के चंद घंटे में स्वयं श्रीनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सऊदी अरब से लौट आए। सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। देश भर में अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्र सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ देशभर में आक्रोश है। पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों को सबक सिखाने की जनभावना साफ दिख रही है। उरी और पुलवामा हमलों के बाद भारतीय सैन्य बलों ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। ऐसा ही कुछ दोबारा होता दिख रहा है।

**कश्मीर की बुकिंग रद्द कराने लगे लोग :** डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था व्यवस्थित कर रहे हैं। दूसरी तरफ श्रीनगर और जम्मू के बीच एनएच-44 को फिर से जोड़ दिया गया है, ताकि पर्यटक जल्द से जल्द वापसी कर सकें। पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को तबाह कर दिया है। फिलहाल पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द करानी शुरू कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 फीसदी तक टूर रद्द हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया है।

अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसल कर दी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सरस्वती धाम के एक कोने में चुपचाप बैठे, अमरावती के ईश्वर ट्रैवल्स में काम करने वाले 29 वर्षीय टूर मैनेजर शुभम रवींद्र वडकर ने बताया कि उनके फर्म को अब लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वह युवक बहुत परेशान दिखा और स्थिति को संभालने की कोशिश करता रहा। वह अपने ग्राहकों को माता वैष्णो देवी मंदिर और जम्मू में अन्य पर्यटक स्थलों पर जाने के लिए मनाने की कोशिश करता देखा गया। उसने बताया कि हम पहले भी महाराष्ट्र से पर्यटकों को कश्मीर लाते थे, लेकिन मंगलवार के हमले ने पलभर में सब तबाह कर दिया। वडकर ने बताया कि वह अमरावती से 40 लोगों का एक समूह लेकर आया है। हमले के बाद, वह किसी तरह उन पर्यटकों को मुगल रोड के रास्ते जम्मू वापस लाने में कामयाब रहा।

जम्मू में पार्टनरशिप के तहत एप्पल टूर एंड ट्रैवल्स चलाने वाले 50 वर्षीय अमनीश शर्मा ने कहा कि उनकी बुकिंग में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, हम हाई कैटगरी के पर्यटकों को एसी कैब की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हम खुश थे कि व्यापार में तेजी आने लगी है, लेकिन अब सब कुछ अचानक खत्म हो गया है। केवल एक दिन में हमारी 70 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। पटना से ऑल जम्मू होटल्स एंड लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आगामी अमरनाथ यात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैं केंद्र से जोरदार अपील करता हूं कि आगामी तीर्थयात्रा को सेना को सौंप दिया जाए ताकि लोगों में कोई डर न रहे। दरअसल, मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद हजारों पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं। अधिकारी भी पर्यटकों को उनके गृह राज्यों में सुरक्षित वापस भेजने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यटकों का राज्य से पलायन देखना दिल दहला देने वाला है। लेकिन साथ ही हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं।

सरकार की प्रथम प्राथमिकता निश्चित रूप से जनता में विश्वास लौटना तथा जम्मू और कश्मीर में दोबारा स्थिति को सामान्य करना है। पहलगाम में आतंकी हमले ने कहीं न कहीं जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की रीढ़ को तोड़ने का प्रयास किया है। उम्मीद यही है कि स्थिति जल्द सामान्य होगी और एक बार फिर पहलगाम की वादियों में पर्यटक चहलकदमी करते हुए दिखेंगे।

# बिहारी मुसलमान हैं बांग्लादेश में 'अटके हुए पाकिस्तानी'

अन्तर्राष्ट्रीय



> 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना का साथ देने वाले बिहारी मुसलमान बांग्लादेश में देशद्रोही माने जाते हैं, तो पाकिस्तान भी उन्हें अपनाना नहीं चाहता। उनकी उर्दू भाषा और एक खास सांस्कृतिक पहचान ने उन्हें बंगाली भाषी पूर्वी पाकिस्तानी आबादी से अलग कर दिया था। इन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा।

**विवेक शुक्ला**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए बीते दिनों राजनयिक स्तर पर ढाका में बातचीत हुई। बातचीत शुरू होते ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के नागरिकों के कत्लेआम के लिए माफी मांगने और 36 हजार करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग रख दी। इस पर पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच हक्की-बक्की रह गईं। खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश ने अपने यहां रह रहे लाखों बिहारी मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने का मुद्दा भी उठाया।

भारत के विभाजन के वक्त 1947 में बिहार से कई उर्दूभाषी मुसलमान पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में चले गए थे। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद बिहारी मुसलमान वहीं रह गए थे। इन्हें 'स्ट्रेंडेड पाकिस्तानी' भी कहा जाता है। बांग्लादेश में रह रहे इन बिहारी मुसलमानों ने भारत के बजाय पूर्वी पाकिस्तान को इसलिए चुना था, क्योंकि यह बिहार के करीब था, वहां की संस्कृति, भौगोलिक स्थिति और आर्थिक अवसर उनके लिए अधिक परिचित थे। ये लोग मुख्य रूप से रेलवे, व्यापार और प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत थे। उनकी उर्दू भाषा और एक खास सांस्कृतिक पहचान ने उन्हें बंगाली भाषी पूर्वी पाकिस्तानी आबादी से अलग कर दिया था। इन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा। बिहारी मुसलमान ढाका, चटगांव और खुलना जैसे शहरों में रहते हैं।

बांग्लादेश के लेखक सरवर हुसैन कहते हैं कि बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति युद्ध में बिहारी मुसलमान पाकिस्तानी सेना के साथ खड़े थे और बड़ी संख्या में बंगाली विद्रोहियों के खिलाफ हिंसा में भाग ले रहे थे, लेकिन 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के दुनिया के नक्शे पर आते ही बिहारी मुसलमानों के बुरे दिन आ गए। नए देश में बंगाली मुसलमानों ने बिहारी मुसलमानों को 'देशद्रोही' और 'पाकिस्तान समर्थक' के रूप में देखा।

हाल ही में जब पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मिल रही थीं, तब बिहारी मुसलमानों को जरूर उम्मीद रही होगी कि दोनों देश उनके भविष्य को लेकर कोई गंभीर चर्चा करेंगे। ये न तो पूरी तरह से बांग्लादेशी समाज का हिस्सा बन पाए हैं और न ही अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता कहने वाला पाकिस्तान इन्हें अपने यहां लेने को तैयार है। हालांकि, इन बिहारी मुसलमानों की पाकिस्तान को लेकर निष्ठा रही है। ये पाकिस्तान के लिए पहले भारत को और फिर बांग्लादेश को खारिज कर चुके हैं। बांग्लादेश में ज्यादातर बिहारी मुसलमानों के पास मतदान का भी अधिकार नहीं है। इन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलती। ये छोटी-मोटी नौकरी करके अपना गुजारा करते हैं। ये ढाका के मीरपुर के शरणार्थी शिविरों में मुख्य रूप से रहते हैं। इन शिविरों में बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छ पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। इनके पुरखे पटना, बेगूसराय, जमालपुर, सहरसा आदि जगहों से पूर्वी पाकिस्तान चले गए थे। अगर बात पाकिस्तान की करें, तो उसने 1971 की जंग के बाद करीब सवा लाख बिहारी मुसलमानों को कराची, लाहौर और हैदराबाद में बसाया था, जबकि सवा पांच लाख से अधिक लोगों ने पाकिस्तान जाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन पाकिस्तान ने शेष बिहारियों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान का दावा था कि सभी 'पाकिस्तानी' नागरिक वापस आ चुके हैं, जबकि हकीकत में बिहारी समुदाय के ज्यादातर लोग बांग्लादेश में ही रह गए। पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए लगता है कि वह बिहारी मुसलमानों को अपना नहीं सकेगा। उधर, बांग्लादेश भी बिहारी मुसलमानों को अपनाने के लिए तैयार नहीं है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इनकी स्थिति बेहद खराब है। हालांकि, सन 2008 में बांग्लादेश में?कुछ बिहारी मुसलमानों को देश की नागरिकता दे दी गई थी। बेशक, बिहारी मुसलमान भारत-पाकिस्तान विभाजन और बांग्लादेश की स्वतंत्रता के परिणामों का एक दुखद उदाहरण हैं। 1947 में अपने घरों को छोड़कर एक नए देश में बेहतर भविष्य की उम्मीद में गए ये लोग 1971 के बाद बांग्लादेश में 'अटके हुए पाकिस्तानी' बन गए। उनकी उर्दू भाषा, सांस्कृतिक पहचान और पाकिस्तानी सेना के साथ कथित संबद्धता ने उन्हें बंगाली समाज से अलग-थलग कर दिया। पाकिस्तान ने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कारणों से इस समुदाय को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप लाखों बिहारी आज भी बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों में कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि बांग्लादेश में फंसे हुए बिहारी मुसलमानों को न तो पाकिस्तान अपनाने के लिए तैयार है और न ही बांग्लादेश अपना मानता है।

प्रसंगवश

# राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी व्यवस्था का अभाव

दुनिया भर में लगभग सभी देशों में स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर बहुस्तरीय कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जरूरी होने पर नियम-कायदे भी लागू किए जाते हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत सारे देशों में स्कूल परिसरों और उसके आसपास उपलब्ध खानपान की चीजें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कैसा असर डालेंगी, उसे ध्यान में रख कर ठोस नियम लागू नहीं किए जाते।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यानी आज भी ऐसे बहुत सारे स्कूल हैं, जहां बच्चों को खाने-पीने के सुरक्षित सामान नहीं मिलते और करीब चालीस फीसद देशों की सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेतीं। असुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उपाय नहीं किए गए हैं।

विडंबना है कि इस मसले की गंभीरता को जानते-बूझते हुए भी न तो सरकार की ओर अपेक्षित सख्ती बरती गई और न ही स्कूलों ने अपनी ओर से कोई गंभीरता दिखाई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे संघर्ष के हालात और अस्थिरता की वजह से जिस तरह खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ रही हैं, उसके बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्कूली बच्चों की सेहत के साथ शिक्षा के क्रम को जारी रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

स्कूल भोजन प्रावधान पर केंद्रित एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसर में खाद्य विपणन पर कुछ सीमाओं की सूचना दी और 52 प्रतिशत ने स्कूल परिसर में या उसके आस-पास अनुमत खाद्य पदार्थों पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाए।

> संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्क़तिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और खाद्य प्रणालियों सहित कई क्षेत्रों में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। शिक्षा और पोषण के बीच संबंधों पर कम शोध किया गया है, जिसमें डेटा संग्रह और कार्यक्रमों और परिणामों की निगरानी शामिल है।

स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस मानक या कानूनी व्यवस्था न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। हालांकि इसे लेकर आए दिन सरकार के संबंधित महकमों की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किए जाते हैं कि वे अपने परिसर में या उसके आसपास उन खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाएं जो बच्चों की सेहत के लिए जोखिम भरे हैं।



## ॥गीता॥



**श्लोक :** कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया॥

**भावार्थ :** हे योगेश्वर! मैं किस प्रकार निरंतर चिंतन करता हुआ आपको जानूँ और हे भगवन! आप किन-किन भावों में मेरे द्वारा चिंतन करने योग्य हैं

जीवन दर्शन

# दुःख और पीड़ा में मन को रखें सजग और स्थिर

कई बार ऐसा होता है कि लोग बार-बार चोट खाते हैं और उसका परिणाम यह होता है कि वह टूट जाता है, किसी मानसिक परेशानी का शिकार हो जाता है। वह चाहकर भी अपने मन को उस दुःख और पीड़ा से बाहर निकालकर खुद को सजग और सहज नहीं रख पाता। लेकिन ऐसी परिस्थिति उस व्यक्ति के नार्मल लाईफ के लिए खतरनाक है और ऐसे में उसे कुछ ऐसी चीजों का सहारा लेना चाहिए, जिससे उसका मन स्थिर और हील रहे।

किसी से बार-बार चोट खाने से मन में उस व्यक्ति के प्रति केवल गुस्सा, अन्याय, निराशा,घृणा जैसा भाव रहता है, जिससे उस व्यक्ति का तो कुछ नहीं बिगड़ता लेकिन हमारी सारी ऊर्जा इन नकारात्मक भावनाओं के चपेट में आकर सूख जाती है। मन अस्थिर और पीड़ा से भरा रहता है और हम खुद को पूरी तरह दुनियादारी से अलग कर लेते हैं। कोई बार-बार मन को चोट पहुंचाये, फिर भी खुद को सकारात्मक रख सकें, दुर्व्यवहार करने वाले के प्रति भी अच्छी भावना रख सकें,



इसके लिए आपको इस दुःख से उबरना ही पड़ेगा, अगर आप इस संसार में सार्थक होकर जीना चाहते हैं। आपको ये सोचना है कि सामने वाला अगर आपको हर्ट कर रहा है, तो शायद इसकी इजाजत आप दे रहे हैं। आपको कोइ तब तक नुकसान नहीं पहुंचा सकता है, जब तक आप खुद तकलीफ में ना हों। इसलिए जरूरी है कि पहले खुद को हील करने का तरीका तलाश करें। कई बार दुःख और पीड़ा में हम हीनता का भी शिकार हो जाते हैं। हम सोच लेते हैं कि हम इसी काबिल हैं या मेरी ही गलती है। इससे हम ना केवल सामने वाले को और अधिक मौका देते हैं बल्कि खुद को भी पीड़ित बना लेते हैं। इसलिए, जरूरी है कि क्लोजर के लिए या खुद को मुक्त करने के लिए खुद को ये समझाएं कि आप इससे बेहतर डिजर्व करते हैं और इससे कहीं अधिक खुशी के काबिल हैं। खुद की मानसिक अवस्था को मजबूत करना जरूरी है। इसलिए, आत्म-स्वाध्याय करें और अपने आत्म-संवाद को सुधारें। अपने विचारों को नियंत्रित करें। इसके लिए मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं। मेडिटेशन आपको अपनी भावनाओं के प्रति जागरुक और सजग रखेगा। अपने जीवन के प्रति समर्पित रहें और धैर्य रखें। चोट पहुंचाने वाले के प्रति आपकी दृढ़ता और सहनशीलता महत्वपूर्ण है। चोट पहुँचाने वाले के प्रति नफरत भाव रखने के बजाय सहानुभूति और दया दिखाएं। उसे समय दें और उसके दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करें। इससे न केवल आपकी मानसिकता अच्छी रहेगी बल्कि मन सक्कारात्मक रहेगा और मानसिक थकान कम होगी।

**चंदा कुमारी**

## संक्षिप्त खबरें

### आईटी के बाद होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव

**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव के बाद मंदसौर में 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी,इसके लिए सरकार ने अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर होगा। 27 अप्रैल को होने वाले इस कॉन्क्लेव में देश - दुनिया के टेक दिग्गज जुटेंगे। उन्होंने बताया कि जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

### भुसावल में मिले रामानंद संप्रदाय के लापता स्वामी रामनरेशाचार्य

**जागरण, जबलपुर।** रामानंद संप्रदाय के लापता प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य भुसावल में मिल गए हैं। संत कटनी-भुसावल ट्रेन में भूलवश बैठकर भुसावल पहुंच गए थे। अब आरपीएफ और जीआरपीएफ की टीम उन्हें लेकर जबलपुर आ रही है। श्रीधाम एक्सप्रेस पिपरिया के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आई थी। इसी दौरान संत जी ट्रेन से नीचे उतर गए और उसके बाद फिर प्लेटफार्म पर ही टहलने लगे। इस बीच श्रीधाम एक्सप्रेस स्टेशन से निकल गई, जिसके बाद वहीं बगल में ही तीन नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी कटनी-भुसावल ट्रेन में बैठकर महाराज जी भुसावल पहुंच गए। बता दें कि रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में रामनरेशाचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की थी। इससे पहले दोपहर में सूचना आई थी कि रामनरेशाचार्य ट्रेन से भोपाल से जबलपुर आते समय लापता हो गए हैं, उनकी अंतिम लोकेशन पिपरिया रेलवे स्टेशन पर मिली थी। मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने काफी देर तक उन्हें तलाशा लेकिन वे जब नहीं मिले तो जीआरपी और आरपीएफ को उनके लापता होने की सूचना दी। स्वामी रामनरेशाचार्य को भोपाल से लेकर जबलपुर तक के सभी स्टेशनों पर तलाश किया था लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला था। स्वामी रामनरेशाचार्य भोपाल से गुरुवार सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हुए थे। रामानंद संप्रदाय के प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य का जबलपुर में एक सप्ताह कार्यक्रम था।

# भूपेंद्र के बाद लोधी ने लगाया फोन टैप होने का आरोप

## मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक ही शासन-प्रशासन पर खड़े कर रहे सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक अपनी ही सरकार के शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पिछले दिनों पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने समर्थकों के कॉल डिटेल्स निकलवाने के आरोप लगाए थे, तो गुरुवार को पार्टी के ही पिछोर विधायक प्रतीम सिंह लोधी ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर पर फोन टैप कराने का आरोप लगाया। दरअसल विधायक प्रतीम लोधी गुरुवार को शिवपुरी में वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर



आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी पर उनके फोन टैप करवाने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि पिछोर में 30 साल बाद भाजपा जीती है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एसपी पूर्व विधायक के इशारे पर दुर्भावनापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों भाजपा के जिन नेताओं पर हमले हुए और जिन्हें प्रताड़ित किया गया, उनकी रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**अधिकारियों का पानी-पेशाब बंद कर दूंगा**

विधायक लोधी ने मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम लिए बिना कहा कि हमारे क्षेत्र में काम नहीं कराए जा रहे हैं। यदि अधिकारियों ने हमारे काम नहीं किए तो मैं उनके नल, बिजली के कनेक्शन काट दूंगा और उनका पानी-पेशाब बंद कर दूंगा। लोधी ने सभा के बाद वहां के कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रीतम लोधी और एसपी के बीच बहस भी हो गई।

### पिछोर जिला नहीं बना तो दिल्ली कूच करेंगे

लोधी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछोर को जिला बनाने का वादा किया था। लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। अगर पिछोर को जिला नहीं बनाया गया तो वे जनसमूह के साथ दिल्ली कूच करेंगे। हालांकि उन्होंने यह कहा कि उनका प्रदर्शन सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि पुलिस अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन किया गया है।

### भूपेंद्र ने जासूसी का लगाया था आरोप

पिछले साल नवंबर में खुरई से भाजपा के विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर में जिला योजना समिति की बैठक में सागर



एसपी और अन्य स्थानीय पुलिसअधिकारियों पर जासूसी कराने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस कुछ लोगों को धमकियां देकर उनकी कॉल डिटेल्स का दुरुपयोग कर रही है। इस पर जब एसपी ने सफाई दी कि कॉल डिटेल्स निकालना पुलिस अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इस पर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मुझे सफाई नहीं चाहिए, मैं गृह मंत्री रहा हूं, मुझे सब पता है।

## खुद गिरफ्तार होने थाने पहुंचे मऊगंज भाजपा विधायक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मऊगंज से भाजपा विधायक प्रदीप पटेल एक बार फिर चर्चा में हैं। गुरुवार को पटेल नईगढ़ी थाने पहुंचे और कहा थानेदार लोगों से कह रहे थे कि विधायक को गिरफ्तार करेंगे, इसलिए मैं स्वयं आ गया हूं। विधायक के थाने पहुंचने पर थानेदार नदारत रहे। विधायक पटेल के मुताबिक उन्हें जानकारी हुई कि एक पत्रकार को यहां के प्रभारी कलेक्टोरेट से ले गए हैं। इस पर मैंने पत्रकार से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। बाद में उन्हें बताया गया कि कि थाना प्रभारी ने कहा अगला नंबर हमारा (विधायक) का है। उन्हें भी घसीट कर ले जाएंगे। इस पर मैं यह जानने थाने आया कि आखिर उनके खिलाफ कौन सा मुकदमा है और मुझे थाना प्रभारी घसीट कर क्यों लाना चाहते हैं। इसलिए मैं स्वयं ही गिरफ्तारी देने आ गया हूं। मैंने आवेदन दिया है, जिसमें अपने खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध होने की जानकारी मांगी है। पटेल ने बताया कि मेरे आवेदन पर जवाब मिल गया है कि मेरे खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं है। फिर भी मैं यह जानने थाने में बैठा हूं कि थानेदार साहब से किसी ने मेरी मौखिक शिकायत तो नहीं की है। इस संबंध में



पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने भी उनके खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं होने की जानकारी दी है। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल अपनी गिरफ्तारी देने गुरुवार दोपहर करीब 1.45 बजे नई गढ़ी थाने पहुंचे। इसके बाद विधायक लगभग 7 बजे फिर से थाने पहुंचे, जहां आवेदन के जवाब में लिखित में जानकारी दी गई कि उनके खिलाफ काई आपराधिक मामला पंजीबद्ध नहीं है।

### पत्रकार भी धरने पर बैठे

दरअसल किसी मामले को लेकर नईगढ़ी पुलिस द्वारा एक पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसे गलत बताते हुए पत्रकार धरने पर बैठे हुए हैं। इसी मामले पर विधायक ने संबंधित पत्रकार के मोबाइल पर कॉल लगाकर संपर्क साधने की कोशिश की, तो कॉल रिसीव नहीं हुई। कहा जा रहा है कि इसी कॉल के दौरान थाना प्रभारी ने विधायक को घसीटकर गिरफ्तार करने की बात कही थी। जिसकी जानकारी विधायक को लगी, तो वह स्वयं थाने पहुंच गए और उन्हें गिरफ्तार करने की बात की गई। विधायक के थाने पहुंचने पर वहां अफरा-तफरी मच गई ।

# कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया गया पुनरीक्षित

## मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी ने आदेश किया जारी

**विसं, भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया। कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित शासकीय सेवक के स्थान पर कंपनी कार्मिक प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है। जानकारी के अनुसार 7 लाख अथवा इससे अधिक जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से अधिक पर 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अनुसार देय मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

### इन कार्मिकों को नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कार्मिकों को कंपनी आवास गृह आवंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हों अथवा जिन्हें किराया रहित आवास गृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो, उन्हें देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी व दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कार्मिकों को देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा संबंधी दिशा निर्देश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होंगे।

## लोक अदालत में बिजली चोरी के प्रकरण होंगे हल

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत

**10 मई को लगेगी अदालत**

अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

# वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम करेंगे अपने घरों में अंधेरा

## 30 अप्रैल को रात 9 से 9:30 के बीच होगा ब्लैक आउट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम परिवार अपने घरों में अंधेरा करने जा रहे हैं। जानकारी अनुसार ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की भोपाल में हुई एक अहम बैठक में यह फैसला किया गया है। पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि वक्फ बिल पर चर्चा को लेकर गत दिवस शूरा की एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें यह किया गया कि हमें निरंतर इस कानून का विरोध करना है। इसी कड़ी में 30 अप्रैल को भोपाल में सभी मुस्लिम परिवार अपने घरों में रात 9 से 9:30 बजे तक लाइट बंद रखेंगे। यह आधे घंटे का टोटल ब्लैक आउट रहेगा जो कि एक प्रकार का संकेत है कि हम वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हैं।




### बिल के वापस होने तक जारी रहेगा विरोध

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में कई मुस्लिम संगठन और उनके मुखिया मौजूद थे। बैठक में सुन्नी उलेमा के साथ शिया उलेमा भी मौजूद थे। इस्लाम के दो बड़े पंतों के धार्मिक गुरुओं ने एक साथ वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया। नया कानून देश में वक्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए लाया गया है। मौजूद काजी अजमत शाह मक्की ने बताया कि धर्मगुरुओं की एक ही राय है कि जब तक बिल वापस नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रखा जाए। बैठक में मप्र से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मेम्बर हाफिज तकी, मुफ्ती जका उल्ला, मुफ्ती जुनैद, मौलाना तसव्वुर हुसैन, मौलाना मसीह आलम, जमीयत उलमा ए हिन्द मध्यप्रदेश के सदर मौलाना अहमद, जमाते इस्लामी हिन्द मप्र के नायब अमीर डॉ. शाहिद, शिया आलिम मौलाना अजहर हुसैन रिज्वी, अजहर हुसैन शामिल रहे।

# 32 घंटे बाद मिला सांसद के मीडिया हैंडलर का शव

## शादी के हफ्तेभर पहले नर्मदा में कूदकर दी जान

**जागरण, बड़वानी।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी के सोशल मीडिया हैंडलर महेंद्र भाटी ने नर्मदा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली है। 32 घंटे चली तलाशी के बाद गुरुवार देर शाम करीब 7.30 बजे उनका शव मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए रखवा दिया है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे कसरावद पुल पर महेंद्र की बाइक और जूते मिले थे। नर्मदा में छलांग लगाने की आशंका को देखते हुए गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम नर्मदा में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। बड़वानी व धार जिले की सीमा पर खंडवा-बड़ौदा राजमार्ग पर छोटी कसरावद गांव में बने नर्मदा के बड़े पुल पर परिजनों और परिचितों का जमावड़ा लगा रहा। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम एसडीईआरएफ टीम ने शव बरामद किया।



### 1 मई को होने वाली थी शादी

ग्राम कल्याणपुरा निवासी महेंद्र का हफ्तेभर बाद विवाह होना था। 30 अप्रैल से वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने वाले थे। 1 मई को बारात जानी थी। इसे लेकर पिछले दिनों से महेंद्र व परिजन तैयारियों में जुटे थे। सारी तैयारियां हो चुकी थी। कार्ड भी बांटे जा चुके हैं। शादी भी महेंद्र की पसंद से ही हो रही थी। दो-तीन दिन पूर्व ही महेंद्र ने इंदौर जाकर शादी का सामान खरीदकर लाया था। बुधवार को आम दिनों की तरह वो तैयार होकर सुबह 8 बजे घर से बाइक लेकर निकला। कुछ देर बार वापस आया और फिर चला गया। इसके बाद फेसबुक पर पोस्ट लिखने व नर्मदा पुल पर बाइक-चप्पल मिलने की सूचना मिली थी।

# प्रदेशभर में अभियान चलाकर रोके जाएंगे बाल विवाह

## विभाग ने सभी कलेक्टर को लिखा पत्र, बताई गाइडलाइन

**विसं, भोपाल।** राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत अक्षय तृतीया पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके लिए विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखे है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह पहल देश में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा किशोरियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई है। एनएफएचएस-5 के आकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। जिलों के कलेक्टर को पत्र में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिये विशेष गतिविधियों करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिये विशेष रणनीति तय की गई है। श्रीमती शमी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। 28 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच एवं सचिव बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे, जिसे पंचायत भवनों में प्रदर्शित किया जाएगा। 29 अप्रैल को आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर आम जनता को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाएँ गांवों में सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रयास करेंगी।

# हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं हुई, कैसे बहाल कर दिए अधिकारी

## उपभोक्ता मंच ने मुख्य सचिव को भेजा लीगल नोटिस

**जागरण, जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर ने उमरिया में 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी न होने के बावजूद निलंबित अधिकारियों को बहाल किए जाने के रवैये को अनुचित माना है। इसी के साथ जबलपुर के बरगी क्षेत्र में हाथी की मौत पर कार्रवाई नदारद होने को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। एनजीटी के आदेश पर चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया है। इसी के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव को इस संबंध में लीगल नोटिस भेज दिया है। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में है, उनकी मौतें हो रही हैं। लेकिन अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है, जो चिंता का सबब है। इसीलिये सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव के साथ लीगल नोटिस भेजा गया है। उमरिया के प्रकरण के अलावा जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हुई। इसीलिए अधिवक्ता



प्रभात यादव के जरिए लीगल नोटिस भिजवाया गया है। बरगी में हुए हाथी की मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया था कि मध्यप्रदेश एलीफेंट बियरिंग स्टेट नहीं है, अतः प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाइन बनाना चाहिये। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मानिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्यवाही करने को कहा था। लेकिन न तो अभी तक जांच पूरी हुईए न ही अधिकारियों पर कार्यवाही हुई। बाहर के राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों के जीवन सुरक्षा हेतु गाइडलाइन भी अभी तक नहीं बनी हैए जबकि आदेश को जारी करने हुए चार वर्ष बीत चुके हैं। जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई।

## एसबीसी का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव पर अंतरिम रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने काउंसिल के चेयरमैन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने यह भी पूछा है कि किस अधिकार से यह निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेचा और अधिवक्ता नरेंद्र जैन की ओर से याचिका दायर कर कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी ने बताया कि वर्ष 2020 में राज्य अधिवक्ता परिषद ने चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार काउंसिल का कार्यकाल 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त होना चाहिये, युगलपीठ को बताया गया कि परिषद ने 11 फरवरी 2024 को कार्यकारिणी की बैठक कर परिषद का कार्यकाल दो साल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें दावा किया गया कि कोविड-19 महामारी के चलते परिषद के कार्यों में रुकावट आई है, इसलिए कार्यकाल बढ़ाना चाहिये। इसके बाद जुलाई 2024 को जनरल बॉडी मीटिंग बुलाकर प्रस्ताव पारित कर दिया।

**बैठक** | सीएम ने ली अलग-अलग विभागों की बैठक, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

# एमएसएमई उद्योगों के जरिए सुनिश्चित किया जाए रोजगार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को अपने निवास पर कई विभागों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लक्ष्य किसी भी स्थिति में पूरे होने चाहिए, जिससे प्रदेश का समग्र विकास हो सके। एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए सीएम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परंपरागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुए भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी।



### मध्यप्रदेश हर परिस्थिति में केन्द्र के साथ : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। सीएम ने अपने मीडिया संदेश में कहा कि केन्द्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केन्द्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केन्द्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। प्रधानमंत्रीके नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मप्र सरकार सभी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के साथ है।

### प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए

अपने निवास स्थित समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित रोजगारपरक शिक्षा दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालयों में शोध केंद्र स्थापित कर शोध कार्यों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ऐसे क्षेत्रों में, जहां नए महाविद्यालय खोलने की अत्यंत आवश्यकता है, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में, अधिकाधिक महाविद्यालय खोले जाएं। इससे जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को निकट स्थान पर उच्च शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को महाविद्यालयों में दो शिफ्ट में अध्यापन कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर सिस्टम भी आवश्यकतानुसार जारी रहे।

# जंगली क्षेत्र में अज्ञात कारणों से तेंदुए की मौत

**जागरण, राहतगढ़।** सागर जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिकारपुर के पास जंगल में एक तेंदुए की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों ने जांच शुरू की। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम शिकारपुर के पास जंगल में एक तेंदुआ पड़ा हुआ है। इसके बाद रेंजर दिनेश कौशल ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसमें एसडीओ विनीता जाटव रेंजर दिनेश कौशल डिप्टी रेंजर निर्भान सिंह राजपूत वनरक्षक रितेश चौहान गणेश यादव मोतीराम घोषी सहित पशु चिकित्सक एवं सागर से आए डॉग स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही करते हुए वन विभाग एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने जांच पड़ताल की एवं साक्ष्य जुटाए। फिलहाल में उक्त तेंदुए की अज्ञात कारणों से मौत होने की बात कही जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत होने के कारण का पता चलेगा। जानकारी के मुताबिक मौके से तेंदुए को बरामद कर उसके शव परीक्षण के लिए वन विभाग की टीम जबलपुर स्थित विटनरी लेब लेकर पहुंची। यहां से मृत तेंदुए का पीएम होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### उज्जैन में तेंदुए का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जागरण, उज्जैन।** जिले के महिदपुर में गुरुवार को तेंदुए का शव मिला है। झारखेड़ी गांव से 2 किलोमीटर बैजनाथ के पास तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची उज्जैन वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। तेंदुआ के सभी दांत, नाखून, पूंछ सहित पूरा शरीर मिला है। इसके चलते शिकार होने का कोई सबूत नहीं मिला है। डीएफओ पीडी गेब्रियल ने बताया कि गांव के नाले के पास तेंदुए का शव मिला है। शव की जांच करने पर शिकार होने का कोई सबूत नहीं मिला है। आसपास झाड़ियों की सर्चिंग में किसी अन्य जानवर या आपस में मुठभेड़ के भी निशान नहीं मिले हैं। महिदपुर में ही डॉक्टरों की टीम ने शव का पीएम किया है। विसरा कलेक्ट कर लिया है। तेंदुआ की डेथ नेचुरल दिखाई दे रही है। बॉडी के सभी पार्ट्स हैं। हालांकि ये पता नहीं चल पा रहा है कि तेंदुआ यहां तक आया कैसे। बेजना के आसपास जंगल भी नहीं है। फिलहाल पूर मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी, जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े को 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। उन्हें दलील के साथ दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट और निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा भी देना है। गौरतलब है कि 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गुजरात सरकार ने इस मामले में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

### कांग्रेस नेता महेश शर्मा को ईडी ने किया गिरफ्तार

**जयपुर, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महेश जोशी को जल जीवन मिशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। ईडी कार्यालय में दिनभर की पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने घोटाले से संबंधित दस्तावेज उन्हें दिखाए और विस्तृत जवाब मांगे गए। जानकारी के अनुसार, महेश जोशी को ईडी ने कई बार समन जारी किया था, लेकिन वह व्यक्तिगत कारणों से पूछताछ में शामिल नहीं हो सके थे। गुरुवार को जोशी अपने निजी सहायक के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे, जहां अधिकारियों ने उनसे कथित घोटाले के विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की। यह मामला केंद्र सरकार की 'हर घर जल' योजना के तहत चल रहे जल जीवन मिशन से जुड़ा है। 2021 में श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी और श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के ठेकेदारों ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर करोड़ों के टेंडर हासिल किए थे। जांच में सामने आया कि कंपनी ने 68 निविदाओं में भाग लिया, जिनमें से 31 टेंडर जीतकर कंपनी ने 859.2 करोड़ रुपए के अनुबंध हासिल किए। वहीं, श्री श्याम ट्यूबवेल ने 169 निविदाओं में हिस्सा लिया और 73 में एल-1 चयनित हुई।

### गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था-आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकीभरा मेल आया था। तब वे पूर्वी दिल्ली से सांसद थे। गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और इसका करारा जवाब देने की मांग की थी। गंभीर ने एक्स पर लिखा था कि मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कीमत चुकानी पड़ेगी। गंभीर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से टीम इंडिया के हेड कोच हैं। इससे पहले वह आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर के साथ जुड़े हुए थे। गंभीर की अगुआई में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।



## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों का पलायन, पर्यटन उद्योग को लगा गहरा झटका

# चंद पलों में वीरानी में बदली पहलगाम की रौनक

### उधमपुर में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन, सेना का जवान शहीद

**पहलगाम, जेएनएन।** पहलगाम में आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन उद्योग की जड़ें हिला दी हैं, जो हाल ही में महामारी के बाद पटरी पर लौटने लगा था। हमले के बाद बुधवार को पाहलगाम के होटलों से पर्यटकों का पलायन शुरू हो गया। वे होटल जो सप्ताहांत के लिए पूरी तरह बुक थे, अब खाली पड़े हैं। रेस्टोरेंट्स जहां कल तक चहल-पहल थी, आज सन्नाटा पसरा है। बुकिंग्स रद्द हो रही हैं और स्थानीय व्यवसायी सकते में हैं।

उधर, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है। आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। साथ ही जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध हमला करने का मौका तलाश रहे थे।




बैसारन मैदान में चली गोलियों की गूंज से घाटी में छाई खामोशी, दुकानें बंद, लोग चुप

### यूएस की सलाहः अमेरिकी न जाएं जम्मू-कश्मीर

गुरुवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका ने इस एडवाइजरी में नागरिकों को जम्मू-कश्मीर ना जाने की सलाह दी है। एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों को पहलगाम समेत कश्मीर घाटी से दूर रहने के साथ-साथ स्थानीय मीडिया पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एडवाइजरी में कहा गया है, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है।

### सुप्रीम कोर्ट में सैलानियों की सुरक्षा पर एक और याचिका

पहलगाम हमले के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक और जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में देश के सभी पर्यटन स्थलों की सुनिश्चित सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। इस याचिका पर इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने पहलगाम में हमले का जिक्र करते हुए दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सटीक कदम उठाए जाने की मांग की गई है।

### भारत में रिलीज नहीं होगी फवाद की 'अबीर गुलाल'

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की बॉलीवुड कमबैक फिल्म 'अबीर गुलाल' अब 9 मई को रिलीज नहीं होगी। फिल्म में फवाद के साथ वाणी कपूर लीड रोल में हैं। पुलवामा हमले के बाद पहली बार किसी पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म भारत में रिलीज हो रही थी। उरी और पुलवामा हमले के बाद भारत में पाक कलाकारों पर बैन लगा दिया था। दोनों बार बैन हटा लिया गया था। अब थिएटर मालिक 'अबीर गुलाल' की स्क्रीनिंग के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने अपने फैसले की जानकारी मेकर्स को दे दी है।

### पाक सरकार की वेबसाइट और एक्स अकाउंट ब्लॉक

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट की देश में पहुंच रोक दी है। पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे। हालांकि पाकिस्तान और भारत के बाहर अन्य देशों में यह अकाउंट एक्टिव दिखेगा। एक्स हैंडल के अलावा पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक वेबसाइट को भी भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में https://pakistan.gov.pk/ को एक्सेस नहीं किया जा सकता है।

### पार्थिव शरीर घर लौटे, पूरे देश में शोक और आक्रोश

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के पार्थिव शरीर जब उनके घर लौटे, तो महज मातम नहीं, बल्कि पूरे देश में न्याय और जवाबदेही की मांग भी गूंज उठी। यह हमला सिर्फ कुछ परिवारों की नहीं, पूरे देश की त्रासदी बन गया। रांची पहुंचे आईबी अधिकारी मनीष रंजन को श्रद्धांजलि के बाद पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के गांव ले जाया गया। अरुणाचल प्रदेश के वायुसेना कर्मी कॉर्पोरल टेज हैलियांग की पार्थिव देह गुवाहाटी पहुंची। गुजरात से गए यतीश परमार और उनके बेटे स्मित की पार्थिव देह अहमदाबाद पहुंची, तो वहां श्रद्धांजलि दी। सूरत निवासी सुरेश कलाठिया की पार्थिव देह उनके परिवार के साथ मुंबई से सूरत लाई गई।

## नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी विकास को अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में 25 साल की जेल की सजा काट रहे विकास यादव को उसकी बीमार मां से मिलने के लिए गुरुवार को आठ मई तक अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने विकास को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। इनमें उसे गाजियाबाद स्थित अपने घर में ही रहना होगा। वह नीतीश कटारा की मां नीलम कटारा समेत किसी भी गवाह से संपर्क नहीं कर सकता। उसे एक लाख रुपए का बेल बॉन्ड और उतनी ही राशि की एक जमानत देनी होगी।

विकास यादव उप्र के नेता डीपी यादव का बेटा है। इस केस में उसका चचेरा भाई विशाल यादव भी दोषी पाया गया है। दोनों को व्यवसायी नीतीश कटारा के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया गया था। इस हत्या का कारण बताया गया कि नीतीश कटारा और भर्तरी यादव (विकास की बहन) के बीच रिश्ते थे। यादव परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था, क्योंकि दोनों अलग-अलग जातियों से आते थे। मामले में एक और दोषी सुखदेव पहलवान को 20 साल की सजा सुनाई गई थी, जिसमें किसी भी तरह की छूट नहीं दी गई। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने विकास और विशाल को बिना किसी छूट के 30 साल की सजा तय की थी। दिल्ली जेल प्रशासन ने भी पिछले साल विकास यादव की छूट की अर्जी खारिज कर दी थी, क्योंकि जेल में उसका व्यवहार संतोषजनक नहीं पाया गया।

### चार मई को फिर होगी महागठबंधन की बैठक

## विपक्ष ने उठाए इंटेलिजेंस चूक पर सवाल

**पटना, जेएनएन।** सदाकत आश्रम में गुरुवार को महागठबंधन की दूसरी बैठक हुई। बैठक के बाद महागठबंधन ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 4 मई को महागठबंधन की सभी पार्टियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। वहीं तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के नेताओं नें पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। तेजस्वी ने बताया कि 25 अप्रैल को शाम 7 बजे से कैंडल मार्च होगा। इसके अलावा कांग्रेस ने भी 25 अप्रैल को देश भर कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की है। इसमें गठबंधन के सभी लोग शामिल होंगे। पटना में मार्च इनकम टैक्स से डॉकबंगला तक होगा। यादव ने कहा कि पहलगाम में नेवी के लेफ्टिनेंट घटना के बाद डेढ़ घंटे तक तड़पते रहे, लेकिन उनकी सुध नहीं ली गई। यह इंटेलिजेंस फेलियर था और किसी न किसी को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



### घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा?

तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया कि पुलवामा कांड का आज तक क्या हुआ। देश का हर एक नागरिक जानना चाहता है कि पुलवामा कांड किसका फेलियर था। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा बिहार के श्रमिकों की हत्या की घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरहद पार से आतंकी देश में आ रहे हैं, यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है और बहुत बड़ा सिक्योरिटी लैप्स है। इन घटनाओं की प्लानिंग, कब कैसे हो रही थी।

### पुलवामा पर अब तक क्यों नहीं आई रिपोर्ट

तेजस्वी ने कहा कि आज पूरा विपक्ष एकजुट है और हम आतंकवाद का खात्मा चाहते हैं। भारत सरकार को बताना चाहिए कि आतंकवादी कैसे सफल हो गए। पीएम के बयान पर तेजस्वी ने प्रतिक्रिया दी कि 2014 से अब तक क्या हुआ, कई लोग मारे गए और कई जवान शहीद हो गए हैं। पुलवामा पर जांच रिपोर्ट क्यों नहीं आई। सीएम नीतीश कुमार के राजद के साथ जाने पर दिए गए बयान पर तेजस्वी ने कहा, हमें उन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी, उनकी मनोदशा सबको पता है। सीएम फेस के चेहरे पर पूछे गए सवाल को तेजस्वी यादव फिर से टाल गए। उन्होंने कहा, महागठबंधन में जो सीएम फेस होगा वह बाद में भी रहेगा, लेकिन एनडीए में तय नहीं है कि कौन होगा।

## 30 सालों से फरार खालिस्तानी आतंकी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र एटीएस ने बुधवार देर रात प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के आतंकी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार किया है। उस पर 25,000 रुपए का इनाम था। नोएडा यूनिट और गाजियाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। मूलरूप से पंजाब के अमृतसर के मझीटा निवासी मंगत सिंह का भाई संगत सिंह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) का प्रमुख था। संगत सिंह को 1990 में पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। मंगत सिंह भी इस संगठन का सक्रिय सदस्य था।




## पांच के 25 लाख रु. मांग रहे थे सूदखोर, आरक्षक ने खाया जहर



### इंदौर में परेशान पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

**जागरण, इंदौर।** सूदखोरों से पहले आमजन ही प्रताड़ित होते थे, लेकिन अब पुलिसकर्मी भी इनका शिकार होने लगे हैं। इंदौर में एक आरक्षक ने सूदखोरों से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। पुलिसकर्मी ने बुधवार शाम घर के पास जहर खा लिया। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आरक्षक नितेश वर्मा एरोड्रम इलाके में फर्स्ट बटालियन में पदस्थ था। पुलिस ने पीएम कराकर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि आरक्षक नितेश ने अर्जुन और आकाश से 5 लाख रुपए कर्ज लिया था। दोनों इसके बदले आरक्षक से 25 लाख रुपए मांग रहे थे। एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि आरक्षक नितेश वर्मा को ऑनलाइन गेम खेलने का शौक था, इससे उस पर कर्ज हो गया था। इसके चलते उसने सूदखोरों से कर्ज ले लिया था। सूदखोर अब चार गुना रुपए मांग रहे थे। परिवार के बयानों के बाद मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। आरक्षक के पिता ने बताया कि अर्जुन और आकाश ब्याज पर पैसे देते हैं। बेटा हर महीने उन्हें ब्याज की राशि भी दे रहा था। इसके बाद भी उन्होंने राशि लौटाने का कुबूलनामा करवाते हुए वीडियो बनाया था, जिसे वायरल करने की धमकी दी जाती थी। चाचा कमल ने बताया कि जरूरत पड़ने पर नितेश ने अर्जुन और आकाश से 5 लाख का कर्ज लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी से तंग आकर नितेश ने सुसाइड कर लिया। वह 12 साल से पुलिस की नौकरी में था। उसकी पत्नी नेहा गृहिणी है और 6 साल का एक बेटा भी है।

## रूस का कीव पर 9 माह का सबसे बड़ा मिसाइल हमला

**कीव, जेएनएन।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने एक बार फिर खतरनाक मोड़ ले लिया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बीते 9 महीनों का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें 6 बच्चे भी शामिल हैं। कई लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं और उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने इस हमले में 70 मिसाइल और 145 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इनका मुख्य निशाना कीव और उसके आस-पास के इलाके थे। हमला इतना भीषण था कि राजधानी कीव में 13 अलग-अलग स्थानों को टारगेट किया गया, जिनमें रिहायशी इमारतें और सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के एविएशन, मिसाइल, स्पेस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बख्तरबंद उद्योग और रॉकेट फ्यूल निर्माण केंद्रों को निशाना बनाया। मंत्रालय ने दावा किया कि सभी तय लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हिट किया गया और हमले का उद्देश्य पूरा हो गया है। इस हमले के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस की निंदा हो रही है और यूक्रेन के प्रति समर्थन की आवाजें तेज हुई है।

### जुलाई 2024 में मारे गए थे 33 लोग

राज्य आपातकालीन सेवा ने टेलीग्राम पर बताया कि वे मलबे के नीचे दबे लोगों को खोजने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जुलाई 2024 के बाद यह सबसे बड़ा हमला है, जिसमें पहले एक अस्पताल और कई रिहायशी ठिकानों पर हमला कर 33 लोगों की जान गई थी। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने इन हमलों को शांति प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि रूस की यह कार्रवाई दर्शाती है कि वह संघर्ष समाप्त नहीं करना चाहता। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले में 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

### 3 राज्यों की सीमा पर सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान

## छत्तीसगढ़ में एंटी-नक्सल ऑपरेशन, 1000 को घेरा

### 20 हजार से अधिक जवान छान रहे जंगल

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र की सीमा से सटे क्षेत्रों में चलाया जा रहा है, जिसमें करीब 20 हजार से अधिक जवान शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभियान है। ऑपरेशन का मुख्य केंद्र तेलंगाना और छग सीमा पर स्थित करेंगट्टा की पहाड़ी है। सुरक्षा बलों ने इस पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया है। खुफिया जानकारी के अनुसार, यहां माओवादी संगठन के कई शीर्ष नेता और कैडर जैसे हिड़मा, करेंगट्टा, नडपल्ली, दामोदर, देवा, डीवीसीएम, एसीएम और डीकेएसजेडसीएम के सदस्य मौजूद हैं। अनुमान है कि यहां करीब 1000 से अधिक नक्सली छिपे हुए हैं। करीब 30 घंटे पहले से ही ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी, जो तडके सुबह 4 बजे शुरू हुई, जिसमें सुरक्षा बलों को अब तक बड़ी सफलता मिली है। 5 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑपरेशन के दौरान ड्रोन और सैटेलाइट की मदद से इलाके पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हल्की सी मूवमेंट पर भी फोर्स अलर्ट है, और एनकाउंटर की पूरी संभावना बनी हुई है।



### 100 से अधिक आईईडी बरामद

सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, नक्सली आईईडी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर सकते हैं। अब तक 100 से अधिक आईईडी बरामद हो चुके हैं। कुछ दिन पहले तेलंगाना की नक्सली शांता ने प्रेसनोट जारी कर चेतावनी दी थी कि करेंगट्टा की पहाड़ी पर सैकड़ों बम बिछाए गए हैं और ग्रामीणों को यहां न आने की सलाह दी थी। मौजूदा अभियान में कई सुरक्षा बल शामिल हैं।

## फिर मां बनना चाहती हैं कॉमेडियन भारती सिंह

**मुंबई, जेएनएन।** स्टार कपल भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया अक्सर अपने काम और दोस्ती से लोगों का दिल जीत लेते हैं। ये जोड़ी अपने काम के जरिए फैंस को निजी जिंदगी के बारे में अपडेट रखती है। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने लगभग 3 साल बाद फैंस के सवालों के जवाब देने का फैसला किया। कपल ने कुछ साल पहले एएमए सेशन किया था, जब उनका बेटा गोला छोटा था। एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने भारती से पूछा, आप क्या प्रेग्नेंट हैं? भारती सिंह ने खुलासा किया, नहीं, नहीं। हम प्रेग्नेंट नहीं हैं। मैं 2025 में प्रेग्नेंट होना चाहती हूं, क्योंकि अब गोला 3 साल का हो गया है और यह सही समय है। आप लोग प्रार्थना करें कि हम जल्द ही एक लड़के या लड़की के माता-पिता बनें। हालांकि, भारती अभी प्रेग्नेंट नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि वे इस साल गर्भवती होना चाहती हैं। इस एएमए सेशन में कई फैंस ने स्टार कपल से उनके बेटे, उनके घरेलू सहायकों और उनके निजी जीवन के बारे में सवाल पूछे। भारती और हर्ष ने कुछ सालों तक डेटिंग करने के बाद 3 दिसंबर, 2017 को शादी के बंधन में बंधे थे।



### गंभीर खतरा | ग्लेशियरों के पानी पर निर्भर दो अरब लोगों की जिंदगी हो सकती हैं प्रभावित

# हिमालय में पिछले 23 साल में सबसे कम बर्फबारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी कि हिमालय श्रृंखला में बर्फ की कमी का रुझान लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रहा है और इससे क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली हुई है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है। यह जलाशय लगभग दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दक्षिण-पूर्व एशिया की दो सबसे लंबी नदियां मेकांग और सालवीन, जो चीन और म्यांमार को पानी देती हैं, उनकी लगभग आधी बर्फ पिघल चुकी है। आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा गियामात्सु ने दीर्घकालिक समाधान के लिए नीतिगत बदलावों का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, 'कार्बन उत्सर्जन ने हिंदुकुश पर्वतमाला में अभूतपूर्व बर्फ हानि के मार्ग को अपरिवर्तनीय बना दिया है।' उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए तुरंत उपाय किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, एशिया जलवायु संबंधी आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। संगठन ने मार्च में एक रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक पिछले छह में से पांच वर्ष ऐसे थे जिनमें ग्लेशियरों में सबसे तेज गिरावट देखी गई।




### सूखे और अन्य जोखिमों में होगी बढ़ोत्तरी

आईसीआईएमओडी की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण (वह समय जब बर्फ जमीन पर रहती है) सामान्य से 23.6 फीसदी कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, 'इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही।' उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, तथा सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है। क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है। यह स्थिति उस आबादी के लिए और भी जटिल हो जाती है जो लंबे समय तक चलने वाली, तीव्र और बार-बार आने वाली गर्मी की लहरों से जूझती है।

### इन देशों की जलवायु पर पड़ सकता है असर

पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और नेपाल अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के सदस्य देश हैं। अंतर-सरकारी निकाय ने क्षेत्र की 12 प्रमुख नदी घाटियों पर निर्भर देशों से जल प्रबंधन, सूखे की तैयारी, पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया है।

## सागर से आ रही 70 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त

**जागरण, जबलपुर।** जिले की नुनसर पुलिस ने सागर से जबलपुर आ रही एक गाड़ी से चैकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में डीएपी खाद जब्त की है। आशंका जताई जा रही है कि यह खाद नकली है, जिसे कि सागर से लाकर जबलपुर में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान ड्राइवर पुलिस को डीएपी खाद से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दे पाया। खाद से लोड गाड़ी को कस्टडी में लेने के बाद पुलिस ने कृषि और खाद्य विभाग को जानकारी दे दी है। जानकारी के अनुसार नुनसर चौकी प्रभारी विपिन सिंह को गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की गाड़ी सागर से दमोह होते हुए जबलपुर तरफ आ रही है। इस गाड़ी में डीएपी खाद रखी हुए है, जिसके कागजात नहीं हैं। हो सकता है वह नकली खाद हो। इस पर चौकी प्रभारी ने बैरिकेडिंग करा दी। दोपहर करीब दो बजे एमपी 38 जेड-डी 8508 गाड़ी आते हुए दिखाई दी, जिसे राजा सेन नाम का युवक चला रहा था। पुलिस ने गाड़ी को रोका तो वह घबरा गया। इसके बाद पुलिस ने जब वाहन की चेकिंग की तो उसमें करीब 70 बोरी डीएपी खाद मिली। पूछताछ के दौरान वह खाद से संबंधित कागजात नहीं दे पाया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि नुनसर पुलिस चौकी में गाड़ी को खड़ा किया है। चालक पुलिस की कस्टडी में है। वाहन मालिक को फोन लगाया तो उसका कहना था कि खाद से संबंधित कागजात जल्दबाजी में छूट गए हैं, जिसे कि जल्द ही सागर से जबलपुर लाया जा रहा है। इधर, नकली डीएपी के बारे में जानकारी मिलने पर भारतीय किसान संघ ने पुलिस के आला अधिकारियों को बताया कि सागर से नकली डीएपी को लाकर जबलपुर में खपाने का काम कई दिनों से चल रहा है।

# गुनौर विधानसभा में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे : विधायक

## ग्राम बड़वारा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हुआ हितग्राही सम्मेलन स्वीकृति पत्रों का किया वितरण



जागरण, पन्ना । गुनौर विधानसभा क्षेत्र को समस्त जनहितैषी एवं विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इन्हें समय सीमा में पूर्ण भी किया जाएगा। विकास के मामले में गुनौर नया आयाम स्थापित करेगा। समस्त पात्र व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयास किया जाएगा। यह बात विधायक गुनौर डॉण् राजेश वर्मा ने ग्राम पंचायत बड़वारा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन के कार्यक्रम में कही। उन्होंने छूटे हुए लोगों से आवास प्लस सर्वे के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 30 अप्रैल के पूर्व आवेदन करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर हितग्राहियों का सम्मान कर स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया।

विधायक डॉण् वर्मा ने कहा कि गुनौर क्षेत्र में सड़क एवं बिजली सहित समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हितग्राहियों को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं की राशि का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में गरीब कल्याण के विजन के साथ एवं जाति व दल के भेदभाव के बगैर नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। इसी क्रम में प्रत्येक गरीब परिवार को स्वयं के पक्के आवास के लिए पीएम आवास योजना भी संचालित की जा रही है। विधायक ने कहा कि पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित एवं छूटे परिवारों को नवीन सर्वे में शामिल कर लाभांवित किया जाएगा। इससे प्रत्येक व्यक्ति के पक्के घर का सपना भी साकार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में क्रमशः कार्य पूर्णता के साथ निर्धारित समय सीमा में किस्त राशि का वितरण भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने इसके लिए संचालित एप सुविधा की जानकारी भी दी। माताओं एवं बहनों के सशक्तिकरण के लिए भी केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समन्वित प्रयासों की जानकारी से भी अवगत कराया।

विधायक ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सम्मान एवं स्वीकृति पत्र वितरण के कार्यक्रम को अद्भुत बताया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को आवास प्लस सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सर्वे के जरिए जिले में एक लाख 25 हजार नवीन हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के लाभ के लिए चिन्हांकित किया गया है। चयनित हितग्राहियों के अलावा प्रतीक्षा सूची के हितग्राहियों को भी आवास योजना का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने वंचित हितग्राहियों से शेष पांच दिवसों में अनिवार्य रूप से योजना के लाभ के लिए अपना नाम जुड़वाने और आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर सुरेश कुमारए जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला एवं अन्य अधिकारी.कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सामुदायिक भवन निर्माण में डस्ट का उपयोग ,ग्रामीणों ने जताई आपत्ति गुणवत्ता पर उठे सवाल

पवई । शाहनगर . शाहनगर जनपद पंचायत कि ग्राम पंचायत बोरी में करीब 15 लाख कि लागत से विधायक निधि से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमे खुले आम सड़क किनारे डस्ट रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा हैए यहाँ के वर्तमान सरपंच मनीष खरे वर्तमान विधायक पहलाद लोधी के करीबी बताये जा रहे है। जिस कारण से सरपंच को किसी का कोई भी डर नहीं जो जहाँ जब जैसे चाहे कार्य करावा रहे है। बनाए जा रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में रेत या मानक सामग्री की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा हैए जिससे भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर सीमेंट व कंक्रीट के बजाय भारी मात्रा में डस्ट मिलाया जा रहा हैए जो भवन की मजबूती को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि इसी तरह निर्माण जारी रहाए तो भवन कुछ ही वर्षों में जर्जर हो सकता है। वही ग्राम पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार उक्त निर्माण कार्य विधायक निधि से किया जा रहा हैं एवं विधायक निधि को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में फूटा आक्रोश, दी श्रद्धांजलि



पलेरा। स्थानीय नगर में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। विभिन्न संगठनों ने दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही हमले में मारे गए निहत्थे पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के तहसील कार्यालय के पास अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष भाजपा युवा नेता संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा ने अपने साथियों के साथ कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही एकजुटता दिखाते हुए घटना की घोर निंदा करते हुए भारत सरकार से मांग की कि इस घटना में शमिल आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाते हुए कश्मीर में पूर्णतया शांति बहाली की स्थापना की जाए। संजय अहिरवार ने कहा कि पुनः किसी भी आतंकवादी घटना को रोकने के लिए सक्षम प्रयास किए जाएंए जो भी देश ऐसे आतंकवादियों को पालन पोषण व सरंक्षण में शामिल हो उनके खिलाफतुरंत कार्रवाई की जाएं। इसके अलावा अब सरकार को आतंकवाद के खिलाफएक बड़ा अभियान चलाकर इसे जड़ से खत्म कर देना चाहिए।

## पुलिस अधीक्षक ने टीकमगढ़ पुलिस में पदस्थ प्रधान आरक्षक को विशिष्ठ सेवा पदक मिलने पर किया सम्मानित



टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा दिनांक 24004020 25 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें टीकमगढ़ पुलिस में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रमोद पटोदिया को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया एवं केक कटवाकर मुंह मीठा करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक प्रमोद पटोदिया से उनके कार्यकाल की जानकारी ली एवं सभी पुलिसकर्मियों को उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया । उपरोक्त अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीतारामएउप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडेएरक्षित निरीक्षक विशाल मालवीयएस्टेनो रत्नेश तिवारीएमुख्य लिपिक किशनदयाल कुशवाहाएउप निरीक्षक मयंक नगायच एउप निरीक्षक रामाधार त्रिपाठी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## अंदिजा सोनी के प्रथम जन्मदिवस पर शिवलिंग निर्माण महामृत्युंजय जाप एवं भव्य भंडारे का आयोजन



जागरण, पवई । पवई नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी राकेश सोनी श्रिंकूश् एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा सोनी द्वारा उनकी सुपुत्री अदिजा सोनी के प्रथम जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एक भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।परिवार द्वारा पुत्री की दीर्घायुए उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय भविष्य की कामना के साथ विगत दो दिनों से विशेष धार्मिक अनुष्ठानकृशिवलिंग निर्माण एवं महामृत्युंजय जापकृका आयोजन किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में रीवा से आए हुए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पूजन किया गयाए जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इस पावन अवसर पर शनिवार को भव्य शांति हवनए भंडारे एवं जन्मोत्सव समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया और बालिका अदिजा को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकए पारिवारिक सदस्य तथा श्रद्धालुजन भी उपस्थित रहे। आयोजन की भव्यता और धार्मिक भावना ने सभी उपस्थितजनों के हृदय को छू लिया।

## समाजसेवी गजेन्द्र साहू ने अस्पताल में निरूशुल्क रक्तदान किया



पन्ना । परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा लगातार समाज सेवा के साथ.साथ समाज.सुधार के कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला पन्ना के पूर्व महासचिव समाजसेवी गजेन्द्र साहू ने दमोह अस्पताल में भर्ती रेखा अठ्या निवासी हथना जिला दमोह को निःशुल्क रक्तदान किया सभी भाई बहनों से निवेदन भी किया आप भी निशुल्क रक्तदान करें जिससे अपना स्वास्थ्य अच्छा रहता है और दूसरी की जान बच जाती है दूसरों का भला होता है। गजेन्द्र साहू ने बताया कि हमारा संगठन जनकल्याण की भावना लेकर हर क्षेत्र कार्य कर रहा है चाहे नशामुक्ति अभियान की बात करें या रक्तदान महाअभियान की बात करें मरीज रेखा अठया के पति ने भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## रैपुरा नगर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

जागरण, पवई । आज दिनांक 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई जहां आज सुबह से भी से ही बजरंग धाम मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें रैपुरा क्षेत्र के समस्त सेन समाज के बंधु शामिल हुए वहीं आज कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि रामकेश सेन जिन्होंने सेन समाज के उत्थान के लिए बहुत सी बातें कहीं वही रजनीश रंजन पार्टी के द्वारा संत शिरोमणि सेन जी के धार्मिक भजनों का गायन किया गयाइस दौरान रजनीश रंजन एवं पन्ना जिले के बहुचर्चित गायक कृष्ण कुमार रंगीला भी शामिल हुए कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों को संत शिरोमणि सेन जी का छायाचित्र प्रदान किया गया इसके बाद संत शिरोमणि सेन जी की शोभायात्रा नगर के मुख्य चौराहों जिसमें शहीद द्वार गेट एजैन मंदिरए चोगन मोहल्ला से होते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल से होकर झंडा बाजार से वापस बजरंग धाम मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई इस दौरान शोभा यात्रा का जगह.जगह स्वागत किया गया स्वागत की बेला में भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश सोनी एरमेश सोनी ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की उसके बाद गगन ज्वेलर्स के संचालक आशीष सोनी के द्वारा सेन समाज के लोगों के लिए शुद्ध पेयजल एवं मिष्ठान वितरण कर संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई वही हम आपको बता दें कि इस कार्यक्रम को संपन्न करने में सेन समाज के अध्यक्ष आनंद सेन की सराहनीय भूमिका रही

## दलित समाज के दूल्हे पर बरसे पत्थर, सख्त कार्यवाही न होने पर भीम आर्मी ने दी आंदोलन की चेतावनी



टीकमगढ़। जातिवाद जो जातीं नहीं आज भी सामंतशाही मनुवादी सोच रखने वाले लोगों को दलित समाज का दूल्हा घोड़े पर बैठकर नहीं निकल सकता है बताया आज टीकमगढ़ जिले में ग्राम मौखरा थाना बड़ागांव विधानसभा टीकमगढ़ में जातिवादी मानसिकता रखने वाले लोगों ने जितेंद्र अहिरवार की रछवाई गांव में से निकलने से रोका और पत्थराव किया और परिजनों के साथ मारपीट की गई साथ ही कहा गया हैं की ऐसी मानसिकता रखने वाले लोग किसी आतंकवादी से कम नहीं है जो जाति देखकर मारते हैं ऐसे लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की हैं साथ भीम आर्मी कहा की यह अपमान सहन नहीं करेगी और जल्द कार्यवाही न होने पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजू चौधरी ने चेतावनी दी की उग्र आंदोलन किया जायेगा इसके साथ भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर को भी सूचना दे दी गई उनके आदेश पर आगामी कार्यवाही की जाएगी

# सीएम राइज स्कूल गुनौर में आयोजित हुई खगोलीय कार्यशाला

जागरण, पन्ना । गुनौर मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर खगोलीय कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य पीडी मिश्राए स्रोतकर्ता दीपक सोनीए विज्ञान सभा के वैज्ञानिक आशीष पारे की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री मिश्रा द्वारा बताया गया कि खगोल शास्त्र को समझने के लिए वेधशाला के यंत्र अत्यधिक उपयोगी हैं और इसमें गणित के अनमोल सूत्र छुपे हुए हैंए जिसका खुलासा आज इस कार्यक्रम में किया गया । वही कार्यक्रम के नोडल शिक्षक भूपेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि विभिन्न प्रकार के खगोलीय मॉडलों सूर्य ग्रहणए चंद्र ग्रहणएमौसम परिवर्तनए रॉकेट मॉडलएनैनो सोलर सिस्टमएडे टाइम एस्ट्रोनॉमीएएक्टिविटीज में सूर्य अवलोकन और संदेश में प्रौद्योगिक गतिविधियो के महत्व पर ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्रोत शिक्षकए व्याख्याता भौतिक शास्त्र दीपक सोनी ने बताया कि खगोल विज्ञान छात्रों के लिए कई रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियां होती हैं। जिनसे उन्हें ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मदद मिल सकती है। मध्य प्रदेश विज्ञान सभा के वैज्ञानिक आशीष पारे ने अपने उद्बोधन में बताया कि खगोलीय दृश्यएछात्र ग्रहणोंएचंद्र ग्रहणों उल्का वर्षाओं और अन्य खगोलीय घटनाओं की समय.समय पर जानकारी लेते रहने चाहिए। इसके लिए भी खगोल एप्लीकेशंस टेलीस्कोप या दूसरे खगोलीय उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। सीएम राइज विद्यालय गुनौर में आयोजित खगोलीय कार्यशाला कार्यक्रम में प्रश्न मंच प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । जिसमें शिक्षक एवं प्रतिभागियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रामानुजन के ऊपर व्याख्यान आयोजित किया एवं उनके पोस्टर प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की किए गए। आयोजित कार्यशाला में प्रमुख रूप से सीएम राइस विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार पाठक एश्रीमती नम्रता दुबेएअमर सिंह बागरी मनीष चौरसियाएसुशील मिश्रा सोमलता कुशवाहाएपंकज बागड़ी वीणा गुप्ता हेतराम गर्ग संजय त्रिपाठी संध्या मिश्रा आशीष शर्मा अनिल पाठक अमित त्रिपाठी ज्ञान तिवारी आदि उपस्थित रहे। समस्त शिक्षकों एवं छात्रों ने प्रश्न मंच में बढ़.चढ़कर भाग लिया अंत में प्राचार्य पीडी मिश्रा द्वारा बाहर से आए हुए अतिथि लोगों का आभार व्यक्त किया तथा आग्रह किया कि इस प्रकार की कार्यशाला समय.समय पर क्रियान्वित होती रहे ताकि छात्र एवं शिक्षक स्वयं क्रियाकलाप करके खगोल के रहस्य को आसानी से समझ सकें।

## श्री जुगल किशोर मंदिर में दर्शन व्यवस्था को सुलभ बनाने पर हुई चर्चा

पन्ना । कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में श्री जुगल किशोर मंदिर में दर्शन व्यवस्था को सुलभ बनाने के उद्देश्य से मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर आवश्यक चर्चा की। इस दौरान जरूरी सुझाव प्राप्त कर सामान्य एवं विशेष दिवसों में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं सहित मंदिर दर्शनए आरती व परिक्रमा के लिए बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा मंदिर पट खुलने के समय में 20 मिनिट की बढ़ोत्तरी सहित प्रवेश व निकास द्वार पर आवश्यक व्यवस्था व स्टील बेरीकेट लगाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में एसडीएम संजय नागवंशीए तहसीलदार अखिलेश प्रजापतिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जेण्पीण्सोनकर सहित रामावतार पाठकए राजेन्द्र शिवहरेए नरेन्द्र यादव एवं एडवोकेट विनोद तिवारी भी उपस्थित रहे।

## नगरपरिषद् के कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा हुई समाप्त, नप सीएमओ ने किया आदेश जारी



टीकमगढ़ । टीकमगढ़ जिले की नगर परिषद बड़ागांव धसान में लंबे समय से अनियमितताओं का दौरा जारी बना हुआ थाए जहां सत्ता पक्ष के पार्षद और विपक्ष के पार्षदो द्वारा समय. समय.समय पर विरोध प्रदर्शन कर आरोप लगाए जाते थे ! साथ ही बीते दिनों नगरपरिषद में चर्चित रहने बाले कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल श्रीवास्तव की शिकायत दर्ज कराई गई थी ! कि पूर्व में रहे सीएमओ के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर ने मिलकर घोटाला और अनियमितताये की हैए जिसके बाद नगरपरिषद सीएमओ ने सूचना पत्र जारी कर जबाब मांगा गया थाए लेकिन 6 बिंदुओं में से एक भी बिंदु का स्पष्ट जबाब नही मिलने के कारण कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल श्रीवास्तव पिता अरूण श्रीवास्तव को नगरपरिषद की दिनांक 16 अप्रैल 2025 को हुई साधारण सभा की बैठक के प्रस्ताव क्रमाक 1 में ही पद से पृथक करने का निर्णय लिया गया थाए जिसमे आज सीएमओ ने आदेश जारी करते हुए प्रदाय किये कार्यों से पृथक करते हुए सेवा समाप्त की है !

## ऑनलाइन आयोजित हो रही वुशू मार्शल आर्ट



पीयूष विश्वकर्मा (जज निर्णायक) रीनादेवी लोधी (प्रशिक्षक) सैफ उल्ला (जज निर्णायक)

जागरण, पन्ना । मध्य प्रदेश वुशू संघ द्वारा वुशू खेल को नई दिशा देने एवं इसके तकनीकी पक्ष को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत ऑनलाइन वुशू जज ;निर्णायकद्ध एवं प्रशिक्षक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक जूम ऐप के माध्यम से आयोजित की जा रही है। इसके पश्चात 1 मई से 3 मई तक प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा जबलपुर में संपन्न होगी। जिला वुशू संघ पन्ना के सचिव इरफान खान ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन मध्य प्रदेश वुशू संघ के सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी मनोज गुप्ता जी के निर्देशन में किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि पन्ना जिले से पीयूष विश्वकर्माए सैफउल्ला एवं रीना देवी लोध इस निर्णायक परीक्षा में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन युवाओं में वुशू के प्रति रुचि बढ़ाने तथा प्रशिक्षकों की गुणवत्ता एवं तकनीकी दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्माए संरक्षक नईम खान एवं पहलवान सिंह ;फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्नाए मार्शल आर्ट क्लासेसद्धए लॉरेंस एटे्स ;अध्यक्षए जिला जु जित्सु संघ पन्नाद्धए कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ;अध्यक्षए शोतो काई कराते संघ पन्नाद्ध एवं अनेक अभिभावकों ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## शाहनगर थाने पदस्थ पुलिस कर्मचारी लखन लाल प्यासी को मिली पदोन्नति, बने एएसआई



जागरण, पवई । हम आपको बता दे कि पन्ना जिले के शाहनगर पुलिस थाने में तैनात पुलिस कर्मचारी लाखन लाल प्यासी को पदोन्नति का तोहफा मिला है। पुलिस महानिरीक्षक महोदय के अनुमोदन व निर्देशानुसार पन्ना जिले के पुलिस कर्मचारी लखन लाल प्यासी को पदोन्नति देकर उन्हें सहायक उप निरीक्षक ;एएसआईद्ध के पद पर पदोन्नत किया गया है। शाहनगर के पुलिस थाना के प्रभारी मनोज यादव ने सागर रेंज के आईजी महोदय के अनुमोदन आदेश जारी होने पर आदेशानुसार शाहनगर पुलिस के प्रधान आरक्षक लखन लाल प्यासी को सहायक उपनिरीक्षक ;एएसआईद्ध के पद पर उनकी वर्दी मे स्टार लगा कर पदोन्नत किया गया है। इस उपलब्धि पर शाहनगर पुलिस थाने मे पदस्थ सभी पुलिस कर्मचारी ने उन्हे मंगल शुभकामनाए प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

## विधायक के नेतृत्व में जनसहभागिता से प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ



जागरण, पन्ना । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार को गुनौर विधायक डॉण् राजेश वर्मा के नेतृत्व में ग्राम बड़वारा के प्राचीन सूंघा बाबा तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य जनसहभागिता से प्रारंभ कराया गया। विधायक डॉण् वर्मा ने पूजन उपरांत स्थानीयजनों से तालाब के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की अनूठी पहल है। विभागीय स्तर पर संचालित कार्यों के अलावा जनसहभागिता से सार्थक प्रयास की बदौलत निरंतर घटते जल स्तर में सुधार परिलक्षित होगा। इससे अगली पीढ़ी भी लाभांवित होगी। विधायक ने कहा कि आमजन अभियान की विभिन्न गतिविधियों में स्थानीय स्तर पर भागीदारी जरूर करें। साथ ही गांव को स्वच्छ एवं अच्छा बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। विधायक डॉण् वर्मा ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग पर जनभागीदारी के साथ ही विधायक निधि से भी प्राचीन तलैया का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य सहित बिहारी जू मंदिर का जरूरी कार्य भी शुरू होगा। विधायक ने प्राचीन तलैया के सौंदर्यीकरण कार्य में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर आमजनों से जल गंगा संवर्धन अभियान में जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमारए जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावीए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर न्यायालय में पक्ष समर्थन के लिए 5 मई को उपस्थित होने के निर्देश

जागरण, पन्ना । कलेक्टर न्यायालय द्वारा राजस्व अभिलेख में अनधिकृत प्रविष्टियों के आधार पर एक प्रकरण में संबंधितजनों को आगामी 5 मई को सुबह 11 बजे न्यायालय में नियत पेशी में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन के लिए सूचना जारी की गई है। इस संबंध में जनसामान्य को भी सूचित किया गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन अनुसार खसरा वर्ष 1961 में 2109ध1 रकवा 231०14 एकड़ मण्प्रण् सरकार एवं 2109ध2 रकवा 5०00 एकड़ परमा गौड़ भूमि स्वामी के रूप में खसरों में प्रविष्टियां बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के दर्ज हुई हैं। परमा के पिता का नाम भी अभिलेख में नहीं है तथा बाद के वर्षों में परमा के बजाय पदमा के नाम दर्ज होने की प्रविष्टि दर्ज होने का सक्षम अधिकारी का आदेश खसरों में उल्लेखित नहीं है। इससे उक्त प्रविष्टियां फर्जी परिलक्षित होती हैं। परमा गौड़ को प्रश्नाधीन आराजी कभी बंटन में प्राप्त हुई है तो सक्षम बंटन अधिकारी का आदेश व आवंटित भूमि का गैर आदिवासी को विक्रय करने के पूर्व मण्प्रण् भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165;6द्धए ;7.खद्ध के तहत प्राप्त भूमि विक्रय का अनुमति आदेश का विवरण भी खसरा अथवा किस्त बंदी बी.1 में दर्ज नहीं है।

प्रथम दृष्टया प्रकरण में राजस्व अभिलेख में अनधिकृत प्रविष्टियों के आधार पर वर्तमान भूमि स्वामियों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज होने और यदि अनावेदकों द्वारा उनके पक्ष में कोई भूमि आवंटन का प्रमाण प्रस्तुत किया जाता है तो मण्प्रण् भू राजस्व संहिता 1959 की धारा ;7.खद्ध का उल्लघंन पाए जाने से वादग्रस्त भूमि सर्वे नम्बर 2109ध2ध1 रकवा 0०573 भूमि स्वामी श्रीकांत के नामए सर्वे नम्बर 2109ध2ध2 रकवा 1०200 भूमि स्वामी न्यास डीबीसी के नाम एवं सर्वे नम्बर 2109ध2ध3 रकवा 0०250 भूमि स्वामी आशा पति श्रीकांत दीक्षित को मण्प्रण् शासन शासकीय दर्ज किए जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

उक्त प्रकरण में राजस्व अभिलेख में उल्लेखित पते पर अनावेदकों पदमा पिता शिवदीन गौड़ निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुर तहसील व जिला पन्ना एवं परमा निवासी ग्राम पन्ना तहसील व जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गयाए किंतु पूर्ण पता न होने के कारण तामील वापस प्राप्त हुए हैं। इसके लिए अनावेदकों को कलेक्टर न्यायालय में निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर पक्ष समर्थन के संबंध में सूचित किया गया है।

## उपचार के लिए स्वीकृति आदेश जारी

पन्ना । कलेक्टर सुरेश कुमार ने पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अनुशंसा पर विधायक स्वेच्छानुदान निधि एवं जारी निर्देशों के तहत वर्ष 2025.26 में उपलब्ध आवंटन में से 13 हितग्राहियों के उपचार के लिए पृथक.पृथक कुल 59 हजार रूपए राशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का आदेश जारी किया है। पन्ना तहसील की हितग्राही फातमाए महगू लाल साहूए हरिशंकर रावए देवी सिंहए प्रेमलालए लक्ष्मीप्रसाद यादवए सविता यादवए साथी हलदारए निशा हलदारए खुशी हलदार एवं सुष्मिता मण्डल तथा अजयगढ़ तहसील के हितग्राही सियाराम बसोर एवं ऊषा कोरी के ईलाज के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

## थाना सिमरिया क्षेत्र में 02 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



जागरण, पन्ना । पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एसण् थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसारए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थानाध्चौकी स्तर पर थानाध्चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि स्मिता सिंह बघेल को दिनांक 25ध04ध25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महोदय पवई के एस टी नंबर 35ध23 धारा 459. 452. 294. 325. 324. 506. 34 ताहि मे 02 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी जीतेन्द्र पिता रमेश बसोर निवासी गोल्ही सिमरिया पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक जे पी सिंह थाना प्रभारी सिमरियाए उपनिरी स्मिता सिंह चौकी प्रभारी मोहन्द्राए प्रआर अनिल गर्गए आर राहुल पटेल एवं अजय प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा है ।

## शाहनगर में आयोजित पानी चौपाल में किसानों ने की भागीदारी

पन्ना । उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज जनपद पंचायत शाहनगर के सभाकक्ष में पानी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी हरीकांत सायलवार ने कृषकों को उद्यानिकी विभाग में पंजीयन के माध्यम से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभागीय योजनाओं एवं अनुदान की विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की। शासकीय संजय निकुंज उद्यान आमा के प्रभारी यमन सिंह कुशरे द्वारा कृषकों को जल के उचित संरक्षण के लिए टपक सिंचाईए मिनी स्प्रिकलर एवं पोर्टेबल सिंचाई विधि के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आमाए शाहनगर कोसीए सुगरहाए बोरीए एवं खमतरा इत्यादि ग्रामों के लगभग 55 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान सरपंच रामकिशोर साहू एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य गजराज सिंह भी उपस्थित रहे।

# रिहंद परियोजना ने वर्ष 24-25 में किया 23,427 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित

**उत्पादन के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 24-25 में पूरे एनटीपीसी में रिहंद का चौथा स्थान**

**20 मेगावॉट के सौर सयंत्र का कार्य निर्माणाधीन**

**रिहंद परियोजना के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव रूबरू हुये मीडिया से**



**जागरण रिहंदनगर।** एनटीपीसी की रिहंद परियोजना की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता 3 हजार मेगावॉट है। परियोजना तीन चरणों में संचालित है। जिसमें प्रत्येक चरण में 500 मेगावॉट की दो ईकाइयों से कुल 3 हजार मेगावाट का विद्युत उत्पादन हो रहा है। रिहंद परियोजना ने वर्ष 24.–25 में 23 हजार 427 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पदान किया। जो बीते वर्ष 23–.24 में 23 हजार 397 मिलियन यूनिट रहा। रिहंद परियोजना कोल पीएलएफ रैंकिंग में 89.14 प्रतिशत के साथ एनटीपीसी में चर्तुथ स्थान पर रहा है। यह बातें एनटीपीसी रिहंद के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आज कही। श्री श्रीवास्तव आज परियोजना के शिवालिक अतिथि ग्रह में क्षेत्रीय मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू हो रहे थे। कार्यकारी निदेशक ने रिहंद परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता उद्योग एवं पर्यावरण संरक्षण समन्वय सामाजिक दायित्व एवं उपलब्धियों के बारे में बताया कि रिहंद परियोजना द्वारा निगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्र के विकास एवं कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को लाभांवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि रिहंद परियोजना में प्रोजेक्ट संकल्प के तहत सीएसआर और सोसयटी फॉर वॉलेंटरी एक्शन एण्ड रिसर्च के संयुक्त सहयोग से सोनभद्र में 3०08 करोड़ रूपये की लागत से नशा मुक्त एंव स्वास्थ्य सेवा केन्द्र की स्थापना की है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के पहल के तहत की कंपोजिट विद्यालय डोडहर में 8 लाख रूपये की लागत से स्तैम लैब स्थापित की गई है। जिसमें कक्षा 6 से 8 के पाठक्रम के आधारित विज्ञान व गणित के 80 कार्यशील मोडल हैं। जो छात्रों को प्रोग्यातम शिक्षा प्रदान करते हैं। कार्यकारी निदेशक ने वर्ष 24–.25 के दौरान एनटीपीसी रिहंद को हासिल विभिन्न पुरूस्कारों के बारे में भी बताया। जिसके तहत एनटीपीसी रिहंद को ईटी एचआर एक्सीलेंस एवॉर्ड अपेक्स इण्डिया द्वारा मानव संसाधन उत्कृष्टता में प्लेटिनम पुरस्कार एवं 16वां ग्रीन फ्यूचर एंवारमेंट पुरस्कार के साथ डायमण्ड जीएमएफ एंवारमेंट मैनेजमेंट पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि रिहंद स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं। यही समर्पण और इच्छाशक्ति रिहंद की कार्य संस्कृति को विशेष बनाता है। परियोजना प्रमुख नें अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी रिहंद प्रचालन प्रदर्शन में सभी एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों/ परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 24.–25 में 89.14 प्रतिशत पीएलएफ के साथ चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि स्टेशन/ परियोजनाओं की असाधारण प्रचालन दक्षता और बिजली उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके पूर्व कार्यक्रम कें प्रारंभ में रिहंद परियोजना के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बीके पाण्डेय ने कार्यकारी निदेशक सहित उपस्थित पत्रकारों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मानव संसाधन सीएसआर की कुमारी नरगिस ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजय कुमार असारटी उप प्रबंधक नैगम संचार रोशन कुमार सहित परियोजना के अधिकारी एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**बालिका सशक्तिकरण अभियान 21 मई से 20 जून तक :** पत्रकारों को संबोधित करते हुये कार्यकारी निदेशक ने बताया कि एनटीपीसी का बालिका सशक्तिकरण अभियान इस वर्ष 21 मई से 20 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 10 से 12 वर्ष की छात्राओं को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक रिहंद परियोजना के द्वारा इस अभियान के तहत 600 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिनमें से 60 चयनित छात्राएं आवासीय परिसर के डीएव्ही विद्यालय में अध्ययनरत हैं।

## डिप्टी कलेक्टरों के संयुक्त दल ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में कुछ दिनो से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सफाई सुरक्षा संबंधित शिकायतो एवं मानक स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलंब्ध कराने के संबंध में तीन डिप्टी कलेक्टरों का संयुक्त दल गठित किया गया था। जिसके परिपालन में डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी नंदन तिवारी तथा सौरभ मिश्रा के द्वारा 24 एवं 25 अप्रैल को औचक रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सालय प्रबंधन को चिकित्सालय परिसर में एवं विभिन्न वार्डों में संबंधित एजेंसी के साथ समन्वयकारी भूमिका निभाकर सफाई व्यवस्था दूरूस्त करने के साथ साथ वार्डो में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधा जो मानक स्तर की हो दिए जाने हेतु निर्देश दिए गए है। संयुक्त दल द्वारा ओपीडी के साथ साथ आईसीयू वार्ड क्रिटकल बर्न यूनिट पैथालाजि सेंटर ओर्थो वार्ड पीआईसीयू पीड्रेटिक वार्ड आई वार्ड का निरीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सालय प्रबंधन को शुद्ध पेयजलए एयरकंन्डीशनरो में सुधार कूलर व्यवस्था किए जाने ड्यूटी में डाक्टरो को रोस्टर के अनुसार नियमित उपस्थिति हेतु निर्देश दिए गए ताकि मरीजों का सही रूप एवं समय में ईलाज किया जा सके। यह भी निर्देश दिए कि चिकित्सालय प्रबंधन जिला चिकित्सालय के सुचारू एवं मरीज केन्द्रीय दृष्टिकोण एवं कल्याणकारी भावना को दृष्टिगत रखते हुये कार्य करना सुनिश्चित करें। संयुक्त दल ने यह भी निर्देश दिए कि प्रबंधन द्वारा मरीज के उपचार के संबंध में कोई भी लापरवाही बरते जाने एवं अनुचित पैसों की मांग की जाने पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही कि जाए। इसी के साथ संयुक्त दल द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी वार्डों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था सुचारू बनाने के साथ साथ पार्किंग व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही चिकित्सालय परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर आर्थिक दण्ड लगाने की कार्यवाही भी किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सिविल सर्जन आरएम.ओ विभिन्न वार्डो के इन्चार्ज एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**जागरण सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली के मानव संसाधन विभाग द्वारा संध्या को स्थानीय इंद्रप्रस्थ क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन कर परियोजना में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर की मुख्य अतिथि श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज एवं राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी योगदान और समर्पण को मान्यता देना एवं उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने महिला कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली महिलाओं की प्रतिभा और कर्मठता का सदैव सम्मान करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना द्वारा महिलाओं के लिए सभी आवश्यक संसाधन सुविधा एवं सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाता रहेगा। मुख्य अतिथि श्रीमती पीयूषा अकोटकर ने सभी महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें बधाई दी कि वह समाज में उन सभी वर्ग की महिलाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश हैं जिनसे उन्हें समाज में आगे बढ़ कर स्वयं व उनके परिवार के लिए कार्य करने की प्रोत्साहना मिल रही है। कार्यक्रम में सिद्धार्थ मंडल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने सभी महिलाओं को एनटीपीसी को गौरवान्वित करने के लिए एकजुट होकर विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के मनोज कुमार अपर महाप्रबंधक ऐश डाइक मैनेजमेंट रश्मि रंजन मोहंती अपर महाप्रबंधक पी. एण्ड एस नरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ ओम प्रकाश वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन भी उपस्थित रहे।


## कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

**जागरण बैढ़न।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नई दिल्ली के निर्देश पर 28 अप्रैल को ग्वालियर में कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली जिससे सिंगरौली में प्रस्तावित आंदोलन स्थगित हुआ नवीन तिथि बाद में तय करने का निर्णय प्रदेश कांग्रेस द्वारा लिया गया है प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जिला प्रभारी विधायकों एवं जिला कांग्रेस अध्यक्षों की प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के उपस्थिति में संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक में आगामी 28 अप्रैल को ग्वालियर में संविधान बचाओ रैली आयोजित करने तथा सिंगरौली जिला का पूर्व प्रस्तावित आंदोलन आगामी तिथि तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा संयुक्त प्रेस नोट जारी कर बताया गया है कि सिंगरौली जिला का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी द्वारा पूर्व से प्रस्तावित 28 अप्रैल का आंदोलन फिलहाल ग्वालियर में आयोजित 28 अप्रैल को संविधान बचाओ रैली के कारण स्थगित रखकर नवीन तिथि बाद में तय करने का निर्णय प्रदेश कांग्रेस द्वारा लिया गया है ग्वालियर मे देश और प्रदेश के नेताओं की मौजूदगी में आयोजित संविधान बचाओ रैली में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ सिंगरौली जिला कांग्रेस भी आगे बढ़कर 100 से 200 साथियों के साथ ग्वालियर रैली में पहुंचने की अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है उम्मीद यह भी है कि पहुंचने वालों की संख्या बढ़ सकती है जिले से रैली में जाने वाले सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता निजी वाहनों से सड़क मार्ग से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय अरविंद सिंह चंदेल ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर मैं हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए हमले में शहीद हुए आम नागरिकों पर्यटकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा उनके परिवारजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से शक्ति एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है अध्यक्ष द्वय ने देश की सरकार से आतंकवाद जड़ से समाप्त करने पुनरावृत्ति नहीं होने के लिए कठोर कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए साथ खड़ी है ।

## पहलगाम आतंकी हमले का किसान मजदूर संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन



**जागरण चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी मुख्यालय में किसान मजदूर संगठन ब्लॉक इकाई चितरंगी के अध्यक्ष जागेश्वर पाल ने आतंकी देश पाकिस्तान जो हमारे देश के पर्यटक निहत्थों पर हमला कर गोलियों से छलनी किया है। उसको देश कभी माफनही करेगा। जाति धर्म के नाम पर गोली मार कर हमारे बहन बेटियों के मांग की सिंदूर के साथ खिलवाड़ किया है। माताओ की गोद को सुना किया है। इसका जबाब हमारी भारतीय सेना देगी। अतंकिस्तान के ख़िलाब जम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए हैं। किसान मजदूर संगठन की भारत सरकार से मांग है कि अगर हम सब मजदूरों को अनुमति दे कि सीमा पर लड़ाई लेने के लिए औ़र पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है। विरोध प्रदर्शन में विकास खंड के कई किसान समिलित हुए ।






### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.673 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.625 |
| हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.361 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 392 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| सूर्यकुमार यादव(मुंबई ) | 373 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |

### बाउंड्री मीटर



708 छक्के
1271 चौके
84 अर्धशतक

रोहित शर्मा टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 8वें खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने टी-20 में कुल 12058 रन बनाए हैं। क्रिस गेल 14562 रनों के साथ पहले नंबर पर हैं।

# पंजाब के खिलाफ घरेलू पिच के भंवर से निकलना चाहेगी केकेआर

## अपनी पुरानी टीम के खिलाफ पंजाब की अगुआई करने ईडन गार्डंस पर लौटे श्रेयस

## ईडन गार्डंस में आज शाम 7.30 बजे खेले जाएगा मैच

**कोलकाता, जेएनएन।** एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे जब उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। 12 महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था, लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं। अब उनका इरादा शतक जड़ने का होगा। अब उनके पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है, जैसे नाबाद अर्धशतक जमाकर केएल राहुल ने अपनी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाकर किया था। केकेआर आठ में से पांच मैच हार चुका है और एक और हार से प्लेआफ की उसकी राह असंभव हो जाएगी। उसका शीर्षक्रम चल नहीं पा रहा और मध्यक्रम जिम्मेदारी से नहीं खेला। स्पिन आक्रमण अपने गढ ईडन गार्डंस पर नाकाम साबित हुआ है। उसे अगले छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप फिनिशिंग टच नहीं दे पाये जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है। केकेआर अब कैरेबियाई हरफनमौला रोवमैन पॉवेल को उतार सकती है। अंगकृष रघुवंशी को अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाजों की चुनौती का बखूबी सामना करना होगा। कप्तान अजिंक्य रहाणे को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा जो तेज खेलकर टीम को जीत तक ले जाने में नाकाम रहे हैं। उन्हें चहल से बचकर रहना होगा जिसने पिछले सप्ताह खतरनाक स्पैल डालकर रहाणे, रघुवंशी, रिंकू और रमनदीप के विकेट चटकाए थे। केकेआर की गेंदबाज हर्षित राणा और पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की टक्कर भी देखने लायक होगी। केकेआर ने इस बार अपने मैदान में चार में से एक ही मैच जीता है। पिच को लेकर क्यूरेटर सुजन मुखर्जी से गैर जरूरी विवाद भी सुर्खियों में रहा है।



### संभावित टीम इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, वेंकटेश अय्यर, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

**पिच रिपोर्ट और परिस्थितियां** गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच की पिच का प्रयोग इस मैच में भी किया जा रहा है। पिच पर हल्की घास है। पिच पिछले मैच की तरह ही दिख रही है। लेकिन इस्तेमाल हो चुकी विकेट है तो पहली पारी में भी हल्का स्पिन देखने को मिल सकता है, जो पिछले मैच में देखने को नहीं मिला था। पिछले मैच में ओस का प्रभाव अपेक्षा से थोड़ा कम था। यदि इस मैच में भी वैसा ही रहे तो शायद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम को समस्या हो सकती है। मौसम विभाग की जानकारी के हिसाब से कल ओस गिरने की उम्मीद थोड़ी कम है।


## केएसएसएम : रश्मिका ने पिस्टल में तीन खिताब जीते

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में जारी 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप (केएसएसएम) में दिल्ली की युवा रश्मिका सहगल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल सहित तीन खिताब जीते। पिस्टल स्पर्धाएं भोपाल में, जबकि राइफल प्रतियोगिताएं दिल्ली में एक साथ हो रही हैं। रश्मिका ने महिलाओं के फाइनल में 239.9, जूनियर महिलाओं के फाइनल में 243.2 और युवा महिलाओं के फाइनल में 240.6 का स्कोर किया और तीनों स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली की नाम्या कपूर ने फाइनल में 34 हिट के साथ जूनियर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल जीती थी। कर्नाटक की दिव्या ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब जीता। दिव्या के साथ फाइनल में ओलंपियन और पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन राही सरनोबत भी थीं जो चौथे स्थान पर रहीं।



## मैड्रिड ओपनः उलटफेर का शिकार होने से बची स्वियातेक और गाफ

**मैड्रिड, जेएनएन।** पिछले महीने मियामी में फिलीपीन की अलेक्जेंड्रा इयाला के हाथों क्वार्टर फाइनल हारने वाली दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक एक बार फिर उलटफेर का शिकार होने से बची और इस 19 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गई। गत चैंपियन स्वियातेक की नजरें इस सत्र में पहले फाइनल में पहुंचने पर लगी हैं। रफेल नडाल अकादमी की प्रशिक्षु इयाला ने मियामी में स्वियातेक को सीधे सेटों में हराया था। वहीं कोको गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए डायना यस्त्रेम्स्का को 0-6, 6-2, 7-5 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ही अन ली से होगा, जिन्होंने लैला फर्नांडिज को 6-4, 3-6, 6-4 से मात दी। सातवीं रैंकिंग वाली मिर्रा आंद्रीवा ने मैरी बूजकोवा को 6-3, 6-4 से हराया, जबकि ब्राजील की बिया हडाड मेइया ने बर्नार्ड पेरा को 2-6, 6-3, 6-1 से मात दी। पुरुष वर्ग में दुनिया के पूर्व नंबर चार खिलाड़ी केइ निशिकोरि ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर टूर पर 450वीं जीत दर्ज की। अब वह डेनिस शापोवालोव से खेलेंगे।



## क्रिकेटर निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य के कारण लिया ब्रेक

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान की महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया। पाकिस्तान क्रिकेट में अपनी तरह की इस पहली घटना में राष्ट्रीय महिला टीम की पूर्व कप्तान 39 वर्षीय निदा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है। निदा ने लिखा, पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है, जिसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं। हरफनमौला निदा पाकिस्तान महिला क्रिकेट में सबसे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक है। निदा ने कहा कि उन्होंने अपनी स्थिति के बारे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को बता दिया है। निदा ने पाकिस्तान के लिए 270 अंतरराष्ट्रीय (वनडे और टी20) मैच खेले है। उन्हें हाल ही में लाहौर में आयोजित आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम के चयन के लिए खुद को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। निदा ने फिटनेस टेस्ट के लिए उपस्थिति दर्ज कराई।

## एशियाई चैंपियनशिप : भारतीय टीम में 59 सदस्य, नीरज नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने दक्षिण कोरिया में होने वाली आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को 59 सदस्यीय टीम की घोषणा की। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उम्मीद के मुताबिक इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे, जबकि कोच्चि में हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा का इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होना उम्मीद के मुताबिक ही है, क्योंकि इस सत्र में उनका ध्यान डायमंड लीग प्रतियोगिताओं और सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर होगा। इसके अलावा एनसी क्लासिक पर भी उनकी नजरें रहेंगी, जिसकी मेजबानी वह 24 मई को बेंगलुरु में कर रहे हैं। चोपड़ा ने भुवनेश्वर में 2017 टूर्नामेंट के बाद से इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। तब से इस दिग्गज भारतीय की नजरें डाइमंड लीग प्रतियोगिताओं, विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक पर रही हैं। महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले राष्ट्रीय रिकॉर्डधारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर को फेडरेशन कप में निराशाजनक दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम में जगह नहीं मिली है। पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने के बावजूद टीम में जगह नहीं बना पाए, क्योंकि उनका प्रयास भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित एशियाई चैंपियनशिप पात्रता स्तर से कम था। अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) और गुलवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। इन्होंने फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था, क्योंकि वे एएफआई की अनुमति लेने के बाद विदेश में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम में धावक अनिमेष कुजूर भी शामिल हैं, जिन्होंने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल को भी टीम में जगह मिली है।



### जेएन भाया सीनियर मेंस टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी

## इंदौर को हराकर भोपाल फाइनल में, खिताबी मुकाबला उज्जैन से

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिविजन ने शुक्रवार को जेएन भाया सीनियर मेंस इंटर डिविजनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी-2025 में इंदौर को तीन विकेट से फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में भोपाल का सामना उज्जैन से होगा, जिसने अन्य सेमीफाइनल में जबलपुर को पांच विकेट से हराया। ग्वालियर में खेले गए सेमीफाइनल में इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 165 रन बनाए। चंचल राठौर ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शुभम शर्मा ने 40 और सागर सोलंकी ने 36 रन का योगदान दिया। भोपाल के आकाश रघुवंशी ने तीन और पवन ने दो विकेट झटके। अनुभव अग्रवाल, प्रारब्ध मिश्रा और राहुल बाथम को एक-एक विकेट मिला। जवाब में भोपाल ने 19.5 ओवर में सात विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। रितिक टाडा ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। प्रारब्ध और पवन ने एकसमान 22-22 रन बनाए। राहुल ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। इंदौर के शिवम शुक्ला और सारांश ने तीन-तीन विकेट झटके। प्लेयर ऑफ द मैच आकाश और राहुल को चुना गया। अन्य सेमीफाइनल में जबलपुर ने यश (46) और निखिल सिंह (46) की पारियों की बदौलत आठ विकेट खोकर 182 रन बनाए। जवाब में उज्जैन ने पांच विकेट खोकर 19 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच पार्थ शाहीन ने नाबाद 62 रन बनाए।



## कैनो स्प्रिंट और ड्रैगन बोट में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 15 स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला-पुरुष व सब जूनियर, 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। राजधानी की छोटी झील पर आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को मप्र के खिलाड़ियों ने कैनो स्प्रिंट में 13 स्वर्ण, पांच रजत व एक कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। वहीं ड्रैगन बोट दो किमी में तीन मुकाबलों के फाइनल हुए। इसमें मप्र ने दो में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। पदक तालिका में ओडिशा दूसरे व केरल तीसरे स्थान पर मौजूद है। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। इस अवसर पर जयदीप प्रसाद एडीजी एसआरबी व भारतीय कयाकिंग स्प्रिंट के चेयरमैन, भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा, मप्र कयाकिंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, सचिव मयंक ठाकुर, पीके बरोई, मनोज सक्सेना, राजू कनाडे, रत्ना पाटिल मौजूद थे।





**स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी** 1000 मी. जूनियर पुरुष सी-1 में सुशील कुमार, के-2 में आदित्य सिंह और मंजीत मेतई, के-4 में संतोष, अभिषेक आर्य, रोहन यादव व सचिन, सी-2 में प्रिंस और सुधीर ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में के-1 में डाली विश्नोई ने स्वर्ण जीता। के-2 में डाली और चंद्रकला कुशवाहा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सी-1 मं दीपका ढीमर ने स्वर्ण पदक जीता। सी-4 में दीपिका, जानकी लावरिया, मासूमा यादव व दिव्यांगी जाट ने स्वर्ण जीता। 500 मी. जूनियर पुरुष वर्ग में मंजीत, के-2 में आदित्य व संतोष, के-4 में सचिन, मंजीत, रोहन यादव और सी-2 में प्रिंस व सुधीर ने स्वर्ण पदक जीता। 500 मी. महिला वर्ग में के-1 में डाली ने स्वर्ण जीता। उन्होंने के-2 में चंद्रकाला के साथ सोने का तमगा हासिल किया। के-4 में प्रांशी रजक, माही रावत, वंशिका व रूकमणी और सी-4 में दीपिक, जानकी, मासूम व दिव्यांशी ने स्वर्ण पदक जीता।

### मिलेगा स्टेडियम जैसा माहौल, फ्री रहेगी एंट्री, फूड कोर्ट और मैच के दौरान होगा ड्रॉ

## फैन पार्क : एमवीएम मैदान पर क्रिकेट फैंस बड़ी स्क्रीन पर लेंगे आईपीएल का मजा

**भोपाल, खेप्र।** शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल प्रशंसकों के लिए भोपाल शहर के एमवीएम मैदान पर दो दिन फैन पार्क का आयोजन करने जा रहा है। यह फैन पार्क 26 अप्रैल शनिवार और 27 अप्रैल रविवार को लगाया जाएगा। इस दौरान 27 अप्रैल को डबल हेडर मुकाबला भी है। यह जानकारी बीसीसीआई की ओर से इरफान दादा और बीडीसीए के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को सयुंक्त रूप से एक पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस साल बीसीसीआई की ओर से 23 राज्यों के 50 शहरों में फैन पार्क लगाया जा रहा है। भोपाल शहर में यह तीसरा मौका है, जब फैन पार्क आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले अंकुर क्रिकेट मैदान और बिट्टन मार्केट में फैन पार्क का आयोजन किया जा चुका है।



**यह रहेगा खास** आईपीएल फैन पार्क में क्रिकेट फैंस बड़ी स्क्रीन पर अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करते दिखाई देंगे। इस दौरान सगीत, मनोरंजन, फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। यहां लोग अपनी-अपनी टीमों को सपोर्ट करने के लिए फेस-पेंटिंग भी करवा सकते हैं। फैन पार्क इंट्री पूरी तरह से फ्री रहेगी।

**26 अप्रैल शाम 6:30 बजे से**
केकेआर बनाम पंजाब किंग्स
**27 अप्रैल दोप. 2:30 बजे से**
मुंबई इंडियंस बनाम लखनऊ
**27 अप्रैल शाम 6:30 बजे से**
दिल्ली बनाम आरसीबी

## 230 रन की बड़ी जीत के साथ सेंट माइकल अकादमी फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने शुक्रवार को छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में पोलिंग अकादमी को 230 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 325 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अविनाश ने 88 और दक्ष ने 86 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पोलिंग क्रिकेट अकादमी 95 रनों पर ढेर हो गई। सेंट माइकल अकादमी के वेद ने 5 और जुल्फिकार ने दो विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अविनाश को दिया गया।



## ओलंपियन सागर ने भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित जर्सी भेंट की

**भोपाल, खेप्र।** भारतीय हॉकी टीम के उप कप्तान विवेक सागर ने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के कुलाधिपति संतोष चौबे को भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित विशेष जर्सी भेंट की। विवेक टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के खिलाड़ी भी है। कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि विवेक सिर्फ विश्वविद्यालय के नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक डॉ. नितिन वत्स, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, उप कुलसचिव समीर चौधरी, रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी उपस्थित थे।



## खेलो इंडिया स्माल सेंटर बाक्सिंग के लिए चयन ट्रायल आज

भोपाल, खेप्र। खेलो इंडिया स्माल सेंटर में भोपाल शहर के लिए बॉक्सिंग खिलाड़ियों का टैलेंट सर्च 26 अप्रैल को किया जा रहा है। यह टैलेंट सर्च 26 अप्रैल को टीटी नगर स्टेडियम में होगा। इसके माध्यम से 20 बालक एवं 20 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी रुबिका दीवान ने बताया कि टैलेंट सर्च में बालक/बालिकाओं की आयु 12 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। स्माल सेंटर बॉक्सिंग प्रशिक्षक राहुल पासी के पास अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण सोनौरा में

**सतना।** राज्य औषधि पादप बोर्ड के निर्देशानुसार देवारण्य योजनांतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद पौधों का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु सतना जिले में सतावरी की खेती का चयन किया गया। सतावरी की खेती के बारे में खण्ड स्तरीय प्रशिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण 25 एवं 26 अप्रैल को फॉरेस्ट सभागार सोनौरा में आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. नरेन्द्र पटेल ने बताया कि प्रशिक्षकों को विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

## एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में बैठक 28 अप्रैल को

**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सतना एयरपोर्ट की लम्बाई बढाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित अधिकारियो को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

# डी पॉल स्कूल माधवगढ़ में आए दिन हो रहे बच्चों में लड़ाई झगड़े

### विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही आ रही सामने, पीरियड खाली प्रिंसिपल ही क्लास से नदारद

जागरण सतना

शिक्षा का मंदिर कहा जाने वाला विद्यालय जहां बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं मगर अब यह एक स्लोगन बनकर रह गया है। सुविधाओं के नाम पर मोटी फीस लेकर बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है और सारी जवाबदारी विद्यालय के अंदर विद्यालय प्रबंधन की होती है मगर सतना जिले के माधवगढ़ में संचालित डी पॉल स्कूल में विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही और उदासीन रवैया से आए दिन लड़ाई झगड़े हो रहे हैं जिसका जीता जाता उदाहरण 24 अप्रैल को दोपहर में हुआ जब प्रिंसिपल का पीरियड था मगर प्रिंसिपल की अनुपस्थिति के कारण पीरियड खाली रहा और दो बच्चों ने क्लास के अंदर प्रवेश कर बारहवीं क्लास के बच्चे की जबरदस्त पिटाई कर दी मगर विद्यालय प्रबंधन को सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद भी कोई भनक नहीं लगी जिससे यह पता चलता है कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों के प्रति कितना गंभीर है। इसी तरह पिछले वर्ष भी रामपुर बघेलान निवासी मुकेश सोनी के बच्चे के साथ ऐसी ही घटना हुई थी जिसमें बच्चों ने उसे बहुत ही बेरहमी के साथ पीटा था मगर विद्यालय प्रबंधन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बच्चों के प्रति विद्यालय प्रबंधन की यह उदासीनता जहां चिंता का विषय है वहीं बच्चो के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय के सुपुर्द करते हैं और निश्चिंत रहते हैं कि बच्चे विद्यालय में हैं उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी और आई हुई समस्या पर विद्यालय प्रबंधन बड़ी गंभीरता के साथ कदम उठाएगा मगर डी पॉल पब्लिक स्कूल प्रबंधन बच्चों के प्रति कितना गंभीर है यह इस हादसे से देखा जा सकता है। जहां पर विद्यालय के अंदर भी बच्चे सुरक्षित नहीं हैं।





### अभिभावक हुए दुर्घटना का शिकार

डी पॉल स्कूल माधवगढ़ में रामपुर बघेलान के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी जयप्रकाश सोनी के बच्चे से क्लास में शिक्षक के न होने के कारण हुई मारपीट की शिकायत को लेकर रामपुर बघेलान से माधवगढ़ जाते समय काली बाग माधवगढ़ में गाड़ी हुई दुर्घटना का शिकार बाल बाल बचे अभिभावक और छात्र।

### पीड़ित के पिता की जुबानी



पीडित बच्चे के पिता जय प्रकाश सोनी ने बताया कि हमारा बच्चा 12वीं क्लास में डी पॉल स्कूल माधवगढ़ में पढ़ता है जिससे क्लास में मारपीट की गई थी जिसकी शिकायत लेकर हम लोग डी पॉल स्कूल माधवगढ़ जा रहे थे तभी रास्ते में ही कार अनबैलेंस हो जाने कारण गाड़ी पटरी से उतर गई और पलट गई लेकिन ऊपर वाले की कृपा से हम सब सुरक्षित बच गए। फिर हम लोग डी पॉल स्कूल पहुंचे जिसमें जानकारी मिली कि प्रिंसिपल साहब का पीरियड था और वह पीरियड से नदारत थे उसी वक्त 12वीं और नवमी के दो बच्चों ने हमारे बच्चे के साथ काफी मारपीट की और आंखों में समस्या होने के कारण हाई पावर के चश्मे को भी तोड़कर फेंक दिया मगर विद्यालय प्रबंधन ने इस घटना को संज्ञान में नहीं लिया जिस कारण हमें विद्यालय शिकायत करने आना पड़ा।

*प्राईवेट विद्यालय के अंदर बच्चो के साथ होने वाली मारपीट का मामला विद्यालय प्रबंधन का है यदि हमारे पास कोई शिकायत आती है तो उस पर कार्यवाही करेंगें।*

*टीपी सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सतना*



# भू-अर्जन के प्रभारी अधिकारी को कलेक्टर ने थमाई नोटिस

### कहा 5 वर्ष से अधिक समय का कोई राजस्व प्रकरण नहीं रहे लंबित



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि 5 वर्ष से अधिक समय का कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। पांच वर्ष से अधिक समय के सर्वाधिक 18 राजस्व प्रकरण भू-अर्जन शाखा में पाये जाने पर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से फार्मर रजिस्ट्री में बेहतर काम के बावजूद भी कतिपय पटवारियों द्वारा शून्य प्रगति दर्शाई गई है। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री में शून्य प्रगति लाने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज और निराकृत प्रकरणों की राजस्व न्यायालयवार समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, आरएन खरे, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सुधीर बेक, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख एमएल तिवारी भी उपस्थित रहे।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन सहित राजस्व प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा की। आरसीएमएस पर चालू माह में 3705 प्रकरण सहित अब तक कुल 20163 राजस्व प्रकरण पंजीकृत किये गये है। जिनमें से चालू माह में सहित अब तक 4635 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिनका प्रतिशत 23 रहा। निराकरण के लिए 15520 प्रकरण शेष पाये गये। इन लंबित प्रकरणों में 5 वर्ष से अधिक समय के 44 प्रकरण पाये गये। जिनमें सर्वाधिक 18 प्रकरण भू-अर्जन शाखा के रहे। बंटवारा में अब तक दर्ज 1155 प्रकरणों में 300 प्रकरणों का निराकरण, नामांतरण में कुल 5830 प्रकरणों में 2103 और सीमांकन के कुल दर्ज 2032 प्रकरणों में 421 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि रैकिंग में जिला 35वें पायदान पर है। प्रकरणों के निराकरण की गति और संख्या बढाकर बेहतर रैकिंग पर लाये। सुनिश्चित करें कि एक भी राजस्व प्रकरण 5 वर्ष से ऊपर की अवधि का लंबित नहीं रहे। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जिले में बेहतर कार्य हुआ है। फार्मर रजिस्ट्री का मार्च माह में 48 प्रतिशत से अब तक 76.74 प्रतिशत की प्रगति लाई गई है। लेकिन अभी भी तहसीलों में शून्य प्रगति वाले पटवारियों के हल्के दिख रहे हैं।

### इन पटवारियों पर कार्यवाही की तलवार

कोटर तहसील में पटवारी अनिल तिवारी, बिरसिंहपुर में दिलीप कुमार पाण्डेय, नयागांव पटवारी राजेन्द्र मिश्रा, मझगवां संजय सिंह, रामपुर बघेलान अनिल प्रताप सिंह की प्रगति न्यूनतम और शून्य पाये जाने पर कलेक्टर ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के एसडीएम शून्य प्रगति और कमजोर प्रगति वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

### दाण्डिक कार्यवाही ही अमले में लाये

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाओं को स्वतः संज्ञान में ले और आगजनित दुर्घटनाओं पर रोक लगाने संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के साथ दंडात्मक कार्यवाही अमल में लायें। पर्यावरण सुरक्षा के लिए ग्रीन ट्रिव्यूनल के निर्देशों के अनुसार फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही है। राज्य शासन द्वारा नरवाई जलाने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रतिदिन उच्च स्तर पर इसकी समीक्षा भी की जा रही है। सहायक संचालक कृषि ने बताया कि 24 अप्रैल को सतना एवं मैहर जिले में सेटेलाइट मानीटरिंग की रिपोर्ट के अनुसार कुल 60 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। कलेक्टर ने कहा कि अनुविभाग रघुराजनगर ग्रामीण को छोडकर अन्य किसी अनुविभाग से नरवाई जलाने पर कार्यवाही प्रकाश में नहीं आई है। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग के एसएडीओ संबंधित एसडीएम के संज्ञान में लाकर कार्यवाही कराये। संबंधित क्षेत्र में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं का स्थल पंचनामा तैयार कर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित कर दण्डात्मक कार्यवाही कराये।

# मैहर एसपी ने पुलिस जवानों की ली जनरल परेड



**जागरण सतना।** पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ ए अनुशासित एवं कर्तव्य के प्रति तत्पर बनाए रखने के उद्देश्य से मैहर एसपी सुधीर कुमार अगवाल द्वारा पुलिस फोर्स को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को परेड कराई जाती है साथ ही परेड के माध्यम से अधिकारियों कर्मचारियों के टर्नआउट की भी समीक्षा की जाती है। 25 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के द्वारा पुलिस जवानों की जनरल परेड ली गई। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छे टर्नआउट वाले अधिकारी कर्मचारी की प्रशंसा कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया एवं जिनके टर्नआउट में कमीं थी उन्हे सुधार के लिए समझाईश दी गई। परेड का संचालन सूबेदार नृपेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। परेड में नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी अभिषेक सिंह परिहार महेंद्र मिश्रा विजय सिंह परस्ते पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन एव विभिन्न थानों का बल उपस्थित रहा।

## 22 शराब तस्करों के कब्जे से पुलिस ने जब्त की 76 लीटर अवैध शराब, आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

**जागरण सतना।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपियों के विरूद्ध मैहर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर जहां शराब की जप्ती बनाई जा रही है वहीं आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण भी पंजीबद्ध किये जा रहे है। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के द्वारा मैहर नगर में शराब बंदी एव जिले में अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए 06 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही अवैध शराब बिक्री की सूचना देने हेतू हेल्प लाईन नंबर जारी करते हुए मैहर के नागरिकों से पुलिस की इस मुहीम से जुडने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को भी मैहर नगर में शराब बंदी आदेश का सख्ती से पालन करवाने एवम जिले में अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं निर्देश के पालन में पुलिस के द्वारा दिनांक 24 अप्रैल को 22 शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 76 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। जप्त शराब में 25 ली कच्ची 09 ली गोवा एव 42 ली देशी प्लेन शराब शामिल है।

## हड़ताल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल अपने कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश

**जागरण सतना।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (एनएचएम) के आव्हान पर सतना जिले के अधिकांश संविदा अधिकारी-कर्मचारी 22 अप्रैल 2025 से अनिश्चितकालीन हडताल पर है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा जारी संविदा मानव संसाधन मैनुअल 2025 में दिये प्रावधान के अनुसार संविदा कर्मचारियों का कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है तथा हडताल में शामिल होने वाले समस्त अधिकारी-कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने हडताल में शामिल होने वाले समस्त अधिकारी-कर्मचारी तत्काल अपने कार्य पर उपस्थित हों, अन्यथा की स्थिति में वर्णित निर्देशों के तहत किसी भी प्रकार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## हड़ताली कर्मचारियों ने एनएचएम के पत्र की जलाई होली




**जागरण सतना।** राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन द्वारा लेटर भेज कर हड़ताल करने वाले कर्मचारी को अनुशासनात्मक कारवाही करने हेतु आदेशित किया गया। लेकिन कर्मचारी द्वारा लेटर को मान्य ना करते हुए लेटर की होली जलाया गया। 25 अप्रैल को सभी एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल का चौथा दिन रहा 25 अप्रैल को सतना जिले में पीएमएसएमए का आयोजन किया गया जिसमें समस्त गर्भवती महिलाओं को एएनसी चेकअप किया जाना है लेकिन सभी एनएचएम कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के कारण कई गर्भवती महिलाओं को बिना चेकअप के वापस जाना पड़ा और शुक्रवार को टीकाकरण का दिन भी था जिसमें कई बच्चे को टीकाकरण नहीं हुआ कई बच्चे और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित रह गई गई।

## बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता दल गठित

**सतना।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह होने के संभावना अधिक रहती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले को बाल विवाह रहित रखने एवं बाल विवाह की सूचना पर कार्यवाही करने सभी अनुविभागों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13 के तहत उड़नदस्ता दल गठित किया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित उड़नदस्ता दल में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), सीईओ जनपद पंचायत, खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी/बीआरसी एवं परियोजना अधिकारी बाल विकास को सदस्य नियुक्त किया गया है।

Give Your Child The Winning Edge!! Aff.-No. 1031436
ADMISSION OPEN 2025-26
Under the Aegis of Anupama Education Society Estd. 1990
Anupama IRIS International
Affiliated to CBSE
Nursery to Xth
DAY BOARDING & DAY SCHOLAR
8640025252, 9765187919, 9425362071
Near Kothi Toll Plaza, SH-11, Kothi Road, SATNA (M.P.) 485001 irisinternational123@gmail.com, www.anupamairisinternational.in

भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
26 अप्रैल 2025, शनिवार | समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
• लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। • लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज में असामान्य बदलाव होना। • खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। • शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। • शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। • शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। • शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कडापन महसूस होना। • शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

हमारी सेवाएं :-
• घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण।
• कमर दर्द / साइएटिका का दर्द।
• दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी।
• बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं।
• गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज।
• फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
मिलने का समय :- प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोप. 02 बजे तक एवं सायं 04 बजे से 06 बजे तक
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
असुविधा से बचने हेतु पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराएं
मो.: 9399312433, 9981287311

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com